दैनिक

# केसरिया हिन्दुस्तान

MPHIN/2021/82530

समूह संपादक रविन्द्र सिंह पवैया


खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक

वर्षः 3 : अंकः 349 ग्वालियर, संस्करण शुक्रवार 26 जुलाई 2024 पृष्ठः 8+4 मूल्यः 2 रुपए


## भोपाल में रामनिवास रावत (वन एवं पर्यावरण मंत्री) से भितरवार विधायक एव जनसेवक मोहन उल्फत सिंह राठौड़ ने मुलाकात

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी
7354490175 भितरवार रिपोर्ट

कर ग्वालियर जिले में निवास रत आदिवासी एवं गरीब लोगों को सरकार द्वारा दिए गए पट्टे तथा बना अधिकार और भूमि अधिकार और स्वामित्व के द्वारा सन 2006 से खेती कर अपना जीवन यापन और परिवार का पेट पालने वाले गरीब लोगों को वन विभाग की मनमानी से बेदखल करने वाले वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारी की समस्या को लेकर मुलाकात की तथा दिनांक 05/07/2024 को विधानसभा प्रश्न के माध्यम से मंत्री कैलाश विजयवर्गी द्वारा सदन में दिए गए आश्वासन के समर्थन में आदिवासियों को बेदखल करने के सबूत के सहित दस्तावेज , फोटोग्राफ,वन मंत्री को प्रस्तुत किए, मंत्री रामनिवास रावत द्वारा शीघ्र ही आदिवासियों को न्याय दिलाने और मुख्यमंत्री डॉ,मोहन यादव की सरकार के फैसलों और भारतीय जनता पार्टी की जन हितैषी नीतियों के अनुरूप दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने और आदिवासियों को पुनः सम्मान स्थापित करने की मांग को लेकर मोहन सिंह राठौर ने मुलाकात की एव माननीय मंत्री जी ने न्याय दिलाने व्यापक स्तर पर जांच करने दोसी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



## जो व्यक्ति अपने जीवन को मानवता की सेवा में समर्पित कर दे वही सच्चा सेवक हैः घनश्याम शास्त्री जी

**दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान**

ग्वालियर। हर माँ बाप को अपने बच्चों को सीखाना चाहिए कि



वह अपने बड़ो का सम्मान करें। गुरु, राजा, माता- पिता के अनुमति के बाद ही मनुष्य को अपना आसान ग्रहण करना चाहिए। जो भी मनुष्य अपने से श्रेष्ठ पुरुषो के सामने आसान पर ऊपर बैठते है उनको जीवन में काफी दुःखों का सामना करना पड़ता है। भगवान राम की हर धर्म में पूजा होनी चाहिए।

ग्वालियर मुरार ग्राम पंचम पुरा उटीला काली माता मंदिर पर चल रही नौ दिवसीय संगीतमय श्री देवी भागवत कथा महापुराण कथा के छटवे दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं.घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने बताया कि हर सनातनी को अपने धर्म की रक्षा करनी चाहिए। आज कुछ लोग सत्ता की कुर्सी पाने के लिए समाज को बांटने की खतरनाक कोशिश कर रहे है जो कि समाज के लिए काफी हानिकारक है। हर भारतीय युवा को भारत का इतिहास पड़ना चाहिए। मनुष्य को अपने जीवन में जातियों में नहीं बांटना चाहिए।

**जो व्यक्ति अपने जीवन को मानवता की सेवा में समर्पित कर दे, वही सच्चा सेवक है-** मनुष्य का एक ही कर्म व धर्म है और वह है मानवता। हम इस दुनिया में इंसान बनकर आए हैं तो सिर्फ इसलिए कि हम मानव सेवा कर सकें।भगवान बार-बार धर्म की रक्षा करने के लिए धरती पर आते है तो मनुष्य को भी अपने धर्म की रक्षा करनी चाहि। इस अवसर पर मुकेश बाबा एवम समस्त ग्राम वासियों ने देवी भागवत महापुराण की।

**नक्शा दुरस्ती का काम पूरी गंभीरता से करें -अंजू अरुण कुमार**

## अपर कलेक्टर ने तहसील न्यायालय भितरवार का किया निरीक्षण दिए निर्देश

## राजस्व महाअभियान के तहत समय-सीमा में करें प्रकरणों का निराकरण

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी**
**7354490175 भितरवार रिपोर्ट**

भितरवार/ नक्शा दुरस्ती का काम पूरी गंभीरता से और समय-सीमा में करें। राजस्व प्रकरणों की पंजी सुव्यवस्थित ढंग से संधारित की जाए। साथ ही आरसीएमएस (रेवेन्यू केस मैनेजमेंट सिस्टम) में हर राजस्व प्रकरण की पेशी की तिथि लगातार अपडेट की जाए। इस आशय के निर्देश अपर कलेक्टर अंजू अरुण कुमार ने बुधवार को तहसील न्यायालय भितरवार के निरीक्षण के दौरान दिए। जानकारी के अनुसार अपर कलेक्ट अंजू अरुण ने राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत किए जा रहे प्रकरणों के निराकरण की वस्तुस्थिति जानने के उद्देश्य से तहसील कार्यालय भितरवार का बुधवार को निरीक्षण करने पहुँचीं। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राकेश वर्मा , तहसीलदार धीरज परिहार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व महाअभियान के तहत गांव-गांव में मुनादी कराकर बी-1 का वाचन कराएं, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणजन



अभियान का लाभ उठाकर अपने राजस्व संबंधी काम करा सकें। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि के शेष हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने पर भी विशेष बल दिया। साथ ही निर्देश दिए कि सभी राजस्व अधिकारी अपने रीडर की अलमारी नियमित रूप से चैक करें और मदवार प्रकरणों को व्यवस्थित कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी पटवारी अपने मुख्यालय व प्रभार वाले गांवों में मौजूद रहकर सरकार की मंशा के अनुरूप राजस्व महाअभियान के तहत आम जन की समस्याओं का निराकरण करें। नामांकन, बटवारा व सीमांकन प्रकरणों का प्रमुखता से निराकरण करने के निर्देश दिए। ए डी एम ने कहा कि जो प्रकरण समय-सीमा पार कर चुके हैं उनका निराकरण अभियान बतौर अगले 15 दिवस के भीतर हर हाल में किया जाए। किसी भी तरह की कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**अपर कलेक्टर की आने की खबर लगते ही दर्जनों हितग्राही पहुंचे मिलने**-भितरवार में बुधवार को राजस्व महा अभियान के तहत तहसील का निरीक्षण करने आई अपर कलेक्टर अंजू अरुण कुमार कि खबर जैसे ही तहसील से संबंधित सीमांकन, नामांकन, बटवारा , आर ए पटवारी से परेशान हितग्राहियों को लगी तो बड़ी मात्रा में हितग्राही अपर कलेक्टर से शिकायत करने आ पहुंचे जहां इटकारियों ने पटवारी आर आई से लेकर तहसील में पदस्थ बाबुओं तक की शिकायत की हितग्राहियों ने कहा कि मैडम पटवारी से लेकर बाबुओं तक बिना पैसे के काम नहीं होता पैसे देने के बाद भी महीनो हम लोगों से चक्कर कटवाए जाते हैं हमारा काम पैसे देने के बाद भी समय सीमा में नहीं किया जाता यह शिकायत सुन अपर कलेक्टर ने तहसीलदार धीरज परिहार तहसीलदार राकेश वर्मा को सख्त लहजे में कहा कि कोई भी हितग्राही परेशान ना हो और जिस जिस ने भी हितग्राहियों से पैसे लिए हैं उनकी जांच कर मुझे अवगत कराए

## क्रिया आधारित शिक्षण से छात्रों का समग्र विकास सम्भवः शिरोमणि दुबे

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह । विद्यालय में प्रांतीय प्रादेशिक सचिव श्रीमान शिरोमणि जी दुबे एवं श्री मुकुट बिहारी जी शर्मा (विभाग समन्वयक विभाग ग्वालियर) का एक दिवसीय प्रवास पर आगमन हुआ। जिसमें वन्दना सत्र में भैया बहिनों के बीच उपस्थित रहकर उनका दिशा बोध कराया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि क्रिया आधारित शिक्षण से ही छात्रों का समग्र विकास संभव है। और हमें अपने आपको लवकुश, ध्रुव, प्रह्लाद जैसा बनाना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य श्री राधावल्लभ जी शर्मा ने रोली चन्दन से तिलक व श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रवास



के दौरान उन्होंने कक्षा कक्षों का भ्रमण कर शिक्षण व्यवस्था का अवलोकन किया। नवीन प्रवेश की संख्या वृद्धि एवं शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि पर आचार्य दीदियों से विस्तृत चर्चा की। आगे के क्रम में शिशु वाटिका भ्रमण, तरण ताल उद्घाटन, पौधा रोपण एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ संवाद कर विद्यालय विकास की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा कर आगामी कार्ययोजना हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया । एवं विभाग समन्वयक जी ने संख्या बृद्धि पर आचार्यों परिवार से चर्चा की एवं अपने व्यक्तिगत लक्ष्य को 31 जुलाई तक समय सीमा में पूर्ण करने की योजना बनायेंगे और शिक्षण को क्रिया आधारित बना कर गुणवत्ता लाने के लिए प्रेरित करने के लिऐ कहा।

## लहार शासकीय महाविद्यालय पर एसडीएम ने सूचना मिलने पर भेजी टीम,बने नकल प्रकरण

### कॉलेज में दैनिक भास्कर.. एवं ऑर्गेनिक फार्मिंग के छात्र सामूहिक नकल करते पकड़े, केंद्र अध्यक्ष की मिली भगत से चल रही थी नकल

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर**
**संतोष सिंह चौहान**
**मो,8889486368**

लहार। गुरुवार को अनुविभागीय दंडाधिकारी को सूचना प्राप्त हुई कि कॉलेज में केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों व अन्य कर्मचारियों के द्वारा मिली भगत से सामूहिक नकल करवाई जा रही है जैसे ही सूचना प्राप्त हुई एसडीएम ने तत्काल नायव तहसीलदार जगन कुशवाहा को निर्देशित किया नयाव तहसीलदार जगन कुशवाहा जब कॉलेज में पहुंचे तो उन्होंने परीक्षार्थियों की चेकिंग की जिसमें चार परीक्षार्थियों के पास में मौके पर ही मोबाइल बरामद हुए जिन्हें तत्काल जप्त कर सभी चारों विद्यार्थियों जिनमें आशुतोष राजावत बीए प्रथम वर्ष, राजीव राजावत बीएससी प्रथम वर्ष, उपेंद्र बीएससी प्रथम वर्ष, सूर्यांश चौरसिया बीएससी प्रथम वर्ष चारों जैविक खेती के स्टूडेंट थे नायब तहसीलदार जगन कुशवाहा के द्वारा मौके



पर पहुंचकर सभी नकलची परीक्षार्थियों के मोबाइल जप्त कर दिए गए एवं नकल प्रकरण बनाकर नियम अनुसार कार्यवाही करने के लिए परीक्षा केंद्र प्रभारी को दिए

**वायरल वीडियो में भी सामूहिक नकल कराई जाने की पुष्टि हो रही है**-महत्वपूर्ण तथ्य है कि विगत दिनों में राजस्व अधिकारियों के द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए शासकीय कॉलेज लहार एवं दबोह हाई स्कूल में कॉलेज की परीक्षाओं में कॉलेज स्टाफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा सामूहिक नकल करते हुए प्रकरण बनवाए गए थे जिनमें भोपाल से कार्रवाई करते हुए केंद्र प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था परंतु उसके बाद भी जिम्मेदारों की लापरवाही लगातार इस और इशारा कर रही है कि यह एक संगठित अपराध है

**केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों को निलंबित करने हेतु कलेक्टर को लिखा पत्र**-मामले पर कार्यवाही करते हुए एसडीएम लहार ने तत्काल उक्त घटना से कलेक्टर भिंड को अवगत कराया साथ ही लापरवाह एवं अकर्मण्य केंद्र अध्यक्ष दिनेश सिंह चौहान एवं नकल कक्षाओं में ड्यूटी रत पर्यवेक्षकों श्रीमती सुनीता चौहान, डॉक्टर मानसिंह, संतराम कुशवाहा, अमित गुप्ता एवं असगर पठान को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के लिए पत्र भी कलेक्टर को लिखा।

## बीमारियों से दूर रहना है तो अपने आप को स्वच्छ रखना है एवं आसपास के लोगों को भी स्वच्छता का संदेश देना हैः बीके रेखा बहन



**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

पोरसा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पोरसा के मुख्य सेवा केंद्र के द्वारा आज गांव गांव में स्वच्छता को लेकर अभियान चलाया गया है जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित बीके रेखा बहन ने कहां है अगर नारी शक्ति कदम से कदम मिलाकर सच्चाई और सफाई को अपने दिल में बसा कर अपने क्षेत्र में स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करने में मदद करें तो नारी वह शक्ति है कि जिसकी बात को हर व्यक्ति को स्वीकार करना ही होगा नारी के अंदर प्रेम के साथ समय-समय पर गंभीरता भी होती है और जहां प्रेम और गंभीरता का बैलेंस होता है वहां नारी शक्ति की बात को कोई भी टाल नहीं सकता बीके रेखा बहन ने सभी मातृशक्ति से निवेदन करते हुए कहा है की हर किसी को आप स्वच्छता के लिए अवश्य ही जागरूक करें सिर्फ अपने घर को ही हमें स्वच्छ नहीं बनाना है जहां हम लोगों के संपर्क में आते हैं उन सबको हमें यह बताना है की सफाई को अपना ने से हमारे जीवन में क्या-क्या फायदे होते हैं आपको बता दे की रेखा बहन ने अपने उद्बोधन में बताया है कि हम सब मिलकर अगर यह कार्य करें तो सफलता दूर नहीं है हम लोगों को यह बताएं घर-घर जाकर संदेश दे कि भारत हमारा देश जिसको हम सोने की चिड़िया कहा करते थे अगर हम इतिहास की तरफ मुड़कर देखें तो वाकई में हमारा भारत देश सोने की चिड़िया ही था वहां सच्चाई थी सफाई थी और इस सच्चाई और सफाई को हमें अपने क्षेत्र से लेकर पूरे भारतवर्ष में यह संदेश पहुंचाना है कि हमें अपने भारत देश को स्वच्छ रखना है हम स्वच्छता की बात करते समय या लोगों को बताते समय यह अवश्य ही ध्यान रखें की शुरुआत हमको खुद से और खुद के घर से खुद के शहर से खुद के क्षेत्र से करनी होगी तभी जनता तक हमारी आवाज पहुंच सकेगी हम अपनी गलियों को साफ रखें एक दूसरे के घर के सामने कचरा इकट्ठा ना करें नगर पालिका के सहयोग से स्वच्छता का झंडा हर गली मोहल्ले और नगर में फहराएं क्योंकि जहां स्वच्छता होती है वहां भगवान स्वयं निवास करते हैं, जहां स्वच्छता होती है वहां निरोगी काया, होती है जहां स्वच्छता होती है वहां बीमारियां दूर भागती है, जहां स्वच्छता होती है वहां सकारात्मक ऊर्जा स्वयं के अंदर जागृत होती है, आप सभी दृढ़ संकल्प कर लें कि हम सबको चारों दिशाओं में एक ही आवाज में सबको जगाना है कि अभी नहीं तो कभी नहीं इसलिए अब करेंगे ऐसा अपने मन में संकल्प कर लें मुख्य रूप से उपस्थित रही बीना तोमर, उषा गुप्ता, वंदना गुप्ता, रेशम कली ओझा, सत्यवती पुरन ओझा, आरती सचिन अग्रवाल, ब्रजकिशोर तोमर, विनोद तोमर, सूरज तोमर, जसवंत तोमर, मंसाराम जाटव ,अरुण तोमर, चिंटू तोमर, रमाशंकर गुप्ता, जसराम गुप्ता केशव गुप्ता, राम शाह ओझा, बीके सुभाष, बीके लक्ष्मी, मंजू गुप्ता कमल तोमर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल और अशोक हॉल का बदला नाम

राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदल दिया गया है. अब से दरबार हॉल को गणतंत्र मंडप और अशोक हॉल को अशोक मंडप के तौर पर जाना जाएगा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नाम में हुए बदलाव पर खुशी जाहिर की है. राष्टपति भवन की तरफ से गुरुवार (24 जुलाई) को जारी एक प्रेस रिलीज में इसकी जानकारी दी गई है. हाल के समय में कई प्रमुख इमारतों और सड़कों के नाम भी बदले गए हैंराष्टपति भवन ने बयान जारी करते हुए कहा, राष्टपति भवन, भारत के राष्टपति का कार्यालय और निवास, राष्ट का प्रतीक और लोगों की अमूल्य विरासत है. इसे लोगों के लिए



अधिक सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. राष्टपति भवन के माहौल को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और लोकाचारों को प्रतिबिंबित करने वाला बनाने का लगातार प्रयास किया गया है. बयान में आगे कहा गया, राष्टपति द्रौपदी मुर्मू राष्टपति भवन के दो महत्वपूर्ण हॉलों दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप रखने पर प्रसन्न हैं. दरबार हॉल में राष्टीय पुरस्कारों के प्रेजेंटेशन जैसे महत्वपूर्ण समारोहों और कार्यक्रमों का आयोजन होता है. दरबार शब्द का जुड़ाव भारतीय शासकों और अंग्रेजों की अदालतों और सभाओं से है, जहां वे अपने कार्यक्रम आयोजित करते थे. प्रेस रिलीज में कहा गया कि भारत के गणतंत्र बनने के बाद इसकी प्रासंगिकता खत्म हो गई. गणतंत्र की अवधारणा प्राचीन काल से भारतीय समाज में गहराई से निहित है, इसलिए दरबार हॉल का गणतंत्र मंडप नाम बिल्कुल उपयुक्त है. बयान में कहा गया, अशोक हॉल मूल रूप से एक बॉलरूम था. शोकशब्द का अर्थ है वह व्यक्ति जो सभी दुखों से मुक्त हो या किसी भी दुख से रहित हो. साथ ही, अशोक सम्राट अशोक को संदर्भित करता है, जो एकता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का प्रतीक है. भारत गणराज्य का राष्टीय प्रतीक सारनाथ से अशोक का सिंह सिर ह

# वन मंडल बलरामपुर के राजपूर रेंज के वन भुमि से वन विभाग ने हटवाया अवैद्य अतिक्रमण, वन मंडल बलरामपुर की की निरंतर सफल कार्यवाही

**(संभागीय ब्यूरो । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

बलरामपुर। वन मंडल बलरामपुर अंतर्गत वन परिक्षेत्रों में वन संरक्षण पर गंभीरता बरतते हुए वन विभाग ने मानों कोई मुहिम छेड़ दी है, जहां वन मंडलाधिकारी अशोक तिवारी के पदस्थ होते ही वन भूमि पर कब्जा करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। कुछ दिनों पुर्व ही वन मंडल बलरामपुर के वन परिक्षेत्र रामानुजगंज के आरागाही बीट में 20 हेक्टेयर वन भूमि पर



ग्रामीणों द्वारा निरंतर अतिक्रमण किया जा रहा था, जिस पर वन विभाग द्वारा सखूत कार्यवाही को अंजाम दिया गया और अवैद्य अतिक्रमण को हटा कर सफलतापूर्वक पौधारोपण किया गया।मात्र कुछ ही दिनों के भीतर ही बिल्कुल ऐसी ही सफल कार्यवाही वन परिक्षेत्र राजपुर में देखी गई। मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र राजपूर के अंतर्गत भेस्की में 10 एकड़ वन भूमि पर शिवप्रसाद, मोती राम, लोहरा व रामनाथ के द्वारा कब्जा किया गया था। जिसकी सूचना वनकर्मियों ने वन मंडलाधिकारी अशोक तिवारी को दी। वन मंडलाधिकारी के निर्देश पर

# जनसमस्याओं के समाधान हेतु को आयुक्त ने की बैठक

**बांदा**



आयुक्त महोदय चित्रकूट धाम मंडल बाँदा श्री बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में निवेशकों की समस्याओं के समाधान हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उद्योग विभाग से संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री वीरेंद्र कुमार, उपयुक्त उद्योग श्री गुरुदेव तथा बाँदा के उद्यमी उपस्थित रहे, साथ ही अन्य जिलों से जैसे चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर से संबंधित अधिकारी, उद्यमी मित्र, एवं निवेशक वर्चुअल रूप से जुड़े रहे।बैठक में आयुक्त ने उद्योग स्थापित करने हेतु निवेशकों की समस्याओं को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए द्य निवेशकों की बैंक ऋण संबंधित समस्याओं तथा कुछ निवेशकों की धारा 80 की लंबित मामलों को तत्काल प्रभाव से संज्ञान में लेकर शीघ्र कार्रवाई के जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान बीडीए के द्वारा पेट्रोल पंप के लगाने के संबंध में कार्रवाई मैं विलंब करने के मामले पर बीडीए के ए ई पर नाराजगी जताई गई तथा समस्त निवेशकों को बैठक में उपस्थित कराए जाने के निर्देश दिये बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग ने निवेशको

# जिला झेरिया सेन समाज के पदाधिकारीयों ने मां के नाम लगाए पौधे



**केसरिया हिन्दुस्तान कांकेर (दुधावा) जिला ब्यूरो दीनदयाल साहू**

श्री श्री 1008 संत शिरोमणि सेन जी महाराज की आसींम कृपा से जिला झेरिया सेन समाज के पदाधिकारीयों के द्वारा कांकेर जिला विकासखंड चारामा अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरी में देश के यशस्वी लोकप्रिय मिलनसार व्यक्तित्व के धनी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के एक पेड़ मां के नाम का अभियान का शुभारंभ 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया जिसके चलते मंगलवार को सेन समाज के द्वारा नवनिर्माण सेन भवन प्रांगण में फलदार एवं छायादार वृक्ष रोपण कर संरक्षण करने का संकल्प लिया गया एक वृक्ष सो पुत्र के समान होते हैं इस बात को आत्मसात करते हुए सेन समाज के पदाधिकारी ने अपने-अपने वंतव्य मे पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताते हुए कहा हम अपनी मां का ख्याल रखते हैं इस तरह इन पौधों को भी हमें ख्याल रखना होगा साथ में संरक्षण भी करना हमारी जिम्मेदारी होगी पौधारोपण कार्यक्रम में श्रीमती राधा ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत पूरी, पीमन कौशिक राधे कौशिक जयंती कौशिक प्रभु लाल कौशिक रुखम सेन रिखी राम सेन डोमन लाल कौ

# सुन्नी जामा मस्जिद हांफिया गौसिया मनेंद्रगढ़ द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया, मुख्य अतिथि एसडीएम मनेंद्रगढ़ लिंगराज सिदार, वन विभाग के मनेंद्रगढ़ एसडीओ लक्ष्मी नारायण ठाकुर वन परिक्षेत्र बिहारपुर रेंजर लवकुश पांडे रहे मौजूद

**संभागीय ब्यूरो सरगुजा (दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

मनेन्द्रगढ । एमसीबी जिला मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत चनवारीडाड के नाला पार में ईदगाह जमीन पर मुस्लिम समाज द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।प्राप्त जानकारी अनुसार सुन्नी जामा मस्जिद हांफिया गौसिया मनेंद्रगढ़ की कमेटी द्वारा ईदगाह की प्रस्तावित जमीन पर सुन्नी जामा मस्जिद सदर नौशाद अंसारी के नेतृत्व में नाला पार पर आवाम



द्वारा वृक्षारोपण कार्य किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मनेंद्रगढ़ एसडीएम एवं वन मंडल मनेंद्रगढ़ के एसडीओ वन परिक्षेत्र बिहारपुर रेंजर लवकुश पांडे मौजूद रहे । मनेन्द्रगढ एसडीएम द्वारा वृक्षारोपण कर संदेश दिया गया की हमारे जीवन में पेड़ों की बहुत आवश्यकता है जिससे हम अपने आसपास वातावरण को शुद्ध कर सकते हैं जिससे अनेक फायदे है सभी को हर साल एक पेड़ लगाना चाहिए जिससे गांव शहर का वातावरण सही बना रहे हैं।वन मंडल मनेंद्रगढ़ के

# रामगोपाल सिंह यादव के करीबी जुगेंद्र सिंह यादव के परिवार पर लगा एसटीएफ का ग्रहण

**केसरिया हिंदुस्तान मोहित यादव लव**

## एसटीएफ ने पच्चीस हजार का इनामिया किया गिरफ्तार



एटा जनपद रामगोपाल सिंह यादव के करीबी बाहुबली कहे जाने वाले जुगेंद्र सिंह यादव पुत्र लाला राम सिंह निवासी अमृतपुर के पुत्र पुष्पेंद्र यादव को थाना बिसरख गौतमबुद्ध नगर सेक्टर 4 से एसटीएफ ने किया गिरफ्तार आपको बताते चलें कि 2021 में सजला देवी नाम की महिला छेड़छाड़ कपड़े फाड़कर ?7000 लूटने के साथ भाई और चाचा के द्वारा महिला को अपहरण एवं छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज कराया था उसी में फरार चल रहे पुष्पेंद्र यादव को एसटीएफ पुलिस ने किया गिरफ्तार गिरफ्तार कर थाना अलीगंज लाया गया जहां पर कार्यवाही कर न्यायालय को पेश किया जाना है थाना प्रभारी अमित कुमार द्वारा बताया गया कि 294 /21 में अकबरपुर कोट के समीप एक महिला के साथ कपड़े फाड़कर सात हजार रुपए लूट लिए गए थे इस संबंध में रामनाथ यादव विक्रांत यादव विनोद यादव पुष्पेंद्र यादव पर मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें फरार चल रहे थे

# समाचार जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ जिला संवाददाता संतोष प्रधान,शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

## 06 अगस्त तक किए जा सकते है आवेदन



जांजगीर-चांपा / छत्तीसगढ़सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा) द्वारा विकासखंड बलौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत बोकरेल, झपेली, केराकछार एवं जुनाडीह में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके लिए 06 अगस्त 2024 शाम 5 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा) में आवेदन किया जा सकता है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा) से प्राप्त जानकारी अनुसार बोकरेल, झपेली, केराकछार एवं जुनाडीह में शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन किया जाना है। संबंधित ग्राम पंचायत के समस्त स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत, सेवा सहकारी समिति आदि को सूचित किया गया है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक संस्था समूह निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर

# एससी समुदाय की सीएचओ का सीएमओ पर उत्पीड़न का आरोप

**केसरिया हिंदुस्तान मोहित यादव लव**




सीएचओ भर्ती कराना सीएमओ के हाथ नही तो सेंटर से सीएचओ को वहार का रास्ता दिखाया कैसेएक महिला ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी उमेश कुमार त्रिपाठी पर लगाए गंभीर आरोप बिडियो के माध्यम से यह तक वताया कि हमारे साथ योन शोषण तक करने का प्रयास किया गया एटा- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार त्रिपाठी पर हमेशा महिलाओं के उत्पीड़न आरोप लगाते रहे है, कुछ रासूख दारो की बात मानें तो सिलाजीत की रोटी का सेवन करते हैं, डॉ साहब जिनकी पावर शक्ति वेमिशाल है, डॉ साहब अमापुर थे,तब से एटा कासगंज में उनके लिए तितलियां महकती रहती है, फिलहाल बात करें तो सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) भर्ती अपने स्तर से कर रही है, तो सीएमओ को पूरा जिला देखना है,सीएचओ को डिप्टी सीएमओ कन्ट्रोलिंग है, तो साहब आप पर महिलाओं से मित्रता के चर्चे हर गली नूक्ड़ चौराहे आदि पर सुर्खियों में रहते हैं, कुछ तो शर्म करो साहब सिलाजीत की रोटी खाने बाले भी मिट्टी में मिल गए है, आखिरकार इस मिट्टी में मिलना है,

# एड. प्रोटेक्शन एक्त लागू करने ज्ञापन सौंपा



दमोह। ,राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत के राष्ट्व्यापी अभियान के तहत मंच की दमोह इकाई के द्वारा एड. प्रोटेक्शन एक्त लागू किये जाने के संबंध में भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी एवं म.प्र. के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव के नाम से पृथक पृथक ज्ञापन दमोह कलेक्टर को प्रेषित किये गये जिसमें जिला न्यायालय से सभी अधिवक्ता जिला अध्यक्ष सुधीर पाण्डे एवं जिला प्रभारी मीनू चौरसिया के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे जहॉ पर अधिवक्ताओं ने कलेक्टर प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर ब्रजेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा एवं ज्ञापन का वाचन किया। मुख्य रूप से ज्ञापन में अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु एड. प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने की मांग अधिवक्ताओं द्वारा काफी लंबे समय से की जा रही है अधिवक्ताओं द्वारा पक्षकारो द्वारा विद्वेश वरा हमले किये जाते है जिस कारण अधिवक्ता अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है जिसके लिये अधिवक्ताओं की यह विशेष मांग पूरी करने हेतु ज्ञापन में लेख किया गया है साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

# जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़

**जिला संवाददाता संतोष प्रधान**



जांजगीर चांपा पूर्व मंत्री लोकप्रिय जन नेता स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी की 46वी पुण्यतिथि शासकीय बिसाहू दास महंत चिकित्सालय में मनाई गई जिसमें महंत जी के कनिष्ठ पुत्र श्री राजेश महंत जी पौत्र सूरज चरणदास महंत,सृजन राजेश महंत, श्रीमती श्रद्धा महंत ने स्वर्गीय महंत जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी और अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों को फल एवं ब्रेड का वितरण किया और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होने की कामना की और पार्षद नागेंद्र गुप्ता ने मरीज एवं उनके परिजनों के लिए पार्षद निधि से शीतल पेय जल के लिए वाटर कूलर प्रदत्त किया एवं शासकीय बरपाली स्कूल में छात्र छात्राओं के लिए पार्षद निधि से वाटर कूलर दिया है

# अज्ञात ट्रक ने एक गौवंश को रौंदा हुई मौत आखिरकार गोवंश को न्याय कब मिलेगा



बांदा जनपद में नहीं थम रहा गौवंशो की मौत का सिलसिला फिर हुई एक गौवंश दुर्घटना का शिकार।आपको बता दें कि यह पूरा मामला गाम पंचायत बीरा से सामने निकलकर आया है ।जहां वीती रात एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक रोड पर बैठी गौवंश को बुरी तरीके से रौंदता हुआ फरार हो गया । वहीं ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना रात लगभग 10 बजे हुई है। वही विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के तहसील अध्यक्ष प्रभंजन गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों ने सुबह 8 बजे इस घटना के संबंध में जानकारी दी। जिससे मौके पर पहुंचकर मेरे द्वारा सभी जिम्मेदारो को फोन से अवगत कराया गया । तत्काल मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील सांहू पहुंचे और मृत गौवंश का सम्मान सहित अंतिम संस्कार करवा दिया गया है।गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति जानकारी देते हुए बताया कि मंडल आयुक्त जी के द्वारा आदेश किया गया था कि 25 जुलाई 2024 तक सभी गौशाला में गोवंश संरक्षण हो जाना चाहिए लेकिन जिले में एक भी गोवंश गौशाला में संरक्षण नहीं किया गया

# जनपद में आज बाढ़ के दौरान होने वाली समस्याओं का किया गया मॉकड्रिल,

**रिपोर्ट राधेश्याम गुप्ता व्यूरो चीफ**



एडीएम बाँदा व फायर सीओ की मौजूदगी में चलाया गया मॉकड्रिल,राहत और बचाव दल ने किया आपदा के दौरान रेस्क्यू और गांव खाली कराने का अभ्यास,बाढ़ में डूबे व्यक्ति का उपचार और बचाव कार्य का किया अभ्यास,बाढ़ की चपेट में आने वाले गावो को खाली कराने का भी किया गया अभ्यास,मॉकड्रिल के दौरान फायर पुलिस कर्मियों के साथ साथ गोताखोर की टीम ने भी किया अभ्यास।

# मनरेगा मेटो ने अपनी पांच सूत्रीय मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन




**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान रोहट से रिपोर्टर चन्द्राराम भाटी की रिपोर्ट**

पाली मनरेगा मेट संघ पाली के नेतृत्व में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना अंतर्गत मनरेगा मेटो की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु व मेटो के समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं होने पर अध्यक्ष राजाराम सरगरा डूंगरपुर की अध्यक्षता में मेट यूनियन ने गुरुवार को अपनी विभिन्न मांगो पर चर्चा कर पाली में जिला मुख्यालय पर अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु व पांच सूत्रीय मांगों के लिए जिला कार्यक्रम समन्वयक सीईओ नंद किशोर राजौरा को ज्ञापन सौंपा गया। उस दौरान मनरेगा मेट संघ के प्रदेश संरक्षक रमेश सहारण, महासचिव विनोद कुमार गोदारा, मनरेगा मेट संघ पाली अध्यक्ष राजाराम सरगरा डूंगरपुर, सचिव सुमन जाट, पिस्ता, प्रकाश मेघवाल, सरवन राम, गीलाराम, भीमाराम, भानाराम, मगनाराम, सुमित्रा, पूजा, केनाराम, पीराराम, मंजू देवी, नारायण राम, प्रेम प्रकाश, महेंद्र सुखाडिया, इंदु खां, प्रेमलता, कालूराम देवासी, वर्षा देवी, आदि जिले के मेट मौजूद थे।

# पर्यावरण के संतुलन और स्वच्छता के लिए पौधारोपण

नगीना-एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत समीपवर्ती ग्राम कुंजेटा के प्राथमिक विद्यालय में बढ़ापुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। समीपवर्ती ग्राम कुंजेटा के प्राथमिक विद्यालय में बड़ापुर वन रेंज के सहयोग से आयोजित एक पेड़ मां के नाम् कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित लोगों ने वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण को स्वच्छ और वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए अधिकाधिक पौधरोपण करने पर जोर दिया। बढ़ापुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि




पौधरोपण सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक महत्व रखता है। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय कुंजेटा के परिसर में आंवला, सेब, अमरूद व नींबू आदि प्रजाति के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर ब?पुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार, ज्योति चौहान, विद्यालय की मुख्य अध्यापिका शबनम जमाल, शिक्षा संकुल प्रभारी भूपेंद्र सिंह, शिक्षिका आरती वर्मा, दीपक कुमार, अनुराग दत्तियानी, कामेंद्र सिंह, एहसन रजा व रूप सिंह आदि की उपस्थिति मुख्य रही।

# अतिथि शिक्षकों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

सीधी शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। प्राचार्य शासकीय आदर्श उ%चतर माध्यमिक विद्याल्य सर्रा, चुरहट जिल्र सीधी में अंग्रेजी विषय के लिए एक तथा विज्ञान एवं गणित विषय के लिए दो-दो अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति की जाएगी। अंग्रेजी विषय के लिए योग्यता अंग्रेजी साहित्य के साथ स्नातकोत्तरध्बीएड तथा विज्ञान व गणित विषय के लिए स्नातकोत्तरध्बीएड परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। नियुक्ति में एमएड को वरीयता दी जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024
खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक



# ग्राम पंचायत क्षेत्र कठास के उपसरपंच एक समाजसेवी प्रेम कुमार शुक्ला (रिंकू ) का जन्म दिन मनाया गया

**गोले मार्केट स्थित हनुमान जी के चरणों में माथा टेककर जन्मोत्सव मनाया**






**सीधी ब्यूरो प्रमुख**

सीधी शहर के स्थानीय गोल मार्केट के सामने हनुमान मंदिर प्रांगण में ग्राम पंचायत क्षेत्र कठास के उपसरपंच एक समाजसेवी प्रेम कुमार शुक्ला (रिंकू ) का जन्म दिन तमाम इष्ट मित्रों एवं चहेतों द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी ,खादी भंडार के संचालक सतेंद्र भईया,वेद कंप्यूटर के संचालक विनीत कुमार पाण्डेय,जुझारू एवं सदैव तत्पर मददगार व्यक्तित्व के धनी पुष्पेंद्र शुक्ला पिंकू , आशीष कुमार शुक्ला, प्रासू सिंह ,मगरू भाई,सहित तमाम समाजसेवियों ने उत्साह पूर्वक केक काटकर रिंकू जन्म दिन मनाया कार्यक्रम संपन्न होने के बाद प्रेम कुमार शुक्ला रिंकू ने पधारे हुए स्नेहीजनों का आभार व्यक्त करते हुए सदैव स्नेह और आशीर्वाद बनाए रखने का आग्रह किया ।

# अतिथि शिक्षकों की भर्ती न होने से मध्य प्रदेश के समस्त जिलों के शासकीय विद्यालयों की पढ़ाई व्यवस्था चौपट राज्य सरकार जानते हुए भी बनी अनजान -जय सिंह राजू*

**सीधी ब्यूरो प्रमुख**

*मध्य प्रदेश के सभी जिलों में वर्तमान समय में अतिथि शिक्षकों की भर्ती न करने से पूरे राज्य की शिक्षा व्यवस्था चौपट नजर आ रही है यह बातें मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश के पूर्व प्रदेश महासचिव जय सिंह राजू ने कहीं उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिले के नगर के एवम सभी तहसीलों के शंकुलो में शासकीय विद्यालयों की पढ़ाई व्यवस्था चौपट नजर आ रही है वर्तमान समय में देखा जा रहा है कि सभी शासकीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षक की भर्ती न होने से विद्यालयों में पढ़ाई नहीं हो पा रही सभी विषयो की पढ़ाई छात्र छात्राओं के भविष्य से किया जा रहा खिलवाड़ क्योंकि सभी शासकीय विद्यालयों में नियमित शिक्षक तो है नहीं कि अतिथि शिक्षकों की भर्ती किए बिना छात्र छात्राओं की पढ़ाई की व्यवस्था विद्यालयों की समुचित रूप से की जा सके ऐसे में मध्य प्रदेश सरकार को चाहिए की समस्त जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी को आदेशित किया जाना चाहिए कि जिन विषयों को पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं है तो उन विषयों के अध्यापकों की भर्ती करके छात्र छात्राओं को उन विषयों के बारे में पढ़ाया जाना चाहिए एवं राज्य के सभी जिलों में जिला शिक्षा अधिकारी को इस विषय पर संज्ञान लेने की आवश्यकता है क्योंकि आज दिनांक 25.07.2024 तक छात्र-छात्राओं के पढ़ाई का एक महीना पूरे होने जा रहा है और अभी भी अतिथि शिक्षकों की भर्ती नहीं की जा रही है और ना ही उन विषयों को पढ़ाया जा रहा है ऐसे में छात्र छात्राओं की भविष्य से खिलवाड़ किया जाना उचित नहीं है क्यों कि अतिथि शिक्षकों की भर्ती न होने से सभी शासकीय विद्यालयों की पढ़ाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट नजर आ रही है

## शाखा प्रबंधक सहित चार अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच के कलेक्टर ने दिए आदेश

सीधीकलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सीधी के शाखा प्रबंधक सहित चार अधिकारियों के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता संबंधी शिकायतों के .ष्टिगत विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। उक्त चारों प्रकरणों में एसडीएम गोपद बनास की अध्यक्षता में जांच दल गठित किए गए हैं।शाखा प्रबंधक उपेंद्र सिंह की ईओडब्ल्यू में आय से अधिक संपत्ति के प्रकरण, समिति प्रबंधक नागेंद्र सिंह के अधिकार विहीन बैंक गारंटी जारी करने, संविदा समिति प्रबंधक जितेंद्र सिंह के कमर्जी पदस्थगी के दौरान की गई अनियमितता तथा संविदा समिति प्रबंधक ओम प्रकाश पटेल द्वारा उपार्जन वर्ष 2023-24 में कई गई अनियमितता के संबंध में विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

# नगरपालिका क्षेत्र सीधी अंतर्गत समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

सीधी नगर पालिका परिषद सीधी की अध्यक्ष काजल वर्मा, उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल की पहल पर नगर पालिका परिषद सीधी क्षेत्रान्तर्गत निवासरत आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान हेतु नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा 24 घंटे हेल्पलाइन नंबर 7822299008 जारी किया गया है। किसी भी नागरिक को समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर अपनी शिकायते दर्ज करा सकते हैं। जिसके त्वरित निराकरण हेतु निकाय द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# अतिथि शिक्षकों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

सीधी शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों के लिए शासकीय आदर्श उ%चतर माध्यमिक विद्यालय सर्रा, चुरहट जिला सीधी में प्रस्ताव आमंत्रित हैं। इस संबंध में प्राचार्य पीके तिवारी ने बताया कि अंग्रेजी विषय के लिए अतिथि शिक्षक वर्ग एक के एक पद तथा अतिथि शिक्षक विज्ञान वर्ग दो एवं अतिथि शिक्षक गणित वर्ग दो के एक-एक पद के लिए प्रस्ताव आमंत्रित हैं। अंग्रेजी विषय के लिए योग्यता अंग्रेजी साहित्य के साथ स्नातकोत्तर/बीएड तथा विज्ञान व गणित विषय के लिए स्नातकोत्तर/बीएड परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। नियुक्ति में एमएड को वरीयता दी जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

# जिले में औसत वर्षा ३०८.६ मि.मी. दर्जसर्वाधिक वर्षा रामपुर नैकिन में

सीधी अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 25 जुलाई को सीधी जिले में 24.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 19.0 मि.मी., चुरहट में 18.0 मि.मी., गोपद बनास में 8.6 मि.मी., सिहावल में 74.0 मि.मी., बहरी में 2.2 मि.मी., मझौली में 38.0 मि.मी. और कुसमी में 12.0 मि.मी. वर्षा हुई है।उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 308.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 25 जुलाई तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 404.6 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील चुरहट में 263.8, गोपद बनास में 234.2, सिहावल में 338.2, बहरी में 181.6 मझौली में 373.0 मि.मी. और कुसमी में 365.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 278.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 30.5 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

युवाओं को सिविल सेवा की तैयारी की निःशुल्क मिलेगी सुविधा - कलेक्टर

# ३१ जुलाई को होगा नि :शुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ

सीधी सिविल सेवा की तैयारी के लिए सीधी के युवाओं को बाहर नहीं जाना पड़ेगा, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में 31 जुलाई 2024 को यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ किया जा रहा है। एडीएम श्री राजेश शाही ने बताया कि निःशुल्क कोचिंग क्लासेस से संबंधित सभी तैयारियां अंतिम चरण में है और रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 22 जुलाई तक लगभग 350 छात्र छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। जिसमें लगभग एक सैकड़ा ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट हैं। शेष अंडर ग्रेजुएट हैं। इसलिए प्रथम चरण में पोस्ट ग्रेजुएट और ग्रेजुएट को पढ़ने का मौका देते हुए निःशुल्क कोचिंग क्लासेस शुरू की जा रही है। कोचिंग की नोडल अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल ने बताया कि यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की निःशुल्क कोचिंग क्लासेस नगर पालिका सीधी के गायत्री काम्प्लेक्स पर 31 जुलाई को शुरू हो रही है। सहायक संचालक विष्णु योगी ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने यूपीएससी अथवा एमपीपीएससी परीक्षा का मेंस दिया है या साक्षात्कार दे चुके हैं और निःशुल्क कोचिंग क्लासेस में पढ़ाने के इ%छुक हैं, वह मोबाइल नंबर 918817562793 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज २७ जुलाई को बूझो जानों फिर देखों अपना प्रदेश

सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्.ति परिषद के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 27 जुलाई 2024 को आयोजित होगी। जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक धरोहर, सांस्.तिक विविधताओं, कला प्रा.तिक समृद्धि महापुरूषों पर्यटन महत्व की सम्भावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। एपीसी रमसा एवं पर्यटन क्विज के नोडल डॉ सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देकर बताया कि जिले के 184 विद्यालयों के चयनित प्रतिभागी की एक टीम प्रत्येक टीम में तीन छात्र शामिल होंगे। 27 जुलाई को यह प्रतियोगिता टाटा कालेज सीधी में आयोजित होगी। सुबह 9 बजे से 10 बजे तक पंजियन एवं नास्ता, लिखित परीक्षा 10 बजे से 12 बजे तक होगी इसके उपरांत, भोजन तथा मूल्यांकन कार्य पश्चात सर्वो%च अंक प्राप्त 6 विद्यालय की टीम चयनित कर मल्टीमीडिया क्विज का आयोजन 2:30 से 04:30 बजे तक किया जाएगा। पुरस्कार वितरण 04:30 से 05:30 बजे तक किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल. मिश्रा ने सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के प्राचार्यो को पत्र जारी कर अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिये है।

# कुसमी तहसील परिसर में प्रतिबंधात्मक आदेश जारीधरना, प्रदर्शन जुलूस आदि रहेंगे प्रतिबंधित

सीधी उपखण्ड मजिस्ट्रेट कुसमी रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी ने आदेश जारी कर उपखण्ड न्यायालय कुसमी, तहसील न्यायालय परिसर कुसमी को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर निषेधाज्ञा प्रसारित की है कि कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्रों के अंतर्गत किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस, आंदोलन, घेराव, नारेबाजी, मशाल का प्रदर्शन नहीं करेगा तथा वाच संगीत (ढोल, साउण्ड बाक्स, डी.जे. आदि) का उपयोग नहीं करेगा। यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था, संगठन आदेश का उल्लंघन करते हुये पाया गया तो उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।उन्होंने बताया कि तहसील कुसमी अंतर्गत व्यक्ति/व्यक्तिगण/संस्था/ राजनैतिक दल द्वारा आये दिन धरना प्रदर्शन किये जाने हेतु ज्ञापन प्रस्तुत किये जाते हैं जिससे न्यायालय में आने वाले पक्षकारों/अभिभाषकों एवं आम नागरिकों को क्षोभ या क्षति, साम्प्रदायिक, धार्मिक तथा जातिगत विद्वेश, लोक प्रशांति, विक्षुब्ध एवं शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न होने की प्रबल संभावना रहती है। नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन न हो तथा न्यायालयीन कार्य, स्वास्थ्य एवं शांति व्यवस्था का सुचारू रूप में संचालन करने के लिये, साम्प्रदायिक सद्भाव, लोक व्यवस्था बनाये रखने व कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने की .ष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।उक्त आदेश के अवहेलना करते हुये पाये जाने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के तहत कार्यवाही की जावेगी। यह निषेधाज्ञा दिनांक 25 जुलाई 2024 से आगामी 02 माह तक के लिये उपखण्ड न्यायालय कुसमी, तहसील न्यायालय परिसर कुसमी के 200 मीटर की परिधि के अंतर्गत प्रभावशील रहेगा।

# कमिश्नर रीवा संभाग ने किया उपखण्ड कार्यालय मझौली का निरीक्षण,कमिश्नर ने राजस्व महाअभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**अभियान का वास्तविक लाभ कास्तकारों को मिलना चाहिए - कमिश्नर**

सीधी राजस्व विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों के साथ-साथ सीधी जिले में भी 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने गत दिवस सीधी जिले के मझौली तहसील एवं उपखण्ड कार्यालय का निरीक्षण कर व अभिलेखों तथा प्रकरणों की जांच की। इस अवसर पर कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्री जामोद ने राजस्व महाअभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान का वास्तविक लाभ कास्तकारों को मिलना चाहिए तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति आनी चाहिए। उपखण्ड अधिकारी प्रतिदिन अभियान की समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर बी-1 का वाचन किया जाए तथा गांव में फौती नामांतरण के एक भी प्रकरण शेष नहीं रहें। कमिश्नर ने निर्देशित किया कि नक्शा तरमीम के प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। जो प्रकरण 30 जून तक निरा.त हो गए हैं उनका अभियान के दौरान अभिलेखीकरण करें। सभी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। यदि किसी न्यायालय में कोई प्रकरण बिना दर्ज किए हुए पाया जाता है तो संबंधित पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जो समय सीमा तय की गई है उसमें ही प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। पक्षकारों को समझाइश देकर बंटवारे के प्रकरण निरा.त करें। नक्शा तरमीम तथा खसरे में सुधार के प्रकरण प्राथमिकता के साथ निरा.त करें। कमिश्नर ने निर्देशित किया कि नक्शा तरमीम के प्रकरणों में जिनमें कम खातेदार हैं उनके प्रकरण प्राथमिकता से निरा.त करें। किसान सम्मान निधि के आवेदनों में ई केवाईसी तथा अन्य कमियाँ भी अभियान के दौरान दूर कराएं। अभियान के दौरान लगाए जाने वाले शिविरों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में समस्त जानकारियाँ दर्ज कराएं। स्वामित्व योजना के पात्र हितग्राहियों का चयन करके 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत भू अधिकार पत्र वितरित कराएं।उपखण्ड अधिकारी आर पी त्रिपाठी ने जानकारी दी कि उपखण्ड मझौली के सभी 53 ग्राम पंचायतों एवं नगर परिषद के 130 राजस्व ग्रामों में राजस्व महाअभियान के तहत बी-1 वाचन, आदेशित प्रकरणों को अभिलेख में दर्ज करने, लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण, अविवादित नामांतरण/बटवारा व अभिलेख दुरुस्तीकरण, नक्शा तामीम, समग्र ईकेवाईसी, समग्र खसरा लिंकिग, पीएम किसान, स्वामित्व योजना एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है।

# क्रषकों को नवीन तकनीकी के विषय में जागरूक कर नवाचारों के लिए प्रोत्साहित करें - कलेक्टर

सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में .षि, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं सहकारिता विभाग की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, उपसंचालक .षि संजय श्रीवास्तव, मत्स्य विभाग, पशुपालन, उद्यानिकी, सीसीबी, आत्मा परियोजना, विपणन संघ, .षि अभियांत्रिकी, .षि विज्ञान केंद्र के अधिकारी तथा डीआरसीएस व फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा .षि एवं आत्मा परियोजना अन्तर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति में लक्ष्यानुरूप प्रगति लाने के निर्देश देते हुए आत्मा परियोजना अंतर्गत नवाचार के रूप में गौशाला में खेती के लिए लाभदायक जीवाणुओं के उत्पादन एवं उपयोग के सुझाव दिये गये तथा सभी स्टाफ को सामूहिक प्रशिक्षण कराने के लिए निर्देशित किया गया। .षि अभियांत्रिकी को निर्देशित किया गया कि सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर के उपयोग के बारे में अधिक से अधिक किसानों को जागरूक करने का कार्यक्रम चलाया जाये। फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि को फसल बीमा का कैल्कुलेशन जिसमें किसान द्वारा भुगतान की गई प्रीमियम की राशि तथा कम्पनी द्वारा भुगतान की गई दावा राशि की जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को किसान क्रेडिट कार्ड के लक्ष्यानुसार पूर्ति करने एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का पम्पलेट के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। उद्यानिकी विभाग को क्लस्टर क्षेत्र में ऐरोमेटिक एवं मेडिशनल फसलों को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार मछली पालन विभाग को पीएमपीएसवाई योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं अमृत सरोवर में मछली बीज संचय करने के साथ-साथ मिट्टी क्षरण को रोकने हेतु प्लान्टेशन करने के निर्देश दिए गए। डीआरसीसी एवं सहकारी बैंक के अधिकारियों को कालातीत ऋणों की वसूली में आशातीत प्रगति लाने हेतु कार्ययोजना एवं कलेण्डर बनाकर आर.आर.सी की पूर्ण प्रक्रिया अपनाते हुए अभियान चलाकर ऋण वसूली करने के निर्देश दिए गए। साथ ही तैयार किए गए कार्ययोजना एवं कलेण्डर की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।



# नवागत थाना प्रभारी का मिडिया कर्मीयो ने किया स्वागत सम्मान



केसरिया हिन्दुस्तान
सुरभि व्यास

**जीरापुर ।** मंगलवार को स्थानीय पुलिस थाने में नवागत थाना प्रभारी प्रदीप गोलिया के आगमन पर स्थानीय मिडिया कर्मी शिवम गुप्ता , दीपक जायसवाल, बजरंग बैरागी, सुरभि व्यास एवं मुकेश बैरागी आदि पत्रकारो ने थाने पहुंचकर नवागत थाना प्रभारी प्रदीप गोलिया का मिठाई खिलाकर फूल मालाओं से स्वागत सम्मान करते हुए बधाई शुभकामनाए दी साथ ही सभी ने नगर क्षेत्र में बढ़ते क्राईम अपराध पर अंकुश लगाने की उम्मीद जताई गई इस दौरान सभी पत्रकार साथीयों ने थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक अजय यादव का भी फूल मालाओं से स्वागत सम्मान किया।

# लोकमान्य तिलक की जयंती मनाई



केसरिया हिंदुस्तान
सुरभि व्यास

जीरापुर. मां सरस्वती एकेडमी जीरापुर में आज शहीद क्रांतिकारी चंद्र शेखर आजाद और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर शहीदों को याद किया । बच्चो को दोनो महापुरुषों के जीवन से परिचित करवाया। प्राचार्य सुरेश कुमार सुमन ने बताया कि चंद्र शेखर आजाद छोटी सी उम्र में ही क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़ गए थे। वे काकोरी काण्ड के मुख्य सदस्य रहे। अन्य क्रांतिकारी सदस्य के साथ मिलकर हिन्दुस्थान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया। इस पर प्रकाश डालते हुए दोनो को नमन करते हुए दीप प्रज्वलित कर हर पहनाए गए। इस मौके पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

# जिला प्रेस क्लब का सम्मेलन 28 जुलाई को सिंगोली मे जिले के सभी पत्रकार होंगे शामिल

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रामपुरा से रामकरण सूर्यवंशी की रिपोर्ट**

सिंगोली।जिला प्रेस क्लब के सभी साथियों को एकता में जोड़कर रखने के लिए 28 जुलाई रविवार को जिला प्रेस क्लब (रजिस्टर्ड)का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक रविवार को सुबह 10 बजे सिंगोली स्थित सामुदायिक भवन पहुँचना जहाँ सभी पत्रकार साथियों का सम्मेलन होगा जिसमें सभी अपने अपने सुझाव रख सकते क्योंकि जिला प्रेस क्लब के द्वारा हुये सभी कार्यक्रम सफल रहे हैं और यह कार्यक्रम भी उतना सफल बनाएँ।उल्लेखनीय है कि जिला प्रेस क्लब का उद्देश्य कभी किसी साथी में आपदा-विपदा आये और उस समय भी हम एकता की मिसाल बनकर खड़े हों क्योंकि देखा जा रहा पहले पत्रकारों को पहचाने के लिए एक जगह थी जो नीमच है जहाँ हर कार्यक्रम नीमच में ही आयोजित होते रहे हैं लेकिन अब जिला प्रेस क्लब पूरे जिले का है जहाँ हर ग्रामीण अंचल के पत्रकार का सम्मान और हर कस्बे में कार्यक्रम हो ताकि वहाँ से एक पहचान जिले में बनी रहे।जब सिंगोली में 28 जुलाई रविवार का जिला प्रेस क्लब का कार्यक्रम तय हुआ तो सभी अंचल और जिले के पत्रकारों में अपार खुशियाँ देखी गई क्योंकि सिंगोली में कभी जिला प्रेस क्लब का कार्यक्रम ही नहीं हुआ।इसी तरह सभी को एक साथ मिलने का मौका मिले और आपस में चर्चा हो सके और जो बात पत्रकारों के मन में हैं उसे बताने के लिए जिला प्रेस क्लब के आयोजन में शामिल हों जिससे एकता बढती रहे और सिंगोली के बाद जिले में चौथा कार्यक्रम अगले माह अगस्त में और सितंबर में कहाँ कार्यक्रम करना वो स्थान समय तारीख सभी मिलकर तय करेंगे लेकिन फिलहाल 28 जुलाई के कार्यक्रम को सभी को सम्मिलित होकर सफल बनाना है।जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष विष्णु मीणा ने बताया कि जिन सदस्यों के प्रेस कार्ड नहीं मिले उन्हें सिंगोली कार्यक्रम में वितरण किये जायेंगे।

# नवपदस्थ कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने पदभार ग्रहण किया

**राजेंद्र खरे कटनी**

कटनी - नवपदस्थ कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने गुरूवार को अपरान्ह में कटनी जिले के कलेक्टर का पदभार ग्रहण कर लिया।भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव इससे पूर्व मंदसौर जिले में कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे। कटनी जिले के निवर्तमान कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने नवपदस्थ कलेक्टर श्री यादव को कार्यभार सौंप कर उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बताते चलें कि राज्य शासन ने निवर्तमान कलेक्टर श्री प्रसाद की पदस्थापना मंत्रालय भोपाल में उपसचिव के पद पर किया है।



श्री प्रसाद भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के अधिकारी हैं।कटनी जिले के 16 वें कलेक्टर के तौर पर कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नवपदस्थ कलेक्टर श्री यादव का प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों ने क्रमबद्ध भेंटकर स्वागत किया। नवपदस्थ कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सभी अधिकारियों का संक्षिप्त परिचय भी प्राप्त किया।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत,कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ अपर कलेक्टर श्रीमती साधना कमलकांत परस्ते, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति लिटौरिया,डिप्टी कलेक्टर द्वय श्री प्रमोद कुमार चतुर्वेदी एवं श्री विवेक गुप्ता एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बेड़यां में 21 पिस्टल के साथ 20 बैरल जब्त : सिगनूर का सिगलीकर बाइक के साथ गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान आशीष शर्मा**

बेड़िया पुलिस ने सिगनुर थाना गोगांवा के एक सिकलीगर शेरसिह उर्फ शेरा पिता सुलतानसिह (20) से 21 पिस्टल के साथ 20 बैरल जब्त कर गिरफ्तार किया। जब्त आर्म्स 4.80 लाख रुपए के बताए जाते है। बुधवार सुबह बेड़िया टीआई धर्मेन्द्र यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक लेकर मर्दलिया ब्ड़ी नहर के आगे पुलिया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति बैग लेकर खड़ा है, जिसके पास अवैध हथियार हो सकते हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी भागने लगा। उसे घेराबंदी कर पकड़ा। उसके विरुद्ध अपराध क्र 168/24 धारा 25(1) आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया। एसपी धर्मराज मीणा ने बुधवार को मामले का खुलासा किया। आरोपी का रिमांड लेकर इसके नेटवर्क और बेरल बेचने वाले आरोपी को लेकर पूछताछ की जा रही है।एसपी के मुताबिक आरंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी बैरल बाहर से मंगवाते थे और जिले के सिकलीकरो में अवैध देसी कट्टा निर्माण करने के लिए सप्लाई करते थे।




# जिला महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न हुई व सदस्यों को नियुक्ति पत्र दिये गए

**जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मो. 9424075866**

जिला महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक नवनियुक्त ज़िलाध्यक्ष मैना मारू के नेतृत्व में बस स्टैंड के पास धार ज़िला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई । बैठक में ज़िला कार्यकारणी सदस्य एवं ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित हुए । बैठक में आगामी कार्ययोजना बनाई गई एवं महिला संगठन में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाये इस विषय पर चर्चा की गई । बैठक में सभी नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों एवं ज़िला सदस्यों को नियुक्ति पत्र दिये गए नियुक्ति पत्र में श्रीमती कमला धार्वे निवासी गंधवानी व श्रीमती सोमती कुशवाह निवासी धार को उपाध्यक्ष नियुक्त किया एवं श्रीमती रामकन्या नायमा निवासी सरदारपुर व श्रीमती रानी शर्मा निवासी पीथमपुर को महामत्री नियुक्त किया, श्रीमती धापूबाई निवासी घलघाट व श्रीमती राजूबाई कलावा निवासी धुल्याखेदी को सचिव नियुक्त किया, श्रीमती पूजा राठोड निवासी बखतगढ़ को प्रवक्ता नियुक्त किया, श्रीमती मोनिका सोलंकी निवासी पीथमपुर को संगठन मत्री नियुक्त किया, श्रीमती लक्ष्मीबाई निवासी पिपल्दा को तिरला का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया, श्रीमती बसंती वर्मा निवासी धरमपुरी को धरमपुरी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया, श्रीमती आशा सूर्यवंशी निवासी धरमपुरी को धरमपुरी नगर अध्यक्ष नियुक्त किया, श्रीमती कन्निबाई अरंड निवासी गुलरिपाडा को बदनावर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया, श्रीमती सुमन गहलोत निवासी मनावर को मनावर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया, श्रीमती पोराबाई झाकड़ निवासी लुनेरा बुजुर्ग को उमरबन ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया, श्रीमती मनीषा माडलोंइ निवासी कुक्षी को कुक्षी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया, श्रीमती कमला बेरागी निवासी राजोद को सरदारपुर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया, श्रीमती तुलसीबाई निवासी बलोदा को दसई ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया, श्रीमती कीर्ति राणे निवासी गंधवानी को गंधवानी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया, श्रीमती सीमा मंडलोई निवासी गंधवानी को बांग ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया महिला कांगेस कमेटी कि बैठक धार जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मैना मारू, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शुभंगाना राजे जमानीया, प्रदेश महामंत्री लक्ष्मी जाट, जिला पंचायत सदस्य कमल धारवे, गंधवानी ब्लॉक अध्यक्ष कीर्ति राणे, उमरबन ब्लॉक अध्यक्ष पारोबाई, दसाई ब्लॉक अध्यक्ष तुलसीबाई समस्त महिला पदाधिकारी उपस्थित रही ।



**विधायक ग्रेवाल ने ग्रामीणों की माँग की पूरी**

# 25 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का होगा निर्माण, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यो मे मिलेगी सुविधा

**जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मो. 9424075866**

सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत बोला मे माही नदी तट स्थित माही माता मंदिर प्रांगण मे 25 लाख की लागत से निर्मीत होने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपुजन किया। ग्राम बोला के माही माता मंदिर प्रांगण मे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की मांग विगत कई समय से की जा रही थी माही माता मंदिर पर प्रतिवर्ष भागवत कथा का आयोजन किया जाता है एवं क्षेत्र की प्रसिध्द माही पंचकोशी पदयात्रा के दौरान भी पदयात्री माही माता मंदिर बोला पहुचते है जिसको लेकर ग्रामीणो द्वारा विधायक ग्रेवाल से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की मांग की गई थी जिस पर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने ग्रामीणो की मांग को पूरा करते हुए 25 लाख रूपये के सामुदायिक भवन की सौगात बोला मे दिलवाई है जिसका भुमिपूजन विधायक ग्रेवाल द्वारा बुधवार को किया गया। सामुदायिक भवन के निर्माण से सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो मे ग्रामीणो एवं श्रृध्दालुओ को सुविधा मिलेगी। भुमिपूजन कार्यक्रम मे सरपंच प्रतिनिधी धुलीराम भाबर, नंदराम चौधरी, लक्ष्मीनारायण मेरोता, फुलचंद रोईवाल, चुन्नीलाल टांक, राधेश्याम टांक, पदमानन्द वागडी, बंकट मेरोता, जगदीश वागडी, रामप्रसाद प्रजापत, रमेश गामड, मनोहर प्रजापत, सचिव कैलाशचन्द्र टांक, रोजगार सहायक शर्मालाल भुरिया, जीवन मारू आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे। यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।



# स्वर्गीय पुरुषोत्तम जी प्रजापति की पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण किया शाला की बालिकाओं को स्टेशनरी एवं बिस्किट का किया वितरण

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मोहम्मद जावेद जिला ब्यूरो झाबुआ**

मेघनगर! जीवन ऐसा जियो जो सदियों तक हर एक के स्मृति पटल पर याद रहे ऐसे ही नगर के हित चिंतक रहे पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी स्वर्गीय श्री पुरषोत्तम जी प्रजापति की पुण्य स्मृति दिवस पर उनके द्वारा दी गई सद प्रेरणा से परिवार के साथ मिलकर श्रमजीवी पत्रकार संघ मेघनगर एवं रोटरी क्लब अपना मेघनगर ने शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं को रोटरी क्लब अपना मेघनगर के संस्थापक भरत मिस्त्री,मांगीलाल नायक,जयंत सिंघल, अध्यक्ष महेन्द्रसोलंकी ,कांतिलाल नीमा,कुसुम सोलंकी,माया शर्मा भारतीय मजदुर संघ के जिलाध्यक्ष मोहन प्रजापति एवं अधिमान्य पत्रकार प्रकाश प्रजापति श्रम जीवी पत्रकार संघ मेघनगर के अध्यक्ष लोहित झामर,सौरभ खेमसरा,रितिक शर्मा, एडवोकेट जिया उल हक कादरी,जयेश झामर,समाजसेवी नीरज श्रीवास्तव एवं पंकज प्रजापति भाजपा नेता मुकेश मेहता द्वारा स्टेशनरी एवं बिस्कुट के पैकेट वितरण किया गया एवं विद्यालय परिसर मे पौधारोपण किया गया उक्त आयोजन मे पधारे सभी सम्मानीयजनों का आभार प्रकाश प्रजापति ने माना



# अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन पर भी लापरवाही एवम गैर इरादातन हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाए - भीलीस्थान लायन सेना ।



इंदौर - मृतक परिवार को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा,मृतक की पत्नी को आजीवन पेंशन एवम मृतक के बच्चो को आजीवन निशुल्क शिक्षा भी प्रदान किया जावे ।(मनावर निप्र) मनावर अल्ट्राट्रेक सीमेंट फैक्ट्री के इलेक्ट्रिक सोलर प्लांट में हमारे भाई जितेंद्र पिता दशरथ मंडलोई निवासी जलखा की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी , जिसमे सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही सामने आ रही है 36 दिन पूर्व 16 जून को भी एक अन्य वर्कर की मृत्यु कम्पनी की लापरवाही से हो गई थी साथ ही फैक्ट्री में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कोई पुख्ता इंतजाम नहीं थे उक्त मामले में पुलिस प्रशासन से विनती है कि अल्ट्राट्रेक सीमेंट फैक्ट्री के खिलाफ भी लापरवाही एवम गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करे क्योंकि फैक्ट्री की लापरवाही की वजह से ही हमारे भाई की जान गई है । साथ ही हमारी जिला प्रशासन यह मांग भी है कि मृतक परिवार को 1 करोड़ का मुआवजा , मृतक की पत्नी को आजीवन पेंशन ,मृतक के बच्चो को आजीवन उच्च स्तरीय स्कूलों में निशुल्क दी प्रदान की जावे एवम निर्दोष यूवाओ - छात्रो पर झूठी कार्यवाही नही करे अन्यथा संपूर्ण भील प्रदेश के साथियों के साथ भीलीस्थान लायन सेना द्वारा जनआन्दोलन किया जायेगा ।

# कोठी थाने में पदस्थ एएसआई अनिल तिवारी तथा का प्रधान आरक्षक राजेंद्र पांडेय का पोंडी थाना चौकी में तबादला होने पर दी गई भावभीनी विदाई



कोठी थाने में पदस्थ एएसआई अनिल तिवारी तथा प्रधान आरक्षक का बीते दिनों पोंडी थाना चौकी स्थान्तरित होने पर भावभीनी विदाई दी गई इस मौके पर कोठी थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने मुंह मीठा करवाया तथा साल श्री फल भेंट कर विदाई समारोह मनाया इस दौरान एएसआई अरुण पांडेय, अवधेश पयासी, नाथूराम,आशीष द्विवेदी, महेश बंसल, सुधीश अग्निहोत्री, प्रवीण तिवारी, राजपाल बागरी, पंकज कुशवाहा, रामनरेश, पुष्पेंद्र, सिंह,ओमप्रकाश मिश्रा,प्रीति शुक्ला, सहित तमाम क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने माल्यार्पण कर विदाई दी, विदाई देते हुए थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि मैं कई थानों में रहा हु लेकिन कोठी थाना जैसा स्टॉप मुझे कही नही मिला, साथ गणमान्य नागरिकों ने नम आंखों से विदाई देते हुए एएसआई अनिल तिवारी तथा प्रधान आरक्षक राजेंद्र पांडेय के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए थाना से विदा किया।

# कलेक्टर के निर्देश से निजी स्कूलों पर की गई कार्यवाही

**कमल कुमार जैन**

**मन्दसौर।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश के पश्चात शिक्षा विभाग में निजी स्कूलों पर कार्यवाही की। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि, मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2018 एवं नियम 2020 के प्रावधानों के संबंध में फीस अनुपालन करवाया। अशासकीय शालाओं का निरीक्षण किया गया। करनी इंटरनेशनल स्कूल मंदसौर एवं भारती पूजा ज्ञान मंदिर बालागुड़ा द्वारा चालू सत्र 2024-25 में 10 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि की गई है। इसके लिए किसी प्रकार की अनुमति प्राप्त नहीं की गई है। एन.एस. संघवी स्कूल मंदसौर, सैंट थॉमस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मंदसौर, दशपुर विद्याल मंदसौर, एडिफाय स्कूल मंदसौर, श्री साई पब्लिक स्कूल दलौदा, आदर्श इंग्लिश स्कूल बूढ़ा, एवं सरस्वती शिशु मंदिर नारायणगढ़, शालाओं द्वारा विगत सत्र 2023-24 अथवा पूर्व के वर्षो में (कोरोना काल के पश्चात) 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि की गई है। कृष्णा पब्लिक स्कूल कनघट्टी, रेड रोज पब्लिक स्कूल कनघट्टी, भारती पूजा ज्ञान मंदिर बालागुड़ा, बोस्टन इडलीटेरा स्कूल नापाखेडा, एवं श्री सिद्धि विनायक विद्यालय बालागुड़ा, शालाओं द्वारा कक्षा 06 एवं 07 में प्रायवेट प्रकाशकों की पुस्तकों से अध्यापन कराया जा रहा है। शेष शालाओं में कक्षा 06 से 12 में शासकीय की पुस्तकों से अध्यापन कराया जा रहा है। चित्रांश ऐकेडमी गरोठ, संस्कार वैली स्कूल गरोठ एवं शारदा कनवेंट स्कूल गरोठ शालाओं द्वारा कक्षा 09वी से 12वी तक पुस्तकों की सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है। संस्कार निकेतन स्कूल नारायणगढ़, इनकेडिबल इग्लिश स्कूल नारायणगढ़, पारस विद्या मंदिर लसुडिया राठौर, साधना विद्या मंदिर पिपलिया स्टेशन, एम.पी. पब्लिक स्कूल पिपलिया स्टेशन, एवं शिवम इंटरनेशन स्कूल नापाखेड़ा शालाओं द्वारा डी.पी.आई. पोर्टल पर अंकित शुल्क एवं वास्तविक रूप से लिये गए शुल्क में भिन्नता पाई गई है। माधव ऐकेडमी पलेवना विद्यालय द्वारा डी.पी.आई. पोर्टल पर फीस की एंट्री नहीं की गई। एस.एल.सी. निर्धारित प्रारूप में नहीं पाई गई एवं स्कॉलर पंजी में भी त्रुटियां पाई गई है। रेड रोज पब्लिक स्कूल कनघट्टी शाला का बैंक अकाउंट नहीं है एवं कैश में राशि वसूल की जाती है। बोस्टन इडलिटेरा स्कूल नापाखेड़ा शाला द्वारा डी.पी.आई. पोर्टल पर फीस की एंट्री नहीं की गई है, शाला का बैंक अकाउंट नहीं है एवं कैश में राशि वसूल की जाती है। पेरामाउंट ऐकेडमी सीतामऊ शाला की पाठ्य पुस्तक सूची में कुछ आई.एस.बी.एन. नम्बर का मिलान पोर्टल से नहीं हो रहा है। सरस्वती सेमिनरी सिनियर सेकेण्डरी स्कूल सुवासरा शाला द्वारा ऑनलाईन फीस लेने के कारण फीस रजिस्टर अद्यतन नहीं होने से फीस रसीद/चालान का मिलान नहीं हो पाया है। सूचना/शुल्क का नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शन नहीं हो पाया है। उक्त सभी विद्यालय की शासन नियमानुसार मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम, 2017 के अध्याय 05 की धारा 10 (1), 10(2) के प्रावधान अनुसार अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा तथा म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम, 2020 के नियम 9 के अंतर्गत कार्यवाही होगी।

**निजी स्कूलों के द्वारा असीमित फीस बढ़ाने सिलेबस के विपरीत पुस्तक छात्रों से खरीदवाई**

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024
खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक



## कलेक्टर के निर्देशन में खाद व दवा दुकानों का किया जा रहा औचक निरीक्षण,सक्ती ब्लॉक के वीरू कृषि केंद्र नया बाराद्वार पर की गई कार्रवाई



**धनेश्वर साहू जिला ब्यूरो चीफ शक्ति**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो द्वारा कृषि विभाग को जिले में अमानक व नकली खाद, दवा, बीज आदि की सघन जांच कर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये है। उक्त निर्देश के परिपालन में उप संचालक कृषि के नेतृत्व में निरीक्षण दल के द्वारा सक्ती ब्लाक स्थित मेसर्स वीरू कृषि केंद्र नया बाराद्वार का औचक निरीक्षण किया गया उप संचालक कृषि श्री शशांक शिंदे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकास खण्ड सक्ती के नया बाराद्वार में संचालित मेसर्स वीरु कृषि केन्द्र का औचक निरीक्षण कृषि विभाग के विकास खण्ड स्तरीय गुण नियंत्रण दल के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित फर्म संचालक के विक्रय स्थल में 17 पौध संरक्षण कालातित कीटनाशक औषधि जिसमें कुल 46.80 लीटर एवं 20.080 किलो ग्राम कालातित औषधि नियत स्थल में रख नही पाया गया एवं जॉच के दौरान कुल 07 कृषि औषधि के आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने क

## व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र धारकों के मृत्यु उपरांत फौती नामांतरण, भूमि बंटवारा, सीमांकन, त्रुटि सुधार के संबंध में बैठक आयोजित

**समाचार जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ जिला संवाददाता संतोष प्रधान**

जांजगीर-चांपा / कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता मे आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र धारकों के मृत्यु उपरांत फौती नामांतरण, भूमि बंटवारा, सीमांकन, त्रुटि सुधार के संबंध में बैठक आयोजित कि गई। अपर कलेक्टर श्री एस. पी. वैद्य, जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री गोकुल रावटे, प्रभारी



सहायक आयुक्त श्रीमती निशा नेताम म?ावी एस.डी.एम. अकलतरा श्री विक्रांत अंचल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में जिले में अब तक वितरित व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र धारकों का विशेष अभियान के तहत स्थल निरिक्षण कर फौती नामांतरण, भूमि बटवारा, सीमांकन, त्रुटि सुधार हेतु हितग्राहियों को चिन्हांकित कर आवेदन सह घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु राजस्व एवं वन विभाग को निर्देश दिए गए है। वर्तमान में चिन्हांकित मृत अधिकार पत्र धारकों को फौती नामांतरण

## अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला ने दो बच्चियों को दिया जन्म, चलती एंबुलेंस में गूंजी किलकारी




बांदा।-108 एंबुलेंस से गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल ले जाय जा रहा था। इसी दौरान अचानक महिला का प्रसव पीढ़ा बढ गया और एम्बुलेंस में ही डिलवरी करनी पड़ी।108 एंबुलेंस में एक महिला ने दो बच्चियों को जन्म दिया।तिंदवारी विकासखंड के जौहरपुर गांव की राधा पत्नी जय सिंह उम्र 27 साल को गुरुवार की दोपहर प्रसव पीड़ा हुई।जिस पर परिजनों ने प्रसव पीड़ा की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी जिस पर 108 एंबुलेस मौके पर पहुंची और न्यु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी लेकर जा रही थी।अस्पताल से लगभग दो किलोमीटर पहले ही महिला की एंबुलेस में ही डिलीवरी हो गई। जहां पर उसने दो बच्चियों को जन्म दिया।डिलीवरी के बाद दोनों नवजातों के साथ महिला को अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्हें भर्ती कराने के बाद डॉक्टरों ने मां और दोनों बच्चियों की जांच की। डॉक्टरों का कहना है कि मां और दोनों बच्चियां स्वस्थ्य हैं। फिलहाल उन्हें निगरानी में रखा गया है। स्वस्थ्य बच्चियों के जन्म के बाद परिवार वालों ने भी राहत की सांस ली और 108 की टीम का आभार जताया।

## जल जीवन मिशन के तहत बकटा बुजुर्ग गांव मे पानी तो आने लगा लेकिन गांव के अंदर पानी नही आ रहा जिसके कारण ग्रामीणों को दिखाने के लिए बना दिया गया लेकिन अधिकारियों को सिखायत करने के बाद भी नही दिखाई दे रहा असर



**ब्यूरो रमेश रैकवार चित्रकूट**

चित्रकूट पहाड़ी अंतर्गत बकटा बुजुर्ग गांव मे जल जीवन मिशन के तहत कागज में पानी आने लगा लेकिन पानी के लिये ग्रामीणों को भारी समस्या झेलनी पड़ रही है वही मोके पर जानकारी द्वारा ग्रामीणों ने बताया गांव के बाहर मुस्लिम पुरवा वा गांव के प्राइमरी जूनियर स्कूल साइड में पानी आ रहा जिसके कारण गांव के अंदर हम लोगो को भारी समस्या झेलनी पड़ रही आज तक कोई वेवस्ता ठीक नही हो पा रही जिसके कारण हम लोगो को भारी समस्या झेलनी पड़ रही है वही मोके पर ग्रामीण लोगो से बात करने पर उनलोगो ने बताया हमारे गांव के बाहर साइड मे चार पांच महीनेसे पानी आने लगा है हम लोगो को पानी नही मिल पा रहा जिसके कारण गांव के अंदर पानी नही आने के कारण हम लोगो को दूर दराज से पानी लाने मे भारी समस्या झेलनी पड़ रही अभी तक हम लोगो ने तीन बार अदिकारियो से शिकायत कर चुके है लेकिन अभी तक इसमें अदिकारियों का इनके ऊपर नही हो

## जायंट्स ग्रुप शाइनिंग स्टार का चुनाव संपन्नअजय गुप्ता लकी बने तीसरी बार अध्यक्ष

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट**

दिबियापुर (औरैया)। नगर के होटल शान्ति पैलेस मैं नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था जायंट्स ग्रुप ऑफ शाइनिंग स्टार दिबियापुर की कार्यकारिणी का चुनाव ग्रुप की फेडरेशन आफीसर ऋतु चंदेरिया की उपस्थिति मे संपन्न हुआ जिसमें सर्व सम्मति से निवर्तमान अध्यक्ष अजय गुप्ता लकी को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुन



लिया गया ।अमित कुमार गुप्ता को लगातार दूसरी बार महामंत्री चुन लिया गया । प्रशांत गुप्ता शक्ति को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। संजीव गुप्ता तेल मिल वाले को एवं मनोज पोरवाल छैयां को वरिष्ठ उपाअध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई । श्याम वर्मा , संतोष सोनी , रजनीश कुमार सिंह , धीरज शुक्ला एवं अनुराग गुप्ता को डायरेक्टर नामित किया गया । श्री गुरुनारायण अग्रवाल एवं डा कप्तान सिंह ग्रुप के संरक्षक के रूप सभी को मार्गदर्शन देते रहेंगे।ग्रुप के गठन से पूर्व सभी सदस्यों का 2023/24 में उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए अध्यक्ष अजय गुप्ता द्वारा मालार्पण एवं शील्ड देकर

## बालक कुश्ती प्रशिक्षण शिविर का स्टेडियम में हुआ भव्य शुभारम्भ



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह कि रिपोर्ट**

झाँसी। जिला कुश्ती संघ झाँसी के तत्वाधान में 11 दिवसीय कुश्ती प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ झाँसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष आईएएस आलोक यादव कुश्ती संघ के मुख्य संरक्षक रामतीर्थ सिंघल सदस्य विधान परिषद उ. प्र जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन गौतम अध्यक्ष जिला कुश्ती संघ मनमोहन गेड़ा द्वारा दीपप्रज्वज़लन कर किया इससे पहले मुख्य अतिथि एवम् अथितियों का स्वागत जिला सचिव सुन्दर ग्वाला ने बेंच अलंकरण किया इस अवसर पर शिविर में 30 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग कर रहे हैं अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने बताया कि प्रतिभागी कर रहे पहलवानों को उक्त शिविर में राष्ट्रीय प्रशिक्षक राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता एवं एनआईएस प्रशिक्षक दीपक यादव द्वारा सुबह 6 बजे से 8 बजे तक एवम शाम 4 बजे से 7 बजे तक ट्रेनिंग प्रदान की जायेगी इस अवसर पर जिला कुश्ती संघ के प्रदीप गुप्ता नरेंद्र मुखरेया आदर्श गुप्ता अशोक अग्रवाल पीएनबी बृजेंद्र मोनी पहलवान सूरज यादव किशोरी लाल योगी ब्रजलाल यादव रमाकांत पहलवान हरविंद कुमार जमुना प्रसाद

## मानक विहीन विवाह घरों में गैर मान्यता से शिक्षा माफिया चला रहे स्कूल,शिक्षा अधिकारियों के संरक्षण में शासन ले संज्ञान




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह की रिपोर्ट**

झांसी के गुरसराय में शिक्षा माफिया स्कूली छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है,शिक्षा विभाग के आला अधिकारी उनके संरक्षक दाता बने हुए हैं उत्तर प्रदेश सरकार से ऊंची पगार लेने वाले बेसिक शिक्षा परिषद से लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधिकारीयों की कार्य शैली प्रकाश में आ रही हैं। इस प्रकार के मामले गुरसराय नगर में सामने आए है। नगर पालिका परिषद गुरसराय से सोमवार के हाट की ओर जाने वाले रास्ते में बने दो विवाह घरों मे मानक विहीन भवन विद्यालय में गैर मान्यता से लेकर शिक्षकों की योग्यता को दरकिनार कर दिहाड़ी से भी कम शिक्षकों को वेतन देकर यह शिक्षा माफिया सोमवार हाट बाजार के दो विवाह घरों में अलग-अलग यह शिक्षण संस्थान संचालित कर रहे हैं। जिसमे 1 से कक्षा 10 तक की कक्षा संचालित हो रही हैं और जिन भवनों में छात्र यहाँ शिक्षा ग्रहण करते हैं वहाँ विद्युत लाइन के तार जहाँ बिल्डिंग से टच करते है। वही दूसरी ओर विवाह घर होने के चलते डीजे

## कृषि विभाग द्वारा पीएम-किसान योजना अंतर्गत शिविर व डोर टू डोर अभियान चलाकर भरवाए जा रहे फॉर्म

**धनेश्वर साहू जिला ब्यूरो चीफ शक्ति**

सक्ती, / भारत शासन द्वारा संचालित एवं छत्तीसगढ़ शासन की फ्लेगशीप योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना से वंचित पात्र किसानों को योजना का लाभ दिलाने कृषि विभाग द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे है। उप संचालक कार्यालय कृषि विभाग सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार कृषि विभाग के मैदानी अमलों द्वारा छूटे हुए पात्र किसानों को शिविर अथवा डोर टू डोर जाकर किसानों से फार्म भरवाए जा रहे है। इस योजना का मुख्य उददेश्य भी यही है कि किसानों को कृषि कार्य हेतु आर्थिक सहायता प्रदान कर मजबूत बनाना है। जिले के ऐसे पात्र हितग्राही जो योजनांगर्तत छुटे हुए है, उनसे संपर्क कर या फिर शिविर में पहुंचकर उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है। ऐसे किसान जिनका ईकेवायसी नही हुआ है उन किसानों का सीएससी सेंटर या ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से ईकेवायसी करवाया जा रहा है।, लैण्ड सीडिंग हेतु शेष किसानों का बी1 और आधार कार्ड को अपडेट की कार्यवाही की जा रही है। आधार सीडिंग हेतु संबंधित हितग्राही को बैंकों में जाकर आधार सीडिंग कराने हेतु समझाईस दी जा रही है।कृषि विभाग जिला सक्ती द्वारा शिविर के माध्यम से जिले के समस्त विकास खण्डों में जो किसान योजना अंतर्गत पात्रता की श्रेणी में आ रहे है उनका नवीन पंजीयन हेतु फार्म भरवाकर सीएससी सेंटर के माध्यम से पंजीयन कराया जा रहा है। यह शिविर ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के द्वारा लगाया जा रहा है जिसमें सीएससी एवं इंडियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक के अधिकारी भी उपस्थित रहकर लंबित प्रकरणों पर कार्यवाही कर रहे है। आज दिनांक कि स्थिति में जिले में कुल पंजीकृत किसान 80434 के विरूध्द 79777 किसानों का ईकेवायसी पूर्ण कर लिया गया है। शेष 657 किसानों का ईकेवायसी ग्रामीण च्वाईस सेंटर के माध्यम से कराया जा रहा है। जिले के उप संचालक कृषि श्री शशांक शिंदे के द्वारा जिले के किसानों से अपील की है कि वे इन शिविरों में उपस्थित होकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर पीएम-किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करें।

## कलेक्टर श्री कोचर पहुंचे पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत शिविर का लिया जायजा,व्यवस्थाएं सुदृड़, सुनिश्चित करने दिये निर्देश



**दमोह - राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख की खबर**

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज अपने भ्रमण के दौरान जिले की तहसील पथरिया पहुंचे। यहां उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जनरल वार्ड और प्रसूति कक्ष का जायजा लिया और कहा व्यवस्था ठीक की जाए। शिविर में व्यवस्थाएं सुदृड़ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के अंतर्गत हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की ए.एन.सी. और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 25 तारीख को रहता है, इसको देखने के लिए कलेक्टर श्री कोचर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया आये थे, यहां पर सारी व्यवस्थाएं देखी, जनरल वार्ड और प्रसूति कक्ष से लेकर के महिलाओं को मातृत्व सुरक्षा योजना के अंतर्गत जो पूरा प्रोटोकॉल है उसके अंतर्गत पूरी व्यवस्थाएं देखी ।

## कलेक्टर ने ऑडिटोरियम निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का किया निरीक्षण




**केसरिया हिन्दुस्तान कांकेर (दुधावा)जिला ब्यूरो दीनदयाल साहू**

उत्तर बस्तर कांकेर, / कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर ने आज नये ऑडिटोरियम निर्माण के लिए घड़ी चौक के पास प्रस्तावित भूमि का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुराना कन्या महाविद्यालय परिसर में पहुंचकर ऑडिटोरियम निर्माण के लिए बनाई गई कार्ययोजना के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपूर्ण जानकारी ली। इससे पहले उन्होंने डाईट, शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय एवं शिक्षा महाविद्यालय का निरीक्षण कर वहां के व्यवस्थाओं से अवगत हुए।कलेक्टर ने इसके पश्चात कांकेर तहसील कार्यालय पहुंचकर वहां न्यायालय कक्ष में प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वहां निर्माणाधीन पार्किंग शेड के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुराना तहसील कार्यालय का भी अवलोकन करते हुए उसके मरम्मत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, एसडीएम श्री अशोक मारबल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाड़ आपदा से बचाव हेतु “राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज” का किया गया आयोजन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव**

मॉक एक्सरसाइज के अन्तर्गत बाड़ पीड़ितों एवं बाड़ से प्रभावित पशुओं एवं आम जनमानस को रेस्क्यू करके कैसे बचाव किया जा सकता है, का किया गया रिहर्सल/मॉकड्रिलप्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम क्षेत्र के वी.आई.पी घाट पर जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तत्वाधान में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। जिसके तहत कोई आपदा आती है, तो कितना जल्दी उससे बचाव किया जा सकता है, के बारे



में मॉक एक्सरसाइज के माध्यम आम जनमानस एवं वार्डेन्स को जानकारी दी गयी। ई0ओ0सी बाड़ द्वारा बताया गया कि अतिवृष्टि के कारण धूस्सा घाट पर जलस्तर बड़ रहा है संगम किला के पास नाव पलट गयी, जिसके बचाव के लिए एस0डी0आर0एफ0, जल पुलिस, पी0ए0सी0 की टीमे एवं आर्मी की टीम घटना स्थल के लिए रवाना कर बाड़ पीड़ितों एवं बाड़ से प्रभावित पशुओं एवं आमजनमानस को रेस्क्यू करके कैसे बचाव किया जा सकता है, का रिहर्सल/मॉकड्रिल किया गया। सेना के जवानों एवं गोताखोरों की मदद से

## अलका हॉस्पिटल में भर्ती पुत्री को देखने पहुंचे परिवार वालों के साथ हॉस्पिटल के संचालको व स्टाड़ के द्वारा मारपीट करने तथा उन्हें जातिसूचक शब्द बोलकर बेइज्जत करते रहे, पीटने वालो में पुलिस सिपाही के माता पिता के साथ मारपीट करने का वीडियो भी हुआ वायरल।



नगीना। अलका हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती अपनी बेटी को देखने पहुंचे परिवार वालों के साथ संचालक डॉक्टर साहिबा, झोलाछाप डॉक्टर, पत्नी व बेटे सहित स्टाड़ ने हॉस्पिटल का बिल जमा न होने पर परिवार वालो के साथ जमकर मारपीट जिसमें यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात के माता - पिता से 10 हड़ार रुपये व 1 मोबाइल छीन लिया तथा अनुसूचित जाति से होने के कारण उन्हें चमार, चमारी, चट्टा, चमारों आदि जातिसूचक शब्द बोलकर लगातार मारपीट करते रहे पीड़ित परिवार वालों ने मौके पर ही 112 डायल करके बुलवाया पुलिस के मौके पर पहुँचने के बाद भी दबंग डॉक्टर व संचालक पुलिस के ऊपर भी लाल पिले होते रहे साथ ही अपने नेता होने का दबाव पुलिस को दिखाते रहे। थाना क्षेत्र के गांव लखमनपुर निवासी ओमप्रकाश की उम्र ड़रीब 17 वर्षीय पुत्री बुधवार की शाम समय ड़रीब 4 बजे अपने दोस्त गौरव पुत्र राजेश 18 वर्ष निवासी

## फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ग्वालियर ब्रांच द्वारा 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में फैमिली प्लानिंग में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं

इसके उपलक्ष्य में आज शाखा की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण मेला ग्राउंड में किया गया ब्रांच के कार्यक्रम अधिकारी अच्छेद्र सिंह कुशवाह ने वृक्षारोपण का उद्घाटन करते हुए बताया कि एक वृक्ष सो जीवन के समान होता है एक वृक्ष लगाने पर 100 लोगों को जिंदगियां मिलती हैं उन्होंने अपने उड़वोदन में कहा की बृक्ष लगाएं और जीवन बचाएं और वह जीवन भर उन्हें आक्सीजन प्रदान करता है प्रोग्राम ऑफिसर अच्छेद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि समय-समय पर हम वृक्ष की मॉनिटरिंग करते रहेंगे और उनकी देखभाल करेंगे जिससे वह बड़े हो सके पैरामेडिकल के कोऑर्डिनेटर एंड प्लेसमेंट ऑफिसर पंकज अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की वृक्ष जीवन को हरा भरा बनाते हैं

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024



# सैलाना में सुबह से हो रही रिमझिम बारिश

रतलाम जिले के सैलाना में बारिश का दौर जारी है, जिससे इलाके में ठंडक बढ़ गई है। बारिश के कारण सड़कों और गलियों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। वहीं किसानों के लिए बारिश अच्छी खबर है, क्योंकि इससे उनकी फसलों को फायदा होगा।बारिश के बाद केदारेश्वर झरने की सुंदरता और भी बढ़ जाती है। सैलानियों के लिए यह एक आदर्श स्थान है जहां वे प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं मौसम में एक सुखद अनुभव प्रदान करता है।केदारेश्वर झरने के अलावा, सैलाना में और भी कई पर्यटन स्थल हैं जहां सैलानी घूमने जा सकते हैं। इनमें से कुछ प्रमुख स्थल हैंतो बारिश के बाद केदारेश्वर झरने की सुंदरता का आनंद लेने कई सैलानी एकत्रित हो जाएंगे।*सैलाना में सुबह से हो रही रिमझिम बारिश* रतलाम जिले के सैलाना में बारिश का दौर जारी है, जिससे इलाके में ठंडक बढ़ गई है। बारिश के कारण सड़कों और गलियों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। वहीं किसानों के लिए बारिश अच्छी खबर है, क्योंकि इससे उनकी फसलों को फायदा होगा।

बारिश के बाद केदारेश्वर झरने की सुंदरता और भी बढ़ जाती है। सैलानियों के लिए



यह एक आदर्श स्थान है जहां वे प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं मौसम में एक सुखद अनुभव प्रदान करता है। के अलावा, सैलाना में और भी कई पर्यटन स्थल हैं जहां सैलानी घूमने जा सकते हैं। इनमें से कुछ प्रमुख स्थल हैं

तो बारिश के बाद केदारेश्वर झरने की सुंदरता का आनंद लेने कई सैलानी एकत्रित हो जाएंगे।

**सैलाना में सुबह से हो रही रिमझिम बारिश**– रतलाम जिले के सैलाना में बारिश का दौर जारी है, जिससे इलाके में ठंडक बढ़ गई है। बारिश के कारण सड़कों और गलियों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। वहीं किसानों के लिए बारिश अच्छी खबर है, क्योंकि इससे उनकी फसलों को फायदा होगा।बारिश के बाद केदारेश्वर झरने की सुंदरता और भी बढ़ जाती है। सैलानियों के लिए यह एक आदर्श स्थान है जहां वे प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं मौसम में एक सुखद अनुभव प्रदान करता है।केदारेश्वर झरने के अलावा, सैलाना में और भी कई पर्यटन स्थल हैं जहां सैलानी घूमने जा सकते हैं। इनमें से कुछ प्रमुख स्थल हैंतो बारिश के बाद केदारेश्वर झरने की सुंदरता का आनंद लेने कई सैलानी एकत्रित हो जाएंगे।

## बुद्धिमान् वही जो इहलोक में रहते अपना परलोक भी सुधार ले शङ्कराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार गोटेगांव संवाददाता भानु प्रताप राय सनातन धर्म सदा से ही समग्रता की बात करता है। इसमें कोई भी बात एकांगी नहीं है।इहलोक के साथ-साथ परलोक की भी चिन्ता हमारे धर्मशास्त्र करते हैं।हम सभी को इस लोक में अपने अभ्युदय के लिए प्रयत्न करते हुए परलोक को भी सुधारने का प्रयास कर लेना चाहिए। उक्त बातें परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती 1008 ने नरसिंह सेवा सदन पीतमपुरा दिल्ली में चातुर्मास्य के अवसर पर आयोजित सायंकालीन सत्संग सभा में कही।उन्होंने कहा कि लोग यह समझते हैं कि धन के अर्जन से सुख की प्राप्ति हो जाएगी परन्तु संस्कृत के एक श्लोक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विद्या से विनय, विनय से पात्रता, पात्रता से धन, धन से धर्म और फिर धर्म से सुख होता है। यह प्रक्रिया



साफ बताती है कि धन से जब व्यक्ति धर्म करेगा तभी उसे सुख प्राप्त होगा। सीधे धन से सुख नहीं पाया जा सकता।शङ्कराचार्य जी ने सामान्य और विशेष दो प्रकार के धर्म की बात बताई। कहा कि 37 प्रकार के सामान्य धर्म हैं जिसका पालन कोई भी कर सकता है। इसके अतिरिक्त कुछ विशेष प्रकार के धर्म है जो तत् तत् विशेष जनो के लिए उल्लिखित हैं।आगे भारत देश के आदर्श वाक्य सत्यमेव जयते का उल्लेख करते हुए शङ्कराचार्य जी ने कहा कि संस्कृत का यह वाक्य मुण्डकोपनिषद् से लिया गया है। जिस देश का आदर्श वाक्य संस्कृत में हो वह देश स्वतः ही हिन्दू राष्ट्र हो जाता है। इसके लिए अलग से कुछ करने की आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता है तो इस बात का कि प्रत्येक मनुष्य के जीवन को धर्ममय बनाया जाए। जब भारत का प्रत्येक व्यक्ति धर्ममय जीवन जीने लगेगा तो अपने आप ही यह देश हिन्दू राष्ट्र हो जाएगा। केवल नामकरण कर देने से हिन्दू राष्ट्र नहीं होगा।सत्संग सभा का शुभारम्भ जगद्गुरुकुलम् के छात्रों द्वारा किए गये वैदिक मंगलाचरण से हुआ। शङ्कराचार्य जी महाराज के प्रवचन के पूर्व श्री अजय गौतम जी एवं श्री अजय शर्मा जी ने अपने उद्गार व्यक्त किए। बिरुदावली का वाचन ब्रह्मचारी परमात्मानन्द जी ने किया। पं जयदीप दुबे ने शङ्कराचार्य जी की पादुकाओं का पूजन किया। मंच का संचालन श्री अरविन्द मिश्र जी ने किया।

उक्त जानकारी परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी सजंय पाण्डेय के माध्यम से प्राप्त हुई है।

## महाराजा दक्ष प्रजापति जी की जयन्ती के उपलक्ष्य मे विशाल शोभा यात्रा नगर निवाड़ी मे निकाली जायेगी...

दैनिक हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीप अमित जोशी निवाड़ी

दिनांक 27.07.2024 को बड़ी माता मंदिर निवाड़ी से विशाल शोभायात्रा समय 11:30 बजे से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होते हुये अम्बेडकर चैराहा से सतीश मैरिज गार्डन पर जयन्ती का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। संपूर्ण प्रजापति समाज जिला निवाड़ी द्वारा ब्रम्हा जी के मानस पुत्र महाराजा दक्ष प्रजापति जी की जयंती के उपलक्ष्य मे विशाल शोभा यात्रा डी0जे0, घोडे, बग्गी के साथ निकाली जाना है जिसमे संपूर्ण जिले के प्रजापति समाज सहित महाराजा दक्ष प्रजापति के अनुयायी अधिक संख्या मे शामिल होगे। प्रजापति समाज के शिक्षक सुरेन्द्र कुमार वर्मा एवं विनोद कुमार प्रजापति पार्षद ने बताया कि कार्यक्रम मे मुख्य रूप से रामदयाल प्रजापति , माननीय कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त माटीकलां बोर्ड अध्यक्ष म0प्र0 शासन एवं अनिल जैन माननीय विधायक विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी सहित प्रजापति समाज के अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक हजारो की संख्या मे शामिल रहेगे बर्हिहाल जो भी है नगर मे प्रथम बार महाराजा दक्ष प्रजापति जी की जयन्ती व विशाल शोभा यात्रा के लिये प्रजापति समाज सहित लोगो मे उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

## शासकीय कार्यालय में रंग–रोगन न होने से कार्यालय की तस्वीर ही बदलती जा रही है

**सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर**




जनपद शिक्षा केंद्र नौगांव शासकीय कार्यालय में रंग-रोगन न होने से कार्यालय की तस्वीर ही बदलती जा रही है जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा कार्यालय के बाहर कि तो पुताई करवा दी गई लेकिन अंदर पुताई करवाना भूल गए या फिर जानबूझकर नहीं करवाई गई अंदर की पुताई या कुछ और ही माजरा है शासकीय कार्यालय की नहीं हो रही पुताई, चारों और फैला कचरा, **कुछ हुए जर्जर**–नौगांव जनपद शिक्षा केंद्र में कार्य कर रहे शासकीय कर्मचारियो की दीवाली बिना पुताई किए गए भवन में काम करना पड़ता है। जनपद शिक्षा केंद्र मुख्यालय पर बने शासकीय कार्यालय में अभी तक पुताई नही हुई है बाहर की पेंटिंग जरूर करवा दी गई है लेकिन अंदर करवाना भूल गए या कुछ और वजह है यह अभी समझ से परे हैं कार्यालय की डेंटिंग पेंटिंग ना होने से कार्यालय की रौनक ही चली गई जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा खाना पूर्ति दिखाते हुए बाहर डेंटिंग पेंटिंग कर दी गई जब इस संबंध में जनपद शिक्षा केंद्र नौगांव के बीआरसी अनुराग खरे से बात की आपके कार्यालय के बाहर की रंगाई पुताई करवा दी गई लेकिन अंदर क्यों नहीं करवाई तो उन्होंने इतना सुनते ही फोन काट दिया ।

**इनका कहना है**–आपके द्वारा मुझे बताया गया कि बीआरसी कार्यालय नौगांव में बाहर की रंगाई पुताई करवा दी गई लेकिन अंदर नहीं करवाई गई फंड पर्याप्त आता है यदि ऐसा है तो हम जांच करवाते हैं

**अरुण शंकर पांडे डीसीपी छतरपुर**

## सर्वोच्च न्यायालय में दिनांक 29 जुलाई से 03 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन

**हार्दिक हड़पावत ब्यूरो जिला मंदसौर**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र**



न्यायालयों में मामलों की संख्या में हो रही लगातार बड़ोतरी एवं उनमें लग रहे समय को दृष्टिगत रखते हुये माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों के राजीनामा के माध्यम से निराकरण हेतु दिनांक 29 जुलाई से 03 अगस्त, 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। विशेष लोक अदालत में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित पुराने दीवानी प्रकरण, ऐसे आपराधिक प्रकरण जो राजीनामा द्वारा निराकृत किये जा सकते है, वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, भूमि अधिग्रहण आदि से संबंधित मामलें समझौते हेतु रखे जाने है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल मेहता ने अपील की है कि जिन भी पक्षकारों के मामलें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, वे अपने मामलें का निराकरण राजीनामें के आधार पर कराकर त्वरित, सुलभ एवं मितव्ययी न्याय प्राप्त कर सकते है। प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय ने विश्वास जताया है कि विशेष लोक अदालत में समझौते के माध्यम से निराकृत प्रकरणों से आमजन का न्यायिक प्रक्रिया में विश्वास ओर बड़ेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु अपने प्रकरण की जानकारी के सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, मंदसौर के कार्यालय में संपर्क स्थापित किया जा सकता हैं।

## पेंसनर्स एसोसिएशन बाड़ी द्वारा दिया गया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन विभिन्न मांगों को पूरा करने का किया आग्रह

**शैलेन्द्र चौहान भोपाल संभाग रिपोर्टर**



केसरिया हिन्दुस्तान बाड़ी,नगर में प्रोग्रेसिव पेंसनर्स एसोसिएशन बाड़ी द्वारा बैठक बुलाई गई। बैठक में सभी पेंसनर्स द्वारा अपनी प्रमुख मांगें पूरी करने का ज्ञापन मुख्यमंत्री को देने का विचार किया गया। पेंसनर्स एसोसिएशन बाड़ी के अध्यक्ष विजय चौहान द्वारा बताया गया कि हमारी समस्याओं पर शासन द्वारा गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया जा रहा है,जिससे पेंसनर्स मानसिक रूप से बहुत दुःखी हैं। शासन द्वारा चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता अभी तक नहीं दिया गया। पेंसनर्स को आयुष्मान स्वास्थ योजना का लाभ तत्काल दिया जाए। सत्तर वर्ष की आयु पूर्ण करने पर बीस प्रतिशत मंहगाई भत्ता का अतिरिक्त लाभ दिया जाए। छठवे एवं सातवे वेतनमान के एरियर्स का शीघ्र भुगतान किया जाए। संगठन के वरिष्ठ सदस्य मनीराम जी चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री जल्द ही हमारी मांगों को पूरा करेंगे ऐसा पूर्ण विश्वास है। बैठक के अंत में सभी लोगों ने तहसील पहुंचकर श्रीमान नायब तहसीलदार बाड़ी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों मे दल सिंह चौहान, राजेन्द्र पटेरिया,गोपाल चौहान,दिनेश शर्मा,नरेश पटेल वरिष्ठ पेंसनर्स शामिल रहे।

## ग्राम सगोनिया में आर्य समाज शाखा का गठन

**शैलेन्द्र चौहान भोपाल संभाग रिपोर्टर**





केसरिया हिन्दुस्तान बाड़ी,महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 200वी जयंती के शुभ अवसर पर सनातन वैदिक धर्म व राष्ट्र प्रेम जागरण हेतु मुनि आर्यमणि वानप्रस्थी (मनीराम चौहान) संजीव पटेल ग्राम सगोनिया की उपस्थिति में एक मीटिग आयोजित की गई। मुनि आर्यमणि जी ने महर्षिमहर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 200मी जयंती के शुभ अवसर पर सनातन वैदिक धर्म व राष्ट्र प्रेम जागरण हेतु मुनि आर्यमणि वानप्रस्थी (मनीराम चौहान) संजीव पटेल ग्राम सगोनिया की उपस्थिति में एक मिटिग आयोजित की मुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती जी के जीवन वैदिक धर्म व राष्ट्र प्रेम पर प्रकाश डालते हुए कहा आज विघटनकारी तत्व योजनाबद्ध तरीके से सक्रिय है। जिससे हमारे धर्म संस्कृति व भारत देश को खतरा है ।अतः हमें सजग रहना जरूरी है ।इस हेतु ग्राम सगोनिया में आर्य समाज शाखा का चयन किया गया तथा इस पुनीत अवसर पर पूज्य श्री निर्भयानन्द सरस्वती द्वारा यज्ञ हवन संपन्न हुआ। उपस्थित व्यक्तियों द्वारा शंका का समाधान किया गया एवं शाखा का गठन किया । जिसमें शाखा प्रधान संजीव पटेल, उपप्रधान मितेश चौहान ,मंत्री अरूण पटेल, सहमंत्री ललित पटेल, संगठन मंत्री संतोष चौहान, प्रचार मंत्री रमाकांत पटवारी, कोषाध्यक्ष प्रकाश जी, उपकोषाध्यक्ष सुरेन्द्र पटेल, पुस्तकाध्यक्ष बलवान चौहान बनाए गए ।

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा पौधरोपण महाअभियान में की जा रही सहभागिता पौधरोपण के साथ उनके संरक्षण का ले रहे संकल्प



सीधी पौधारोपण महा अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला सीधी द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन कर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में समस्त जिले में 25 सेक्टर के अंतर्गत आने वाली ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां के माध्यम से पौधारोपण महा अभियान का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिवदत्त उरमलिया ने बताया कि अभी तक में जन अभियान परिषद के द्वारा 8936 पौधों का रोपण किया जा चुका है तथा इन पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी पौधारोपित करने वाले के द्वारा ली गई है। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री जी के आह्वान पर निरंतर यह कार्य पूरे मध्य प्रदेश में संचालित है जिसमें समाज तथा शासन दोनों के संयुक्त प्रयास से पौधा रोपण किया जा रहा है। आगामी समय में भी पूरे अगस्त माह में पौधारोपण का कार्य संचालित होगा।

**पंचायतों में कच्चे बिलों से हो रहा है लाखों का भुगतान, जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर बने अनजान**

## सप्लायर्स कच्चे बिल देकर कर रहे टैक्स की चोरी, जनपद पंचायत धड़ल्ले से कर रही भुगतानजनपद पंचायत नौगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायतो में धुंधले बिलों के जरिए हो रहा लाखों रुपए का भुगतान

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर

नौगांव . क्षेत्र की पंचायतों में निर्माण कार्यों के नाम पर कच्चे फर्जी बिल लगाकर जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। केवल कच्चे बिल के माध्यम से सरपंच-सचिव द्वारा राशि निकालकर सप्लायर्स को फिक्स कमीशन देकर मौके पर निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। सप्लायर्स भी कमीशन के लालच में शासन को टैक्स का चूना लगाकर लाखों रुपए का लेनदेन कर रहे हैं। पंचायतों में चल रहे इस फर्जीवाड़े की जांच की जाए तो बड़ा खुलासा हो सकता है। इधर जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भी बिलों के भुगतान में अनदेखी कर किसी तरह की आपित्त ना लेने से शासन को हर माह टैक्स के रूप में मिलने वाली राजस्व की हानि हो रही है।पंचायतों में जीएसटी की प्रक्रिया को धता बताकर निर्माण कार्यों का भुगतान किया जा रहा है। पंचायतें निर्माण कार्य के बाद ऐसे सप्लायर को बिलों का भुगतान कर रहे हैं जिनके पास जीएसटी नंबर तक नहीं हैं। सप्लायर्स गिट्टी, रेत और ईंट तक के ऐसे फर्जी बिल दे रहे हैं जिसकी पात्रता में वह नहीं आते। केसरिया हिंदुस्तान पेपर के पास कई पंचायतों में निर्माण कार्यों के नाम किए




गए भुगतान के ऐसे बिल मौजूद हैं जिनमें लाखों रुपए का भुगतान सप्लायर्स के खातों में किया गया है। पंचायतों में जिस तरह से फर्जी बिलों के माध्यम से राशि निकाली जा रही है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पंचायतों में होने वाला ऑडिट किस तरह से हो रहा है और ऐसे भुगतानों पर ऑडिट में भी कोई आपित्त नहीं ली जा रही है। जनपद पंचायत के अंतर्गत ऐसे कई मामले हैं जिनमें सरपंच और सचिवों ने राशि निकालने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं कराया।

**नहीं अपनाई जाती प्रक्रिया**–किसी भी सप्लायर्स को साम्रगी सप्लाई के लिए लायसेंस, जीएसटी नंबर सहित अन्य प्रक्रिया अपनानी जरूरी है, उसके बाद ही वह सामग्री की सप्लाई कर सकता है, लेकिन नौगांव में ऐसे सैंकड़ों सप्लायर्स हैं जो पंचायतों में फर्जी बिलों की आड़ में हर साल लाखों रुपए का कारोबार कर रहे हैं। कारोबार के नाम पर हाथ में उनके कुछ नहीं है, लेकिन बिल के नाम पर वह लोहा, रेत से लेकर गिट्टी, सीमेंट और ईंट तक के बिल पंचायतों को दे रहे हैं। जो सप्लायर्स पंचायतों को केवल बिल देते हैं वह फर्जी बिल के रूप में कमीशन वसूलते हैं। इधर सप्लायर्स भी फर्जी बिल से शासन को टैक्स का नुकसान कर चपत लगा रहे हैं।

**भरोसेमंद सप्लायर को ढूंढते हैं**–निर्माण कार्य से पहले सरपंच और सचिव निर्माण सामग्री सप्लाई करने के लिए भरोसेमंद सप्लायर को ढूंढ़ते हैं। जो उनकी सुविधा अनुसार बिल लगाकर दे। उस बिल के आधार पर सप्लायर्स को भुगतान किया जाता है। भुगतान के बाद सरपंच, सचिव राशि वापस ले लेते हैं, क्योंकि कुछ पंचायतों के निर्माण कार्य कागजों में ही पूरे होते है धरातल पर नहीं। इसीलिए हर पंचायत अलग-अलग फर्जी फर्म भी बनाती है।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में संकल्प बहुत जरूरी

**महमूदाबाद, सीतापुर।**
लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में संकल्प बहुत जरूरी है। संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए एकाग्रता की आवश्यकता होती है। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़कर है। जीवन के प्रत्येक मार्ग पर गुरुजनों की बातों का अनुसरण कर परिश्रम करते हुए लक्ष्य को प्राप्त कर माता पिता गुरुजनों एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें। यूपी टॉप करना इतिहास है। इस इतिहास को जीवन पर्यंत बनाए रखे। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के यूपी टापर्स सहित प्रदेश मेरिट में स्थान पाने वाले अन्य टॉपर्स को एक-एक लाख रुपए की चेक, स्मृति चिन्ह व मेडल के साथ विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक, राज्यमंत्री उमेश द्विवेदी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि आप सभी बधाई के पात्र है कि आप सभी को सीता इंटर कॉलेज जैसा प्लेटफार्म, मेहनती, कर्मठ, सुयोग्य प्रिंसिपल और टीचर्स मिले है। जीवन में किसी भी कार्य को कल पर न टाले। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी पवन सिंह ने कहा कि जीवन में एक आदर्श व्यक्ति का चयन आवश्यक है जिसकी प्रेरणा से सफलता के लिए आगे बड़ सके। विधायक कुर्सी साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा जीवन में कड़ी और सार्थक मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या ने कहा कि दोनों टापर्स को सम्मानित करते हुए गर्वानुभूति होती है। आगे भी जीवन में सफलताओं के नए आयाम स्थापित करें। कार्यक्रमाध्यक्ष के रूप में प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने कहा कि बुलंदियों पर पहुंचना कमाल नहीं बल्कि उस पर ठहरना बड़ी बात होती है। शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने 2023 की हाईस्कूल यूपी टॉपर प्रियांशी सोनी व वर्ष 2024 के इंटरमीडिएट यूपी टॉपर शुभम वर्मा व हाईस्कूल यूपी टॉपर प्राची निगम के नाम से विद्यालय में कक्ष निर्माण हेतु साड़े सात लाख रुपए दिए जाने की घोषणा। एएमलसी पवन सिंह ने विद्यालय में बन रहे पुस्तकालय में पुस्तकों की खरीद के लिए पांच लाख रुपए की सहायता राशि कालेज को देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। मुख्य अतिथि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी विरल, डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर वाजपेयी, वाइस प्रिंसिपल आरजे वर्मा, यशपाल वर्मा, राजकुमारी वर्मा द्वारा बैज अलंकरण माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कॉलेज पहुंचे शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी का गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया।

इन्हें मिला सम्मान (इनसेट)

अतिथियों द्वारा हाईस्कूल की यूपी टॉपर्स प्राची निगम व इंटरमीडिएट के यूपी टॉपर शुभम पटेल को एक-एक लाख रुपए के चेक, नव्या सिंह, अंशिका वर्मा राज वर्मा, शीतल वर्मा, अनुभव शुक्ल व पलक मौर्या को 51-51 हजार रुपए की चेक, वर्तिका सोनी, अंशी मौर्या, अगम्या वर्मा, हेमंत वर्मा, अपर्णा गुप्ता, शिवानी वर्मा, सूरज शाहू, सूरज वर्मा, आयुष मौर्य, वैभव मिश्र, सूरज मौर्य व सौरभ वर्मा को 21-21 हजार रुपए की चेक स्मृति चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया। गत वर्ष की हाईस्कूल यूपी टॉपर प्रियांशी सोनी व वर्तमान यूपी टॉपर प्राची निगम व शुभम वर्मा को क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्य ने 11-11 हजार की चेक भेंट की। कार्यक्रम में पधारे वित्तविहीन शिक्षक महासभा के अध्यक्ष पंकज पांडेय, विपिन राठौर, तरुण शुक्ल, विकास श्रीवास्तव, राम कुमार गिरि, दिनेश चंद्र पांडेय, महंत हेमंत दास, रामप्रवेश प्रजापति, बच्चा सिंह, दिलीप सिंह सहित लगभग 35 विद्यालयों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों को माल्यार्पण अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# पुलिस व खनन विभाग की मिलीभगत से कराया जा रहा अवैध खनन

जनपद सीतापुर में अवैध मिट्टी खनन बदस्तूर जारी है, रात होते ही सड़को पर मिट्टी से भरे डम्पर व ट्रैक्टर ट्रॉली फर्राटा भरने लगते है, सड़क पर दौड़ लगा रहे मिट्टी भरे वाहन न तो पुलिस को दिखाई पड़ते है और न ही जिला प्रशासन के आलाधिकारियो को। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है बीती दो दिन से लगातार रात के अंधेरे में थाना क्षेत्र रामकोट के खपुरा गाँव मे जेसीबी से धरती का सीना चाक किया जा रहा है, मिट्टी को खपुरा में खनन कर थाना खैराबाद क्षेत्र में स्थित कांसेप्ट कार के शोरूम के पास में हाइवे के किनारे डाला जा रहा है, सोचने वाली बात यह है की रामकोट से लेकर खैराबाद तक का सफर तय करने के बाद भी मिट्टी भरे डम्पर व ट्रैक्टर ट्रॉलियां कैसे पुलिस की आंखों से बच गयी, क्या किसी की नड़र ही नही पड़ी, पूरे रास्ते मे चार थाना क्षेत्र को पार करते हुए मिट्टी को उसके गंतव्य तक पहुँचाया गया, या फिर दिखायी तो सब कुछ दिया लेकिन पुलिस व खनन विभाग की खनन माफियाओं पर नड़रे इनायत है जो वो सबकुछ देख कर भी अनजान बन जाते है।

सूत्रों की माने तो अवैध खनन में राजस्व विभाग, खनन विभाग व पुलिस का प्रति रात के हिसाब से मामला सेट होता है, सेटिंग हो जाने के बाद ही खनन माफिया जेसीबी व डम्पर को रोड पर निकालते है, वही जब भी कोई खनन माफिया सयानापन दिखाता है और जिस अधिकारी का हिस्सा नही पहुचता है वही उसके ऊपर कारवाही कर अपनी पीठ थपथापा लेता है। हालाकि सूत्रों की बातों का जांच का विषय है लेकिन अगर वास्तविकता नही है तो फिर अधिकारियों और पुलिस को कुछ दिखाई क्यो नही देता।मेरे द्वारा किसी की प्रकार की कोई रॉयल्टी या परमिशन जारी नही किया गया, यदि ऐसा कुछ हो रहा है हम कार्यवाही करेंगे। खनन अधिकारी सीतापुर*

# सीरवी संस्थान उदयपुर छात्रावास का हुआ

उदयपुर। पर्यटक नगरी उदयपुर बेडवास में स्थित आशापुरा माताजी कोलोनी उदयपुर में सोमवार को सीरवी छात्रावास का भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। धर्मगुरु पिरोसा गोपालसिंह परमार बिठुडापिरान एवं सद्गुरु भंवर महाराज नारलाई धाम के पावन सानिध्य व मोहनसिंह वरपा देवली पाबुजी की अध्यक्षता एवं समाज बंधुओं, समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों, दानवीर भामाशाहो, माता बहनों, विद्यार्थियों की उपस्थिति में बनने जा रहे सीरवी छात्रावास उदयपुर का भूमि पूजन का कार्यक्रम सीरवी समाज उदयपुर व सम्पूर्ण देश से पधारे 800-900 समाज बंधुओं की उपस्थिति में बहुत ही सफल, उद्देश्यपूर्ण, अकल्पनीय अविश्वसनीय सम्पन्न हुआ। पर्यटन व शैक्षणिक नगरी उदयपुर में शिक्षा मंदिर की नींव संत सानिध्य व भूमि पूजन की शिलाओं के बोलीदाता भामाशाह बंधुओं के कर कमलों से किया गया। समारोह की शुरुआत माँ आईजी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व माताजी की आरती से हुई। संस्था के सरक्षंक रामलाल सैणचा ने स्वागत किया ।इसके बाद संस्थान के अध्यक्ष खीवराज परमार द्वारा पधारे अतिथियों, समाज बंधुओं के स्वागत भाषण, सचिव दौलाराम सोलंकी द्वारा छात्रावास की महता पर प्रकाश डाला। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में समाज बंधुओ ने बढ़ -चढ़ कर बोलियां में भाग लिया और बोलियां में ही लाखों रुपये की घोषणा हुई, इसके साथ ही करीब 10 नए कमरों की घोषणा और 20 आजीवन सदस्यों ने अपना नाम लिखवाया। इस कार्यक्रम में सभी मेहमानों ने बहुत ही अच्छा सहयोग किया और सब में छात्रावास बनाने के प्रति जोश उत्साह भरपूर देखने को मिला। इस कार्यक्रम में कमरों के बोलीदाता और हॉल, किचन के भामाशाहो, समाज की वडेरो, विभिन्न संस्थाओं से पधारे पदाधिकारियों का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। मंच का संचालक घीसाराम सीरवी बिजोवा, प्रेमजी सीरवी नवागुड़ा, भजन गायक भंवरलाल सीरवी हैदराबाद तीनों बहुत ही तालमेल के साथ मंच को संभाला और बोलियों में भामाशाह को प्रेरित किया।

# लहार विधानसभा में शासन के दबाव में प्रशासन कर रहा कार्रवाई:रामेश्वर कौरव

## स्वार्थ के लिए कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए है अध्यक्ष, पार्षद: हाकिम चौधरी

दबोह। लहार विधानसभा अभी हाल मे मध्यप्रदेश मे चर्चा का विषय बना हुआ है उसी के चलते दबोह कांग्रेस कार्यालय पर गुरुबार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई।जिसमे मीडिया के सवालों पर लहार जनपद के पूर्वअध्यक्ष रामेश्वर कौरव ने बताया मध्यप्रदेश के भिण्ड ओर लहार विधानसभा मे प्रशासन भारतीय जनता पार्टी शासन के दवाव मे दमन नीति से कार्य कर रहा है।अपनी दमन नीति से कांग्रेस के चुनिंदा लोगो पर लगातार कार्रवाही कर रहा।अभी हाल मे ही कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता,जिला सहकारी बैंक के पूर्वअध्यक्ष राजा बाबू सेंगर का मकान जबरदस्ती तोड़ा गया जबकि उनके पास सभी दस्तावेज उपलब्ध है मकान तोड़ने का मुख्य कारण यह है।वह लहार पूर्ब विधायक डॉ गोविन्द सिंह के खास आदमी है ओर डॉ गोविन्द सिंह के आदमीयों को लगातार परेशान किया जा रहा है उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हुये बताया की डॉ गोविन्द सिंह की भी कोठी को तोड़ने का षड़यंत्र चल रहा है अभी हाल मे राजनैतिक दलों को चुन चुन कर निशाना बनाया जा रहा है कांग्रेस शासन के कार्यकाल में दबोह मे तोड़े गए मकानों के सबाल पर रामेश्वर कौरव ने कहा वह वास्तविक मे अतिक्रमण था इसलिए हटाया गया था जायज अतिक्रमण तोड़ा गया था डॉ गोविन्द सिंह के द्वारा राहत भी दी गई थी उन्होंने अंत मे कहा भारतीय



जनता पार्टी के दवाव मे लगातार प्रशासन झूठे मुकदमे दर्ज कर रहा है साथ ही कर्मचारियों को हटाया जा रहा है ऐसा किया जाना नहीं चाहिये अभी बीते रोज नगर दबोह मे पार्षद ओर अध्यक्ष कांग्रेस छोड़ भाजपा मे गए है बो पैसो के लालच से गए है पैसा कामना उनका उद्देश्य है कांग्रेस के सम्भल पर जीत कर भाजपा मे गए उन्हें इस्तीफा देकर चुनाव लड़ना चाहिये।

**किसान विधुत व्यवस्था से परेशान -हाकिम चौधरी-** नगर परिषद दबोह के उपाध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी ने मीडिया के माध्यम से लहार विधायक अम्बरीश शर्मा गुड्डू भैया से कहा की अगर किसान के हित मे विकाश कर रहे है तो सबसे पहले क्षेत्र मे हो रहे परेशान किसान की समस्याओ को हल करे विधुत से परेशान किसान के लिए विधुत व्यवस्था को ठीक कराने का काम करे तो हम मानेगे की विधायक किसानो के हितो मे कार्य कर रहे है मेरी बात अगर उन्हें किसान हित मे लगे तो वह कार्य शीघ्र करे, प्रशासन ने अगर सुचार रूप से विधुत को लेकर कोई सुधार नहीं किया तो हम लहार एसडीएम को ज्ञापन देगे फिर भी सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन कर धरना प्रदर्शन करेंगे क्षेत्र की जनता की समस्या को लेकर प्रदेश की सोई हुई सरकार को जगाने का कार्य करेंगे अंत मे उन्होंने कहा प्रशासन कार्रवाही नियम अनुसार करे अगर डॉ गोविन्द सिंह ने कब्ड़ा किया है तो उन्होने कहा है मेरे द्वारा 1 इंच भी कब्ड़ा होगा हम खुद तोड़ने को तैयार है लेकिन प्रशासन अपनी तानाशाहीं बताकर कार्रवाही कर रहा है अगर अतिक्रमण था तो उन्हें नोटिस जारी कर समय देना चाहिए इस अवसर पर रामेश्वर कौरव पूर्व जनपद अध्यक्ष हाकिम चौधरी नगर परिषद उपाध्यक्ष, राजेन्द्र खेमरिया,राजपाल सिंह गुर्जर,रूपनारायण खटीक पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, पार्षद पप्पू पाल,पार्षद दुर्गा प्रसाद राठौर,पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना कौरव मौजूद रहे।



# आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा अवैध जहरीली मदिरा की रोकथाम हेतु अवैध मदिरा के विनिर्माण संग्रह विक्रय एवं अवैध परिवहन पर विशेष सतर्कता

एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान



के अंतर्गत कलेक्टर महोदय दतिया श्री संदीप माकिन एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता श्री प्रमोद कुमार झा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी दतिया श्री राकेश राणा के मार्गदर्शन में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी दतिया श्री टी आर वर्मा द्वारा दतिया में निम्न कार्यवाही की गई। (1) रेखा पत्नी विजय कंजर, उम्र 35 वर्ष, नि. झडिया कंजर डेरा से करन सागर ताल, दतिया पर 23 पाउच हाथभट्टी मदिरा (2) नमिता पत्नी रोहित कंजर,उम्र 21 वर्ष, निवासी प्रकाश नगर कंजर डेरा, दतिया से दिनारा रोड पुल के नीचे 25 पाउच हाथभट्टी मदिरा। (3) सतवती पत्नी सचिन कंजर उम्र 25 वर्ष निवासी झडिया कंजर डेरा से जिला अस्पताल के पीछे, दतिया पर 20 पाउच हाथभट्टी मदिरा। (4) सुनीता पत्नी इंदल कंजर उम्र 35 वर्ष निवासी सीतापुर कंजर डेरा से सोनागिर तिराहे पर 22 पाउच हाथभट्टी मदिरा (5) भांडेर रोड, बिडनिया पर झाड़ियों के पीछे एक जरी केन में 30 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई जिसमें से सैंपल लेकर जांच हेतु न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला ग्वालियर भेजा गया। मदिरा को जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 49(क) का एक प्रकरण एवं 34(1)क के अंतर्गत 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए जिनमें कुल 48 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई। जप्त मदिरा का कुल अनुमानित मूल्य 9600/- रुपए है। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक श्री संजय शर्मा, श्री मनीष यादव, श्री रवि बिसारिया, सुश्री याशनिका यादव एवं वाहन चालक श्री अजय गौतम का सराहनीय योगदान रहा।

# जिला पुलिस बल भिण्ड के पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजन के लिए हृदय एवं श्वसन रोगों संबंधित स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन



भिण्ड । दिनांक 25/07/24 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ. असित यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार पाठक एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय दीपक तोमर के मार्गदर्शन एवं संयोजन में देश के प्रसिद्ध चिकित्सा संस्थान मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम हरियाणा के हृदय एवं श्वसन रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं जांच दल द्वारा जिला पुलिस बल भिण्ड एवं एस ए एफ कंपनीज बल के पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण एवं उनके परिजन के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन , पुलिस लाइन अस्पताल एवं सामुदायिक भवन में किया गया । बरसात के मौसम में उमस गर्मी तथा कोरोना काल के बाद 45 साल से ऊपर के लोगों में आए दिन होने वाली श्वांस एवं हृदय संबंधित एवं मधुमेह , रक्तचाप आदि की समस्याओं को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों के रुटीन स्वास्थ्य चैकअप के साथ एक वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की आवश्यकता को महसूस करते हुए मेदांता अस्पताल गुरुग्राम के रीजनल मैनेजर साथ चर्चा कर उक्त शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 10:00 से प्रारंभ हुए शिविर में व्यवस्थित एवं क्रमानुसार पहले मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर फाइल तैयार की गई ,तथा बाद में उनके पल्स, ब्लड, हड्डियों ,ब्लडप्रेशर, ब्लडशुगर, ईसीजी आदि की आवश्यकतानुसार तकनीशियन की टीम द्वारा जांच की जाकर तत्पश्चात विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उनको उपचार परामर्श लेख कर दिया गया । शिविर में कुल 142 महिला/ पुरुष पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजन का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार परामर्श प्रदान किया गया । मेदांता अस्पताल के विशेषज्ञ दल में डॉ इशान बांदर श्वांस रोग, डॉ विजय शर्मा हृदय रोग, रमन गुप्ता एवं प्रदीप शर्मा रीजनल मैनेजर, मिस गुंजन, आरती नर्सिंगकर्मी, बेबी तकनीशियन, तथा रितिक एवं एम गोलू सहायक शामिल रहे ,साथ ही पुलिस लाइन अस्पताल भिण्ड के सहायक चिकित्सक सुनील भारद्वाज एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ मय रजिस्ट्रेशन सहायक आरक्षक संजय शिवहरे, महिला आरक्षक हेमलता तथा आयोजन व्यवस्था प्रभारी, अरविंद सिंह सिकरवार रक्षित निरीक्षक, सूबेदार आदित्य मिश्रा एवं स्टॉफ उपस्थित रहा, अपराह्न 3 बजे लंच के बाद शिविर समाप्त हुआ ।

# राजनीतिक दुर्भावना से मेरे खिलाफ कार्यवाही की जा रही है : डॉ. गोविंद सिंह

कांग्रेस कार्यकर्ता लहार में 09 अगस्त 2024 को भारत छोड़ो आंदोलन को क्रांति दिवस के रूप में मनाएंगे, क्रांति दिवस के कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह,कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी,नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार,पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह,पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अरुण यादव सहित कई वरिष्ठ नेता सम्लित होगें। भिण्ड । पूर्व नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह के लहार स्थित आवास पर अतिक्रमण को लेकर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी,पूर्व प्रदेश महामंत्री रामप्रकाश सिंह यादव,कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा,शहर जिलाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम शर्मा,रणवीर सिंह भदौरिया,श्यामसुंदर सिंह जादौन, मेहंगाव विधानसभा पूर्व प्रत्याशी राहुल सिंह भदौरिया,लायक सिंह गुर्जर समेत सभी कांग्रेस नेता एक मंच पर एकजुट नजर आए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. गोविंद सिंह ने आरोप लगाया है,कि लहार भाजपा विधायक अंबरीश शर्मा गुड्डू एवं भिंड जिला प्रशासन उनके खिलाफ राजनीतिक द्वेषभावना से ग्रस्त होकर कार्रवाई कर रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि उनका मकान पूरी तरह से वैध है,लहार में मेरी कोठी को सरकारी जमीन पर बना बताकर तोड़ने की कोशिश की जा रही है,यह कार्रवाई पूरी तरह से गलत है। डॉ. सिंह ने कहा कि उनके मकान की वैध रजिस्ट्रियां हैं,जो उन्होंने समय - समय पर अलग - अलग लोगों से अपने भाइयों के नाम करवाई हैं,अब भिंड जिला प्रशासन पूर्व में भेजी गई विशेषज्ञों की टीम की रिपोर्ट को भी मानने से इनकार कर रहा है,वह जबरन उनके मकान को शासकीय भूमि पर निर्मित (अतिक्रमण) होने का झूठा आरोप लगा रहा है,जबकि उनके पास पूर्व में भेजी गई प्रशासन की टीम का वह लिखित पत्र है,जिसमें उनकी बिल्डिंग को वैध बताया गया है। डॉ. सिंह का यह भी आरोप है,कि करीब 5 सैकड़ा पुलिसकर्मी जबरन उनके लहार वाले घर में घुस गए और तोड़फोड़ की वहां मौजूद लोगों से अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि मैने अपने लोगों को रोक रखा था,क्योंकि हम और हमारी कांग्रेस पार्टी गांधी विचारधारा के लोग हैं और हम गांधीवादी तरीके से ही लड़ाई लड़ेंगे। पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सरकार व उसके नेतागण कोई भी काम कानूनी प्रक्रिया के तहत न करते हुए तानाशाही तरीके से अवैधानिक काम कर रही हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दबाने के लिए बेवजह परेशान कर रही है, किंतु कांग्रेस पार्टी अपने किसी भी कार्यकर्ता पर जुल्म बर्दाश्त नहीं करेगी,बल्कि अन्याय के खिलाफ गांधीवादी विचारधारा को अपनाते हुए आंदोलनात्मक तरीकों से विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान कांग्रेस के अन्य नेताओं ने डॉ. गोविंद सिंह का समर्थन किया और भाजपा सरकार के इशारे पर इसे स्थानीय विधायक की तानाशाही बताया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.गोविंद सिंह ने गुरुवार दोपहर को अपने निवास टिकासरा भवन,भारौली तिराहा,भिंड में पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेश महामंत्री रामप्रकाश यादव,कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा, शहर अध्यक्ष डॉ.राधेश्याम शर्मा, रणवीर सिंह भदौरिया, रामहर्ष कुशवाह, श्यामसुंदर सिंह जादौन, मेहंगांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राहुल सिंह भदौरिया, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज देपुरिया, पानसिंह तोमर,कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी,सोशल मीडिया अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया व अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पत्रकारों से बातचीत में बताया कि लहार के वर्तमान विधायक अंबरीश शर्मा और भिंड कलेक्टर के इशारे पर उनकी कोठी पर सीमाकंन की यह कार्रवाई की जा रही है,जो कि पूरी तरह से गलत है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अन्याय के खिलाफ हम लोग धरना प्रदर्शन करेंगें,और जरूरत पड़ी तो सर्वोच्च न्यायालय तक भी जाएंगे।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल, भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# चहलारी घाट पर किया गया मॉक एक्सरसाइज का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर । घाघरा नदी के तट पर स्थित चहलारी घाट पर बा? आपदा से बचाव एवं सुरक्षा के दृष्टिगत मॉक एक्सरसाइज का आयोजन गुरुवार को किया गया। मॉक एक्सरसाइज के दौरान द्वितीय वाहिंनी पी0ए0सी0 के बा? राहत दल द्वारा बा? की सूचना पर खेतो में कार्य कर रहे ग्रामीणों का बचाव किए जाने के मॉक अभ्यास का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ द्वितीय वाहिंनी पी0एस0सी0 के आपदा बचाव दल द्वारा गहरी नदी में डूबते हुये व्यक्तियों को बचानें, चिकित्सकीय जांच एवं प्राथमिक उपचार के उपरान्त एंबुलेंस के माध्यम से चिकित्सालय भेजे जाने के मॉक अभ्यास का भी प्रदर्शन किया गया। नदी के किनारे स्थित मजरा सुंदरनगर में अचानक नदी के जलस्तर ब?ने से अधिक जलभराव होने की सूचना पर प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों को तत्काल सूचना देते हुए उन्हें पंचायत भवन चहलारी में बनाए गए बा? शरणालयध्राहत शिविर में पहुंचाने की भी मॉक अभ्यास का प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के उपरान्त सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मॉक ड्रिल के संबंध में अपने अनुभव को साझा किया तथा बाढ़ की आपदा से बचाव हेतु विभाग द्वारा की गयी तैयारियो के विषय में बताया गया। मॉक ड्रिल के दौरान उप जिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं



राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के आदेशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में इस मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बाढ़ की विभीषिका के दौरान राहत एवं बचाव की गतिविधियों का कुशल एवं त्वरित संचालन किया जा सकेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि नदी के गहरे जल में स्नान आदि हेतु न जायें एवं कोई भी आपदा होने पर तत्काल प्रशासन को अवगत करायें, जिससे त्वरित मदद की जा सके। आपदा बचाव दल के कमाण्डर जयवीर सिंह ने मॉक एक्सरसाइज के दौरान की गयी गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। चिकित्सा टीम द्वारा बाढ के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के विषय में लोगों को अवगत कराया गया।मॉक एक्सरसाइज के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल, जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार शुक्ला, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, नायब तहसीलदार ज्योति वर्मा एवं योगेश बाजपेयी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने की बैठक पंचायत के रिक्त पदों पर होगा चुनाव तैयारी शुरू

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के रिक्त पदों पर मतदान एवं मतगणना सकुशल सम्पन्न कराये जाने के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये कि जहां-जहां मतदान होना हैं, उन मतदान केन्द्रों पर जो भी कमियां उसे दूर किया जाये तथा मतदान केन्द्रों पर प्रकाश, स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। मतदान में लगने वाली सामग्री को देख लें, सभी सामग्री उपलब्ध रहें। यदि क्रय करने की आवश्यकता हैं तो ससमय क्रय कर ली जाये। ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन माला बाजपेयी को निर्देश दिये कि मतदान के समय पोलिंग पार्टियों की रवानगी हेतु वाहनों की आवश्यकता होगी तथा रूटचार्ट तैयार कर




लें, जिस प्रकार के वाहनों की आवश्यकता हो, उसकी मांग कर ली जाये तथा वीडियोग्राफी कराने हेतु जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिस गांव में मतदान हों, वहां के कर्मचारियों की ड्यूटी न लगायी जाये। मतगणना के लिये हाल चिन्हित कर लें तथा जहां पर मतगणना होनी है, वहां पर बैरीकेटिंग अवश्य की जाये ताकि कोई अव्यवस्था न उत्पन्न हो। बैलेट बाक्स की जानकारी करते हुये कहा कि बैलेट बाक्स के साथ बैलेट कवर भी साथ रखे जायें।जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टियों की रवावनी की स्थिति की जानकारी लेते हुये कहा कि हरगांव में रवानगी हेतु कोई स्कूल चिन्हित कर लें, जहां से रवानगी हो सके तथा स्ट्रांग रूम जहां बनाये जाने हैं, वहां भी जगह का चिन्हींकरण कर लें।अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने संबंधित को निर्देश दिये कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है, उनकी ड्यूटी न काटी जाये तथा योग्य लोग ही ड्यूटी के लिये रखे। उन्होंने पुलिस विभाग से कहा कि मतदान के समय पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती रखी जाये ताकि कोई परेशानी उत्पन्न हो। सभी को निर्वाचन शांतिपूर्ण, सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना है। उन्होंने कहा कि बरसात का समय है, उसके लिये भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किय जायें तथा मतपत्रों की गिनती सही रहे तथा पहले से ही मतपत्र चेक कर लें।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट साइट का डीएम ने किया औचक निरीक्षण मिटटी का अवैध खनन करने वालों पर गिरेगी कार्यवाही की गाज

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**



सीतापुर ।जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने ग्राम टेड़वा चिलौला स्थिति देहात कोतवाली के पीछे बने लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट साइट का किया औचक निरीक्षण। वर्ष 2021 में रीजनल सेन्टर फार अर्बन एंड एनवायरनमेंट स्टडीज द्वारा आगणित 20282 मीट्रिक टन के ठोस अपशिष्ट के ट्रीटमेंट एवम डिस्पोजल की कार्यवाही नगर पालिका परिषद सीतापुर द्वारा की गई।अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को बताया कि पूर्व में यह जमीन निःशुल्क ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु नगर पालिका परिषद सीतापुर को प्रदान की गई थी किंतु बाद में देहात कोतवाली एवम मदर्स प्राइड स्कूल के निर्माण हो जाने के कारण एन0जी0टी0 द्वारा स्कूल से 200 मीटर दूर ठोस अपशिष्ट निस्तारण के निर्देश दिए गए। एन0जी0टी0 के निर्देश की अनुपालन नगर पालिका परिषद सीतापुर द्वारा करते हुए बाउंड्रीवाल का निर्माण कराकर अपशिष्ट निस्तारण की कार्यवाही की जा रही है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर ने जिलाधिकारी महोदय की यह भी बताया कि लिगेसी वेस्ट साइट घोषित हो जाने कारण लीगेस्ट वेस्ट का कार्य करा दिया गया है। अब किसी भी प्रकार का कूड़ा नही डाला जा रहा है।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया कि पूर्व में डाले गए कूड़े को त्ब्न्ै द्वारा पुनः सर्वे कराकर कूड़े का निस्तारण करने हेतु डी0पी0आर तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।उक्त कूड़ा निस्तारण स्थल पर जिलाधिकारी को मिट्टी खनन का गड्ढा मिला जहाँ की मिट्टी गायब थी। जिलाधिकारी महोदय ने इस खनन की जानकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका वैभव त्रिपाठी से लिया तो वैभव त्रिपाठी ने उत्तर देते हुए जिलाधिकारी को बताया कि इस खनन की जानकारी नही है। कोई चोरी से खनन किया है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने चोरी से हुए खनन की जानकारी लेने हेतु निरीक्षक कोतवाली देहात को बुलवाकर जानकारी लिया तो निरीक्षक कोतवाली देहात ने बताया कि सर हमारी तैनाती के पूर्व यह खनन हो चुका था।मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी सदर बाल कृष्ण सिंह को निर्देश दिया कि जितनी जमीन में खनन हुआ है उसकी फर्द बनाकर जिला खनन अधिकारी को नोटिस जारी कर चोरी से मिट्टी खनन करने वाले को चिन्हित कर अविलंब कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, की गई कार्यवाही से अवगत कराएं।इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर बाल कृष्ण सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री नगर विकास राकेश राठौर गुरु ने किया वृक्षारोपण का शुभारम्भ



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर । राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 सीतापुर वैदेही वाटिका के निकट जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी नवीन खंडेलवाल, रेडिको खेतान प्रतिनिधि, प्रबंधक राष्ट्रीय राजमार्ग 24 प्रमोद कुमार सिंह आदि की उपस्थित में माननीय राज्यमंत्री नगर विकास राकेश राठौर ने बॉटल पाम के पौधे को रोपित कर वृक्षारोपण का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने भी इस मुहिम में पौधरोपित कर प्रबंधन राजमार्ग प्रमोद कुमार सिंह को निर्देशित किया कि जो भी पौधे रोपित किये जा रहे हैं उनकी देखभाल व संरक्षण की जिम्मेदारी मन से निभायें और सभी पौधों को बचाना भी है। मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर निधि बंसल ने कहा कि इस मुहिम के माध्यम से इस राजमार्ग का सौंदर्यीकरण होगा। साथ ही साथ विभिन्न तरीके से होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी। राजमार्ग के सौंदर्यीकरण हेतु विशेष प्रजाति के पौधे रोपित किये जा रहे हैं, जिससे यह राजमार्ग का दृश्य आकर्षक होगा।

## अधिवक्ताओं ने पौध रोपित कर वृक्ष बनने तक देखभाल करने का लिया निर्णय



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

*सीतापुर। प्रधानमंत्री के आवाहन पर '' एक पेड़ मॉ के नाम'' अभियान के तहत बुधवार को सीतापुर कचेहरी प्रांगण में अधिवक्ताओं द्वारा धरती मॉ के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट करते हुए पौध रोपित किया। पौधरोपण बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अवस्थी द्वारा किया गया, जबकि पौध की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वकील साब ट्रस्ट के प्रमुख अधिवक्ता किशोर मोहन सक्सेना द्वारा ट्री-गार्ड अधिवक्ता सूरज राय को भेंट किया गया। इस दौरान बार एसोसिएशन के सचिव दिनेश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय, आरती राय, नेहा कुलसुम, हेमलता, कौशलेन्द्र सिंह, अरूण कुमार, रत्नेश द्विवेदी, आदित्य गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, अक्षय सहाय, अशोक चैधरी, सुरेश प्रकाश गौतम, जयपाल, रजनीश विक्रम, लाल बहादुर श्रीवास्तव, अनूप त्रिपाठी, राघवेन्द्र सिंह, विजय राय, सुनील, आलोक बाजपेयी, वसीमुल हक, संदीप पाण्डेय, विकास सक्सेना आदि लोगो ने उपस्थित रहकर पौध के वृक्ष बनने तक उसके देखभाल का निर्णय लिया।*

**खाता न बही लेखपाल राहुल तिवारी जो बोले वही है सही!**

## बलिया ने अवैध कब्जा हटवाया तो लेखपाल राहुल तिवारी ने फिर करवा दिया अवैध कब्जा क्या घपलेबाजी में राहुल तिवारी को हासिल है महारत

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर। लेखपाल राहुल तिवारी के गुनाहों भरे कारनामों के जिन्न अब बोतल से बाहर आने लगे है। पहला मामला लेखपाल राहुल तिवारी का ग्रामसभा भगवानपुर का है, जिसका दूसरा सीतापुर बाहर भी है। लेखपाल राहुल तिवारी ने भगवानपुर मे जिस तरह से खेल खेला है उससे तो साफ जाहिर हो रहा है कि लेखपाल खुलेआम भूमाफियाओं और दबंगों के हाथों की कठपुतली केवल अपने निजी स्वार्थ में बनकर रह गये है। दाखिल खारिज व सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करवाना लेखपाल के अधिकार में नही है। पता चला कि भगवानपुर ग्रामसभा में लेखपाल बलिया ने बड़ी मुश्किल से इंसाफी कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जा हटावा था और सरकारी जमीन सरकार की सम्पत्ति का हिस्सा बनाया था। इसी बीच बलिया का तबादला हो गया और तबादला एक्सप्रेस के चलते ग्रामसभा के




लेखपाल राहुल तिवारी को बनाया गया। राहुल तिवारी ने सभी रिकार्ड तोड़ते हुए जो जमीन बलिया ने खाली करवाई थी उस पर फिर से कब्जा करवा दिया। इस मामले को लेकर ग्रामसभा के लोग राहुल तिवारी का विरोध कर रहे है और उनके विरूद्ध शिकायतों के साथ ही बड़ा आन्दोलन करने की सोच रहे हैं। ग्राससभा के एक दो दस नही बल्कि तमाम लोगो ने बताया कि राहुल तिवारी लेखपाल ने पैसे लेकर इस तरह से सरकारी जमीन पर कथित भूमाफियाओं को कब्जा करवाया है। वसूली का कार्य सबसे अधिक श्री तिवारी के दोनो हैण्ड कर रहे है। इस समय आलम यह है कि लेखपाल राहुल तिवारी की सीट से बिना पैसों के कोई काम ही नही होता है। जब तक राहुल तिवारी के हैण्ड उनको इशारा नही देते है कि पैसे मिल चुके है तब तक राहुल तिवारी फाइल पर हस्ताक्षर तक नही करते है। इस समय लेखपाल डीएम से लेकर शासन के आदेशों, निर्देशों और नियमों को ताख पर रखकर कार्य कर रहे है। जनता लगातार विरोध कर रही है लेखपाल राहुल तिवारी के विरूद्ध शिकायतें भी हो रही है इसके बाद भी राहुल तिवारी अपने पैसे और पावर के दम पर ग्रामीणों की आवाज को दबाने का काम कर रहे है। पैसों के दम पर वह शिकायतों की कार्यवाही को दबवा देते है। उधर ग्रामीण भी आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना रहे है। ग्रामीणो का कहना है कि लेखपाल राहुल तिवारी के लिये नियम कोई मायने ही नही रखते है लेखपाल राहुल तिवारी न तो खाता देखते है और न ही बहीं जो राहुल तिवारी कहे वही सही है। यहां तक राहुल तिवारी के हैण्डों द्वारा अब आय, निवास और जाति प्रमाण पत्र पर आख्या लगवाने की कीमत ली जाने लगी है। इसकी कोई सरकारी रसीद नही दी जाती हैं पहले आख्या लगवाई सौ रूपये लिये जाते थे लेकिन अब राहुल के हैण्डों ने डीएम सख्त है का डंका पीटकर सौ की जगह पांच सौ रूपये लेने शुरू कर दिये है। यह पांच सौ रूपये हैण्डों का मेहनताना है। हैण्ड मेहनताना तो ले रहे है बल्कि उनकी तैनाती किस आधार पर की गई है इसका जवाब तो लेखपाल राहुल तिवारी को ही देना है। लेकिन राहुल तिवारी अपनी पकड़ और पैसो के दम पर इस तरह का कार्य करवा रहे हैं ।

## पूर्व शिक्षक के निधन पर हुआ शोक सभा का अयोजन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

*तम्बौर सीतापुर। प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान और दारुल उलूम देवबंद के पूर्व शिक्षक हजरत मौलाना मुफ्ती शकील अहमद के निधन पर गुरुवार को कस्बे के मदरसा जियाउल उलूम में शोकसभा हुई। जिसमे मदरसे के मोहतमिम मौलाना शाहिद अली ने कहा की मुफ्ती साहेब बहुत अच्छे मुकर्रर और खतीब थे। मुफ्ती मोहम्मद खबीर नदवी ने कहा की मुफ्ती साहेब के रूप में एक इल्मी और अदबी नुकसान हुआ है। दारुल उलूम जैसे शिक्षण संस्थान में बतौर शिक्षक काम करने बाद तम्बौर जैसे ग्रामीण इलाके में शैक्षिक सुधार लाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा की वह अपनी तकरीर में बहुत कम समय बहुत आला बात कहने का हुनर रखते थे। ईदगाह इमाम मौलाना इदरीस ने बताया की वह कस्बे ही नही बल्कि जिले की शान थे। इसके अलावा मौलाना सुहैल नदवी, मौलाना नबीउद्दीन नदवी, मुंशी एहतिशाम, कारी मोईद, मो जियाउल हक, शेख मेराज, मौलाना कमाल अहमद आदि मौजूद रहे।*

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर। जनपद के सदरपुर थाना क्षेत्र में डीसीएम एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में डीसीएम चला रहे गाड़ी के मालिक की मौत हो गई। जबकि बगल की सीट पर बैठा डीसीएम चालक घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र में पांच बजे एक डीसीएम बरेली से कुरकुरे लादकर बहराइच की ओर जा रही थी। सीतापुर-बहराइच मार्ग पर लोनियनपुरवा व धामीसरांय के बीच गाड़ी सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।हादसे में बरेली के थाना बंभौरा गांव रामपुर निवासी डीसीएम मालिक अशोक मिश्रा (45) केबिन में फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे केबिन से बाहर निकलवाया और बिसवां सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।वहीं केबिन में सो रहा डीसीएम चालक सोनू शर्मा भी घायल हो गया। उसे बिसवां सीएचसी में भर्ती कराया गया है। एसओ राकेश सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अगर ग्रीन बेल्ट हुआ कब्जा तो सबसे बड़ा रोल असलहा बाबू का

### हुआ खुलासा करीब ग्याहर विभागों से एनओसी लेने के बाद खुलता है पेट्रोल पम्प

### क्या सीतापुर के भूमाफिया पड़ रहे सरकारी सिस्टम पर भारी

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

सीतापुर। जब पेट्रोल पम्प के लिये जमीन का चयन किया जाता है तो यह चयन इतनी प्रक्रियाओं से होकर गुजरता है कि इसमें धोखाधड़ी की कोई गुजांइश ही नही रह जाती है। डीएसओ कार्यालय के अधिकारियों की माने तो पेट्रोल पम्प के चयन में एक दो नही करीब ग्यारह विभागों की एनओसी से जमीन को गुजरना होता है। हर विभाग अपनी अलग अलग एनओसी देता है इसके बाद अंतिम एनओसी डीएम कार्यालय से पास होती है तब जाकर जमीन पेट्रोल पम्प के लिये पास होती है। इस एनओसी में सबसे बड़ा रोल कलेक्ट्रेट के असलहा बाबू का रहता है

# सीसीटीवी कैमरे को चालू कराने के लिए सभासद आरती जयसवाल ने डीएम और कमिश्नर को भेजा पत्र

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अयोध्या। जिले के गोसाईगंज नगर पंचायत के तेलियागढ़,भीटी चौराहा तथा बस स्टॉप पर लगे वर्षों से ?राब प? सीसीटीवी कैमरे को चालू कराने के लिए सभासद आरती जयसवाल ने मंडलायुक्त अयोध्या तथा जिलाधिकारी अयोध्या को पत्र भेजकर जनहित में अविलंब उसको चालू करने की मांग की हैं!मालूम हों कि श्रीमती जायसवाल ने बीते माह तमसा बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं सभासद एस0 के राष्ट्रीय सचिव अशोक चौरसिया व सभासद ध्रुव भोजवाल के साथ ईओ गोशाईगंज को मांग पत्र देकर



अविलंब उसे चालू कराने की माग की थी लेकीन आज तक कोई कामयाबी नही मिली।गौरतलब हो कि गोसाईगंज बाजार में असामाजिक एवं शरारती तत्वों की रोकथाम के लिए पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी ÷खब्बू÷ ने अपनी निधि से तेलियाग?,भीटी चौराहा एवं कटरा-बस स्टॉप पर सीसीटीवी कैमरे को लगवाया था!थाना परिसर से मॉनिटरिंग होने वाले सीसीटीवी कैमरे के लग जाने से जहां कस्बे वासी विधायक खब्बू तिवारी की प्रशंसा करते नहीं थकते थे वही बाजार में आए दिन घटने वाली आपराधिक घटनाओं का भी पुलिस इसी सीसीटीवीं कैमरे की मदद से घटना का पर्दाफास कर अपराधियों को अपने शिकंजे में लेकर जेल भेज देती थी!लेकिन इधर बीते 2 सालो से देखरेख के अभाव मे कैमरे ने काम करना बंद कर दिया है।

# दुष्कर्म के मामले में 12 घण्टे के अन्दर अहिरौली पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।दुष्कर्म के मामले में 12 घण्टे के अन्दर अहिरौली पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार जनपद पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 213/24 धारा 64/115(2)/352/351(2) बी0एन0एस0 2023 व 3(2)वी 3(1)द,ध एस सी/एस्टी एक्ट से सम्बन्धित एक नफर नामजद पुलिस के मुताबिक अभियुक्त को थाना अहिरौली पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना



स्थानीय पर पंजीकृत नामजद अभियुक्त रामकृष्ण सिंह उर्फ कृष्णा पुत्र शैलेन्द्र सिंह निवासी जैतपुर खास थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर को मुखबिर की सूचना पर यादव नगर तिराहे से आगे समय करीब 07.20 ए एम पर गिरफ्तार किया गया। अभियोग पंजीकृत होने के उपरांत त्वरित कार्यवाही करते हुए 12 घंटे के अंदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

*घटना का संक्षिप्त विवरण–वादिनी गुड्ईया ताल के पास बैठकर अपनी भैंस-बकरी चरा रही थी उसी समय अभियुक्त कृष्ण सिहं द्वारा वादिनी के साथ दुष्कर्म की घटना कारित करना विवरण नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त रामकृष्ण सिंह उर्फ कृष्णा पुत्र शैलेन्द्र सिंह निवासी जैतपुर खास थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर।

**विवरण अपराधिक इतिहास–**

मु0अ0सं0 213/24 धारा 64/115(2)/352/351(2) बी0एन0एस0 2023 व 3(2)ङ्क 3(1)द,ध स्ष्ट/स्ञ्ज एक्ट

***विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम**

–थानाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय
उ0नि0 रामसुमेर यादव,उ0नि0 प्रशिक्षु श्री विवेक कुमार मिश्र ,का0 गौतम कुमार राम,का0 विशाल यादव रहे।

# *मिनी बैंक संचालक से नकाबपोश बदमाशों ने चाकू की नोक पर लूट कर फैलाई दहशत

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने का दंभ भरने वाली मालीपुर पुलिस फेल नजर आ रही है। नतीजन गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे बेखौफ बदमाशों ने एक मिनी बैंक संचालक से सत्तर हजार रुपए चाकू की नोक पर लूट लिया। दिनदहाड़े लूट की घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है।मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के खपुरा गांव के निकट स्थित तीन पल्सर सवार नकाबपोशो ने एक मिनी बैंक संचालक के भाई से चाकू के नोक पर लगभग सत्तर हजार रुपए की छिनैती कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार भिस्वा चितौना गांव निवासी राज मोहन चितौना कला में बैंक ऑफ बड़ौदा के मिनी ब्रांच का संचालन करता है। राज मोहन का भाई विकास मिनी ब्रांच से सत्तर हजार रुपया लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा के मालीपुर शाखा में जमा करने जा रहा था। जैसे ही वह खपूरा गांव के निकट सरकारी ट्यूबवेल के पास पहुंचा तभी अचानक तीन युवक पल्सर बाइक से सवार हो कर पहुंचे और चाकू की नोक पर उससे रुपया छीन कर फरार हो गए।लूट की सूचना पर मालीपुर पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी। घटना की जानकारी होने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली गई तथा पीड़ित से जानकारी लेने के पश्चात बताया गया कि पीड़ित के एक जेब में 67000 रूपये तथा दूसरे जेब में ?18000 और मोबाइल बताया गया पीड़ित के द्वारा घटनाक्रम में अभियुक्तों के बारे में हुलिया की कोई जानकारी भी नहीं दी जा पा रही है और न तो बाइक के बारे में। यहां पर एक प्रश्न यह भी उड़ता है कि अगर छिनैती करने आए लोगों द्वारा छिनैती करनी थी तो केवल एक ही जब का पैसा लेकर चले गए और दूसरे जेब में 18000 रुपए और मोबाइल छोड़ दिए। पुलिस के पहुंचने के पश्चात वहां क्षेत्रीय लोगों से जानकारी प्राप्त करने के पश्चात यह पता चला कि जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तब लोगों को इस घटना के बारे में जानकारी हुई इसके पश्चात क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष द्वारा कहा गया घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा ।

# अस्पताल संचालक को दी गई नोटिस, कागजात न होने पर बंद करने की चेतावनी*

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**



अम्बेडकर नगर।अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पताल को नोटिस देकर बंद करने की हिदायत दी गई है दोबारा बिना कागजात के संचालित पाए जाने पर विधिक कार्रवाई के साथ सील करने की हिदायत अस्पताल संचालक को दी गई है।जानकारी के मुताबिक कटेहरी सीएचसी अंतर्गत मनसापुर कुटी के पास एक अवैध रूप से बिना नाम व रजिस्ट्रेशन के अस्पताल का संचालन बिना डिग्री धारक चिकित्सक के द्वारा किया जा रहा था। मरीज को भर्ती करने के साथ ही दूसरे अस्पताल में दिखाने की सलाह के साथ मेडिकल स्टोर का भी संचालन किया जा रहा था। कटेहरी सीएचसी अधीक्षक अंकुश वर्मा को जानकारी होने पर बृहस्पतिवार दोपहर पहुंच कर उक्त अस्पताल के संचालक उमेश कुमार को नोटिस देते हुए सख्त हिदायत दी गई है।

# पीड़ित पिता ने नर्स समेत कर्मचारियों के भ्रष्टाचार व मनमानी की मुख्यमंत्री से की शिकायत*

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। जनपद के सीएचसी नगपुर स्थित प्रसव केंद्र पर दो दिन पहले नवजात की मौत हो जाने पर परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही व अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दिया है। जैतपुर थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी जितेंद्र कुमार ने शिकायत किया है कि उसने अपनी गर्भवती पत्नी वंदना पाल को प्रसव के लिए बीते 19 जुलाई को सुबह दस बजे नगपुर में भर्ती कराया था। दोपहर करीब 12:30 बजे ड्यूटी पर तैनात नर्स कमलेश ने बताया कि बच्ची पैदा हुई है जिसके शरीर मे गंदा पानी जाने से बार बार हिचकी आ रही है और दूध नही पी रही है। जिसका इलाज चल रहा है।उसी रात करीब 1 बजे बच्ची की तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो ड्यूटी पर तैनात नर्स को सूचित करते हुए डॉक्टर को बुलाने को कहा लेकिन बच्ची के गंभीर हालत होने के बावजूद भी कोई डॉक्टर बच्ची को देखने नहीं आया। किसी तरह रात बिताने के बाद सुबह लगभग आठ बजे ड्यूटी पर तैनात कमलेश नर्स आई और बताया कि इंजेक्शन नहीं लगा है। इंजेक्शन लगाने से हिचकी ठीक हो जाएगी। उसके बाद नर्स ने इंजेक्शन लगाकर मेरी पत्नी को डिस्चार्ज कर घर ले जाने की बात कही। पीड़ित पिता ने आरोप लगाते हुए बताया कि डिस्चार्ज करने के बदले में मुझसे 2 हजार 5 सौ रुपये लिया गया तथा बाहर से दवा मगाने का 1 हजार 3 सौ रुपये खर्च हुआ। डिस्चार्ज होने के बाद मैं अपनी पत्नी और बच्ची को लेकर घर गया।घर पहुंचते ही बच्ची का पेट फूल आया और हालत खराब होने लगी। लगातार हिचकी भी आने लगी, जिससे घबराकर बच्ची को शाहगंज निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने बताया कि शरीर में गंदा पानी चले जाने के कारण किडनी फेल हो गयी है और हालत गम्भीर है जिसे बचाना मुश्किल है। तत्पश्चात 21 जुलाई को उपचार के दौरान बच्ची की मृत्यु हो गई। पीड़ित पिता ने सिस्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जलालपुर कोतवाली और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की है। अधीक्षक डॉक्टर जय प्रकाश ने कहा कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# विजिलेंस टीम के निशाने पर किसान, होटल और फैक्ट्रियां की बिजली चोरी रोकने में नाकाम

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। विद्युत चोरी को रोकने के लिए शासन द्वारा जनपदों में विद्युत थाने खोले गए हैं जिनका कार्य विद्युत चोरी करने वालों पर कार्यवाही करना है लेकिन यहां मामला उल्टा हो गया है। अब विद्युत थाने बड़े होटलों और फैक्ट्रियों की बिजली चोरी न पड़कर सूखे के मौसम में अन्नदाता के दो फेस के मोटर और गरीबों की झोपड़ी में जलने वाले बल्बों पर भाग दौड़ करके अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। होटल और फैक्ट्री मालिकों से साठ-गांठ करके अपनी जेब भरकर मालामाल हो रहे हैं। विद्युत विभाग का थाना खुले जनपद में काफी दिन हो गया है लेकिन अभी तक यह सूचना नहीं मिल पाई है कि किसी बड़े होटल अथवा फैक्ट्री में विद्युत की चोरी पड़कर विद्युत विभाग के थाने ने सरकार के राजस्व को बड़ाया है।अब सवाल यह उठता है कि जनपद में अन्नदाता और गरीबों के अलावा कोई विद्युत चोरी करता ही नहीं और अगर करता है तो विद्युत विभाग का थाना उसे पकड़ता क्यों नहीं किसी विचारणीय प्रश्न को लेकर जिले का आम आदमी ही परेशान है और प्रदेश के संवेदनशील और जन प्रिय मुख्यमंत्री से यह आस लगाए बैठा है। आखिर कब तक बिजली विभाग के थानों का आतंक जिले के गरीबों और अन्नदाताओं पर होता रहेगा। नाम न छापने के शर्त पर एक दर्जन लोगों ने लिखित रूप से बताया कि विद्युत विभाग के लोग चेकिंग के नाम पर अन्नदाताओं के मोटर पकड़ते हैं, कार्यालय में बुलाते हैं, सेटिंग हो गई तो जाइए नहीं हो पाई तो आपके खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा यह खेल विद्युत विभाग के थाने द्वारा कब तक होगा और सूबे के जनप्रिय मुख्यमंत्री जी के आखों से बचे रहेंगे ,इसी बात का जनता को बेसब्री से इंतजार है।

# अवैध संबंधों के शक में पति ने किया पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अयोध्या।अवैध संबंधों के शक में पोल्ट्री फॉर्म कर्मी ने अपनों पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। शव को कुएं में छुपा दिया। मामले में पुलिस ने हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। उसने जुर्म भी कबूल लिया है। कोतवाली पुलिस को पोल्ट्री फॉर्म संचालक वसीम खान ने सूचना दी कि उसकी फॉर्म में उछाहपाली गांव के दंपति काम करते थे। 2 दिन पहले पत्नी लापता हो गई थी। अब पति भी गायब हो गया है। जानकारी मिलने के बाद थाना कोतवाली इनायत नगर के प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने उछाहपाली गांव पहुंचकर जांच शुरू की। लापता पति-पत्नी की खोज में पुलिस टीम जुट गई। काफी कोशिश प्रयास के बाद पुलिस ने पति को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर शव को कुएं में छुपाने की बात कबूल किया है। आरोपी ने पुलिस को यह भी बताया है कि पत्नी का दूसरे व्यक्ति से संबंध होने की मुझे शंका थी। जिसके चलते मैंने इसकी गला घोंट कर हत्या कर दी। पत्नी की हत्या के बारे में कोई और न जानने पाए इसीलिए शव को कुएं में छुपा दिया था। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर कुएं से मृतका के शव को बरामद कर थाने ले आई। जहां पर पंचनामा कराने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतका के भाई ने अपने बाहन की हत्या करने वाले आरोपी बहनोई के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस से हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# श्री नवदुर्गा कांवरिया मंडल के नेतृत्व में निकाली गई भव्य कावड़ यात्रा





**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।श्री नवदुर्गा कांवरिया मंडल अध्यक्ष सोनू गौड़ के नेतृत्व में गुरुवार को भव्य कावड़ यात्रा रवाना हुई। यात्रा में शामिल शिवभक्त और कावड़िया हर हर महादेव के जयकारों के साथ दुर्गा माता मंदिर दर्शन कर यादव चौराहा से निकल कर कोतवाली होते हुए श्री शीतला माता मठिया मंदिर पंहुचा । यादव चौराहा पर सभासद प्रत्याशी रहे दुर्गेश अग्रहरि ने कावड़ियों को सूक्ष्म जलपान कराया। कावड़ यात्रा के दौरान कोतवाली गेट पहुंचने पर कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि भाजपा नगर उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल और राजेश कुमार जायसवाल समेत कावड़ियो का स्वागत किया। नव दुर्गा कांवरिया टीम द्वारा कोतवाल को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। भाजपा नगर उपाध्यक्ष आशाराम मौर्य,समाजसेवी मोहन जायसवाल, भाजपा नगर मंत्री अमित गुप्त,सभासद प्रतिनिधि दिलीप यादव आदि उपस्थित में कोतवाल द्वारा भगवा ध्वज लहराते कावड़ियों को रवाना किया गया। बोल बम के जयकारों के साथ शिव भक्तों का समूह डीजे पर बजा रहे भक्ति गानों पर नाचते हुए नजर आए । नगर महामंत्री कृष्ण गोपाल गुप्त, विकाश निषाद,दुर्गेश अग्रहरि, आदि श्रद्धालुओं ने कावड़ियों के संग पूरी श्रद्धा और भक्ति से भगवान भोलेनाथ के बोल बम ,हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए कावड़ यात्रा को विदाई दी। अध्यक्ष सोनू गौड़ ने बताया कि श्री शीतला माता मठिया मंदिर दर्शन करने के उपरांत कांवरिया बाबा बैजनाथ धाम के जलभिषेक करने के लिए प्रस्थान कर जाते हैं। उन्होंने बताया कि सावन माह में जल चढ़ाने से भक्तों के ऊपर बाबा हमेशा आशीर्वाद बनाए रखते हैं। इस अवसर पर मंगल मद्धेशिया, गौतम मद्धेशिया,सुरेश सोनकर,रविंद्र यादव ,राजेश गौड़ आदि कावड़ यात्रा में शामिल रहे।

# अकबरपुर शहर को मिलेंगे दो नए मोबाइल ट्रांसफॉर्मर*

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

*अम्बेडकर नगर। अकबरपुर बिजली उपकेंद्र को शीघ्र ही 400 केवीए क्षमता के दो मोबाइल ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध होंगे। इससे यदि कहीं ट्रांसफॉर्मर फुंकता है तो उसके स्थान पर मोबाइल ट्रांसफॉर्मर लगाकर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उधर अकबरपुर नगर के छह क्षेत्रों में न सिर्फ जर्जर हो चुके केबल को बदले जाने का कार्य तेजी से चल रहा है बल्कि कांवड़ा यात्रा मार्ग पर आने वाले बिजली के खंभों पर पीली पन्नी लगाए जाने का कार्य भी अंतिम दौर में है।उपभोक्ताओं को सुचारु बिजली उपलब्ध कराने को लेकर न सिर्फ जर्जर हो चुके उपकरणों व केबल को बदला जा रहा बल्कि ओवरलोड चल रहे ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि भी की जा रही है। इसी क्रम में अब अकबरपुर बिजली उपकेंद्र को शीघ्र ही दो नए मोबाइल ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध होंगे। 400 क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर के उपलब्ध होने से अकबरपुर बिजली उपकेंद्र में मोबाइल ट्रांसफॉर्मरों की संख्या बढ़कर चार हो जाएगी। अकबरपुर बिजली उपकेंद्र कार्यालय के अनुसार दो नए मोबाइल ट्रांसफॉर्मर की उपलब्धता से उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से बिजली उपलब्ध कराया जा सकेगा। यदि कहीं भी ट्रांसफॉर्मर फुंकता है तो तत्काल वहां मोबाइल ट्रांसफॉर्मर लगाकर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इसके साथ ही अकबरपुर नगर के कृष्णानगर कॉलोनी, इंद्रलोक कॉलोनी, तमसा मार्ग, रसूलपुर हौजपट्टी समेत छह स्थानों पर जर्जर हो चुके केबल को भी बदले जाने का कार्य तेजी से चल रहा है।इस बीच अधिशासी अभियंता बिजली संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि कांवड़ यात्रा वाले मार्गों पर स्थित लोहे के खंभों पर पीली पन्नी लगाए जाने जाने का कार्य अंतिम दौर में है। इसके अलावा संबंधित मार्ग पर तारों को भी दुरुस्त किया जा रहा है।*

# शिक्षकों की कमी को लेकर ABVP का धरना प्रदर्शनः शिक्षक नहीं होने से छात्रों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया, छात्रों का आरोप प्राइवेट स्कुल कर रहे मनमानी

**रिपोर्टर- दिनेश शुक्ला**

आलोट।आलोट में शिक्षकों की कमी को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। ABVP के छात्र आलोट विकासखंड के बाहर सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों की मांग है कि पूरे विकासखंड में शिक्षकों की कमी है,ऐसे में छात्रों की पढ़ाई पूरी नहीं हो पा रही है।इसी के विरोध मे छात्र सड़क पर बैठकर लगातार नारेबाजी भी कर रहे हैं। छात्रों को समझाइस देने के मौके पर आलोट तहसीलदार सोनम भगत,आलोट एसडीएम सुनील कुमार जायसवाल, थाना प्रभारी संतोष चौरसिया मौके पर पहुंचे लेकिन छात्रों ने धरना जारी रखा।

**महावीर विद्यालय पर कार्यवाही की मांग**-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र आलोट के महावीर विद्यालय पर भी पुस्तकों में गड़बड़ी करने का आरोप लगा रहे हैं।



ABVP प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जतिन दायमा ने कहा की विद्यालय द्वारा तय दुकान से ही किताबें व छात्रों की ड्रेस खरीदने को पालक मजबूर है,जहां विद्यालय का भारी कमीशन है।

**कराडिया में दो-दिन तक चला छात्रों का धरना**-2 दिन तक कराडीया में चला धरना एक दिन पूर्व ही समाप्त हुआ है। यहां शिक्षकों की कमी को लेकर कांग्रेस नेता व छात्र भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी के सी शर्मा ने पहुंचकर दो शिक्षकों की नियुक्ति के निर्देश दिए तब जाकर धरना समाप्त हुवा था।

**ब्लॉक के 298 स्कूलों में 452 शिक्षकों की कमी**- आलोट ब्लॉक में 269 प्राथमिक माध्यमिक स्कूल हैं जबकि 16 हाईस्कूल व 13 हायर सेकंडरी हैं। इन 298 स्कूलों 715 शिक्षक ही पदस्थ जबकि होना 1167 चाहिए। यानी अभी 452 शिक्षकों की कमी है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों की कराड़िया में तो भूख हड़ताल से पदपूर्ति हो गई लेकिन बाकी स्कूलों का क्या होगा। शासन-प्रशासन को इस मुद्दे को भी गंभीरता से लेना चाहिए।

# बदल रही लालाओ की फिजा-अब बन्दुक को सही दिशा दे रहे,मध्य प्रदेश स्टेट राइफल चैंपियनशिप मे आलोट की अलसीफा ने जूनियर,सीनियर,यूथ को हराकर जीते तीन गोल्ड मेडल।

**रिपोर्टर - दिनेश शुक्ला**




आलोट। मध्यप्रदेश राईफल एसोशिएसन संघ द्वारा 11वीं स्टेल लेवल राईफल शुटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शोर्य शुटिंग क्लब इंदौर की ओर से खेलते हुए गुरुवार को आलोट की रहने वाली अल्शिफा पिता आसिफ खान ने तीन केटेगरिय में गोल्ड मेडल जीता।

**राज्य स्तरीय पर हुई प्रतियोगिता,**-प्रतियोगिता संघ के स्टेट लेवल पर हुई। जिसे जबलपुर के गन फोर ग्लोरी शूटिंग अकेडमी में इसका आयोजन हुआ। पुरे साल मेहनत करने के बाद फाईनल शुटिंग के दौरान अल्शिफा ने 305 अंक हासिल किये।

**बिना कोच के 3 नो केटेगरिय में जीते गोल्ड**- अल्शिफा की कड़ी मेहनत के बाद तीनो केटेगरिय में गोल्ड मेडल जीता। ओपन साईड राईफल में जूनियर केटेगरिय, सिनीयर केटेगरिय और यूथ केटेगरिय में गोल्ड हासिल किया।अल्शिफा ने अपने घर पर ही मेहनत कर ये मुकाम हासिल किया है। राइफल शूटिंग की शुरुआत तो अल्शिफा ने वर्ष 2001 में ही कर दी थी, इस दौरान पिता आसिफ खान ने कोच की नियुक्ति भी एक वर्ष तक करवा दी।

**प्रैक्टिस के लिए घर पर ही बनवाया शूटिंग रेंज**-आलोट जावरा मैं शूटिंग रेंज नहीं होने के कारण भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ा बाद में पिता ने खुद के खर्चे से ही घर परशूटिंग रेंज बनाया, जिसमें खूब प्रैक्टिस की।अपनी मेहनत और लगन से आज स्टेट लेवल के टूर्नामेंट में अल्शिफा ने तीनों कैटेगरी मेंगोल्ड मेडल जीते हैं।

# भारतीय किसान संघ की बैठक सम्पन्न



**दैनिक केशरिया हिंदुस्तान**
**संभागीय ब्यूरो चीफ-पुरषोत्तम साहू**

दमोह/पटेरा- भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला दमोह की पटेरा तहसील ईकाई की बैठक तहसील अध्यक्ष श्री दुर्गा प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण (कुंडलपुर) में सम्पन्न हुई। जिसमें किसानो की समस्या पर समीक्षा एवं समाधान की विस्तृत चर्चा हुई। तहसील अध्यक्ष दुर्गा मिश्रा ने पटेरा में खाद बिक्री केंद्र( डबल लाख) शीघ्र खोलने की प्रशासन के सामने मांग रखने हेतु कहा।तहसील मंत्री आशीष पटेल ने विद्युत मंडल द्वारा की जा रही अनियमितताएं ट्रांसफार्मर जलना ,लाइन का रखरखाव आदि पर अपने विचार रखें।श्री अशोक पटेल सहमंत्री ने मक्का की खरीदी भी समर्थन मूल्य में की मांग शासन के सामने रखने हेतु कहा। पटेरा तहसील कार्यसमिति सदस्य एवं जल आयम प्रभारी श्री राजेश पटेल ने केन-बेतवा लिंक परियोजना से सिंचाई हेतु पटेरा तहसील के सभी ग्राम एवं किसानों को जोड़ने हेतु कहा। तहसील बैठक मे श्री जाहरसीग, श्री सुनील यादव, श्री भगवत प्रसाद मिश्रा , बबलू पटेल एवं भारी संख्या में किसान भाईयों की उपस्थिति रही।

# वर्षो से लम्बित माँग कुछ तो हुई पूरी नवागत डा. मनीष चौहान ने सम्भाला पदभार

**देनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो देवीलाल कुशवाह राजगढ़ 9630152532**



संडावता - विगत वर्षो से संडावता प्राथमिक स्वस्थ केंद्र के चालू होने की मांग समय समय पर हमारे शेत्र के बहु पृतिषित माँग प्रदेश मै जिसकी भी सरकार रही समय समय पर जन हित का मुद्धा उठाते रहे है साथ ही हमारे साथीयों पत्रकारों मीडिया जगत द्वारा मुद्दा को जन हित मै उठाया जा रहा था एवं भाजपा संगठन के वरीष्ठ नेतृत्व के प्रयास के चलते प्रदेश सरकार के मंत्री गौतम टेंटवाल के निर्देशन मै गुरुवार वरीष्ठ जन प्रतिनिधियो ने नवागत डा. मनीष चौहाँन से मिलकर अस्पताल मै पहुँच कर लोकसभा चुनाव प्रभारी निर्मल जेन की उपस्थिति मै स्वागत् कर उनसे अस्पताल से सम्बन्धित भौतिक प्लान को समझ कर हमारे जन प्रतिन्धियो तत्काल फोन पर सम्बन्धित अधिकारियों से बात कर पद स्वीकृति की और कार्यवाही हेतु बात की है उस पर उन्होंने कह की जल्द सभी पद की पूर्ति की माँग उच्च इस्थर पर जन प्रतिन्धियो के सहयोग से पूर्ण कर ली जायेगी

# संभाग कमिश्नर डॉ.रावत ने प्रभारी नायब तहसीलदार को किया निलंबित

**दैनिक केशरिया हिंदुस्तान**
**संभागीय ब्यूरो चीफ-पुरषोत्तम साहू**

*दमोह/पटेरा- राजस्व महाभियान-2 के अन्तर्गत दिनांक 24 जुलाई को संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत के द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार मण्डल कुम्हारी तहसील पटेरा जिला दमोह के आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के प्रकरणों में अत्याधिक बिलम्ब, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन एव राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा पर निराकरण न करना एवं अन्य अनियमिततायें पायी गई। श्री राजेश कुमार सोनी प्रभारी नायब तहसीलदार का उक्त कृत्य अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता का द्योतक होकर म0प्र0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम का उल्लघंन है। अतएव श्री सोनी को म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से संभाग कमिश्नर डॉक्टर वीरेंद्र सिंह रावत के द्वारा निलंबित किया गया है।*

# अवेध खनन करते एक जे सी बी चार ट्रैकटर जाबाज नायब थहसिलदार ने किए जप्त



**देनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो देवीलाल कुशवाह राजगढ़ 9630152532**

संडावता- छपीहैडा थाना अंतर्गत संडावता टप्पा मै पदस्ट नायब तहसिलदार सुरेश सिंह द्वारा संडावता षेत्र मै अवेध उतखनन करते एक जे सी बी मशीन सहित चार ट्रैकटर ग्रिफ्तार कर कार्यवाही की जा रही आपको बता दे षेत्र मै बहुत दिनों से अवेध उतखनन जारी था जिसे देखते प्रशासन ने षेत्र की अभी तक की सबसे बड़ी कार्य वाही की है समाचार लिखे जाने तक कारवाही जारी थी।अवेध खनन करते एक जे सी बी चार ट्रैकटर जाबाज नायब थसिलदार ने किए जप्त

## भालूमाड़ा पुलिस का बज रहा सायरन, घरों के टूट रहे ताले..!सट्टा कबाड़ रेत माफिया बेखौफ?

# बगडुमरा में हुई हत्या के मामले में भी जांच का कोई अता पता नही, कुंडी मारकर बैठे थाना प्रभारी साहब आखिर कब अपराध पर लगेगा लगाम

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो विनोद कुमार पांडे अनूपपुर /कोतमा**

अनूपपुर जिले के भालूमाडा थाने मे जब से थाना प्रभारी राकेश उईके ने पदभार संभाला तब से अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है कबाड़ चोरी, रेता चोरी, घरों पर ताला टूटना हम बात हो गई है ऐसा लगता है जैसे थाना प्रभारी का थाने में अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण भाव नहीं दिख रहा है तभी तो थाना प्रभारी ज्यादातर थाने से नदारद रहते थे जिसके प्रमाण थाने मे लगी तीसरी आंख मे मौजूद है, बंगले मे बैठकर थाना चलाया जा रहा था जिसको लेकर सोशल मीडिया मे खबर चलने के बाद विगत कुछ दिनो से थाना प्रभारी राकेश उईके सो कर जागे और कुछ दिनो से थाने मे समय व्यतीत करने लगे किंतु खाकी का खौफ अपराधियो मे नही रहा वही स्थानीय पुलिस की सेटिंग से बगडुमरा नाला,पसान घाट, देवराज बाबा,केवई नदी के घाटो से रेत माफिया दिन रात रेत उत्खनन एवं परिवहन कर रहे है पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी कारण मात्र रेत माफियाओ से सेटिंग, जुआ सट्टा,कबाड पर पुलिस का नही कोई नियंत्रण, तो वही गली नुक्कड चौराहो पर खुलेआम बिक रही गांजे की पुडिया पर थाना प्रभारी को कहा कोई खबर वही जगह जगह पान ठेलो मे सट्टा पर्ची के जरिए एक का अस्सी का खेल खुलेआम संचालित है किंतु चिन्हित सटोरियो पर पुलिस का आशीर्वाद बना हुआ है जिस कारण पुलिस इन पर दबिश देकर कार्यवाही करने की




बजाय खानापूर्ति का खेल करती है जब खाकी का ही अपराधियो का संरक्षण मिलने लगे तो ऐसे मे अपराध की घटनाओ मे इजाफा होना लाजिमी है।

**थाना प्रभारी की निष्क्रियता से चोरो का आतंक** -भालूमाडा थाना क्षेत्र मे ताज्जुब की बात यह है कि भालूमाडा पुलिस कागजो पर रात्रिकालीन गश्त तो करती है किंतु क्या कारण है कि घरो पर हो रही चोरियो को रोकने मे पूरी तरह नाकाम है भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह के घर पर आधी रात चोरो ने धावा बोलकर सोने चांदी के लाखो रूपए कीमत के आभूषण समेत दस्तावेज मई मे चोरी हुए जिसकी शिकायत राजेश सिंह द्वारा थाने मे की गयी जिस पर अपराध तो पंजीबध्द कर लिया गया जिस मामले मे एसडीओपी थाना प्रभारी द्वारा चोरी के बाद मौके का निरीक्षण किया और फरियादी को आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द चोरो की धरपकड कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा किंतु जांच अधिकारी की जांच कागजो पर सिमट कर रह गयी है और दो माह बीत जाने के बाद भी चोरी का खुलासा नही हो सका जिससे पुलिस चोरी के मामलो मे कार्यवाही को लेकर कितना ढुलमुल रवैया अपनाई है।

**नही थम रही चोरी की वारदात** -भालूमाडा थाना अंतर्गत 23 जुलाई की दरमियानी रात ग्राम भाद निवासी मुरलीधर पाठक पिता लल्लू प्रसाद पाठक के सूने घर मे अज्ञात चोरो ने ताला तोडकर लाखो रूपये कीमती सोने चांदी के आभूषण एवं पचास हजार नगदी सहित नए कपडे चोरी करके रफू चक्कर हो गये सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मुरलीधर पाठक को अटैक आने के कारण गंभीर अवस्था मे उपचार के लिए रीवा 23 जुलाई को पति पत्नी गये थे इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरो ने धावा बोला और उनके खून पसीने की जीवन भर की कमाई लेकर चोर नौ दो ग्यारह हो गये जिसकी शिकायत मुरली पाठक के भतीजे द्वारा थाने में दी गयी किंतु उस पर भी पुलिस का लचीलापन देखने को मिल रहा है शिकायतकर्ता द्वारा चोरी की प्राथमिक सूचना लिखित रूप से देने गए तो उन्हें आवेदन की रिसीविंग थाने द्वारा नहीं दी गई और कहां गया की रिसीविंग की जरूरत नहीं मामले में सीधे अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा। ऐसे ही चोर पुलिस की लुका छुपी का खेल चलता रहा तो कैसे लगेगी चोरी का वारदात पर लगाम।

**इनका कहना है**-फरियादी की शिकायत पर मामला पंजीकृत किया जाएगा मैं तत्काल थाना पभारी को आदेशित करता हूं पीडित को अभी थाने भेजों, रही बात भाजपा जिला मीडिया प्रभारी के घर पर हुई चोरी के मामले में जल्द खुलासा होगा, जांच चल रही है।

**जितेंद्र पवार**
**पुलिस अधीक्षक अनूपपुर**

***इनका कहना है**
**अभी बाहर हूँ इस विषय पर बाद में बात करेंगे।**
**वीरेन्द्र प्रताप सिंह**
**एसडीओपी कोतमा**

# मोजर बेयर का अस्क भर ओवरलोड ट्रक पीएम सड़क की उड़ा रहा धज्जियां

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद कुमार पांडे अनूपपुर /कोतमा**

गांव को सड़क से जोड़ने वाली प्रधानमंत्री सड़क की योजना तात्कालिक प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई की स्वर्णिम योजनाओं में एक रही इस योजना से शहर से लेकर गांव तक विकास की रफ्तार में काफी तेजी देखने को मिली।

**कोतमा निगवानी रोड हो रहा चौपट**-जिले की जैतहरी तहसील में स्थित एम बी पावर प्लांट से निकलने वाले अस्क को कोतमा निगमानी मुख्य मार्ग से लगभग 12 से 15 किलोमीटर दूर उरतान के पास दिलीप बिल्डकॉन द्वारा लगाएं क्रेशर मशीन से हुए गड्ढे में तब्दील जमीन को भरने का काम किया जा रहा है ।

**ओवरलोड ट्रक सड़क की उड़ा रहे धज्जियां**-प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनाए जाने वाली सड़कों की भार क्षमता 30 टन की होती है किंतु पावर प्लांट से निकलने वाले आस्क को ट्रांसपोर्टों द्वारा 40 से





45 टन ओवरलोड कर ट्रांसपोर्टिंग किया जाता है जिसे बरसात के दिनों में सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है और बड़ी दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रही है।

**क्या है नियम**-प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली सड़कों का मेंटेनेंस 5 साल तक बनाने वाली कंपनी का होता है कंपनी के प्रबंधक से बात करने पर बताया कि हमने टेंडर लेने से पहले शासन के बताए अनुसार भार क्षमता 30 टन जो 100 म के डीबीएम से क्लस्टर किया गया था तथा ब्रांडिंग क्लस्टर 42.5 एमएम का किया गया जिस पर दिन भर में 4 से 6 गाड़ी निकालने की क्षमता आज की गई थी किंतु आज के डेट मैं मोजर बेयर पावर प्लांट से निकलने वाले डस्ट को पावर प्लांट से इसी रोड के माध्यम से लाया जा रहा है जिसके कारण सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से जिम्मेदार है।

## नगर पंचायत कोरांव में हिन्दू बच्ची के साथ चार दिन पूर्व हुए सामुहिक दुष्कर्म मामले में सख्त कार्यवाही की मांग



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव**

प्रयागराज। यमुनापार के कोरांव क्षेत्र में लगातार बढ़ रहें लव-जेहाद के बीच नगर पंचायत कोरांव में हिन्दू बच्ची के साथ चार दिन पूर्व हुए सामुहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस प्रशासन के लापरवाही पूर्ण रवैया द्धारा उचित कार्यवाही ना होने के कारण हिन्दू समाज में व्याप्त भारी आक्रोश को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाईयों एवं जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने कोरांव उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह से मिलकर सख्त कार्रवाई की मांग की।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने इंस्पेक्टर कोरांव नितेंद्र शुक्ला को तलब कर दो नामजद को जेल भेजने के बाद अन्य अज्ञात आरोपितों की पहचान कर सखूत कार्यवाही हेतू निर्देशित किया। जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने अज्ञात आरोपितों पर कार्यवाही, घटना में प्रयुक्त वाहन के साथ घटना का खुलासा करने, कांशीराम आवास योजना

## मप्र के भोपाल व सागर संभागों के जिलों का कुल 1221 किलोग्राम गांजे का विनष्टीकरण, डीआईजी सागर सुनील कुमार जैन, छतरपुर डीआईजी श्री शाक्यवार व दमोह-पन्ना- छतरपुर पुलिस अधीक्षक रहे विशेष रूप मौजूद

दमोह. . राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिले की नरसिंहगढ़ माइसेम सीमेन्ट फैक्ट्री में बुधवार को सागर और भोपाल संभाग का कुल मादक पदार्थ 182+289+750 किलोग्राम गांजा विनष्टीकरण की कार्यवाही हुई.जिसमें भोपाल संभाग के विभिन्न थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारी गण और सागर संभाग के सागर डीआईजी सुनील कुमार जैन, छतरपुर डीआईजी ललित शाक्यवार, एसपी छतरपुर अगम जैन, एसपी दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी, एसपी पन्ना कृष्णा एस थोटा, सीएसपी दमोह अभिषेक तिवारी, चौकी प्रभारी प्रशीता कुर्मी के अलावा और भी पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में गांजा विनष्टीकरण किया गया. इसमें विशेष रूप से बताया गया कि भोपाल संभाग के विभिन्न थानों का कुल गांजा 750 किलो ग्राम के अलावा सागर संभाग के सागर और दमोह जिले के विभिन्न थानों का कुल 289 किलोग्राम तथा टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर और पन्ना जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र का कुल 182 किलोग्राम गांजा को विनष्टीकरण किया गया है.

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सदर ने धरनास्थल पर पहुँकर लिया दिवंगत शिक्षा मित्रों को श्रद्धांजलि दे सरकारी नीतियों को कोसा शिक्षामित्रों ने 25 जुलाई को बताया काला दिवस, शिक्षक संगठनों ने किया प्रतिभाग




मथुरा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के बैनर तले जनपद के सैकड़ो शिक्षा मित्रों ने अपनी मांगों के लिए धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया।इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद दिवंगत हुए शिक्षा मित्रों को श्रद्धांजलि देते हुए 25 जुलाई को इतिहास में काला दिवस बताया। प्रदर्शन को शिक्षक, शिक्षा मित्रों व अनुदेशक संगठनों के संयुक्त मोर्चा का भरपूर समर्थन मिला और सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।धरने को सम्बोधित करते हुए शिक्षामित्र संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चौधरी ने कहा कि शिक्षा मित्र पिछले 23 वर्षों से अपनी मांगों व अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं लेकिन सरकार उदासीन बनी हुई है। इसी सरकारी उदासीनता ओर संवेदनहीनता के चलते शिक्षक पद पर नियुक्ति निरस्त होने के बाद प्रदेश में अब तक लगभग 10 हजार से अधिक शिक्षा मित्रों की मौतें हो चुकी है। उन

## पौधारोपण के दौरान महापौर विनोद अग्रवाल उपसभापति मुकेश सारस्वत सम्मानित व्यक्ति

### वृंदावन में मेयर के साथ बड़े पैमाने पर लोगो ने किया पौधारोपण



**मथुरा से नीरज चतुर्वेदी**

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। वृन्दावन में कर्तव्य पथ फाउंडेशन द्वारा वार्ड 51 कैलाश नगर के गोधुलिपुरम क्षेत्र में बनाये जा रहे कदंब पथ पर दोनों तरफ ट्री गार्ड सहित कदंब के पौधे लगाये गये जिसमें मुख्य अतिथि रहे मथुरा वृन्दावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि उपसभापति मुकेश सारस्वत ने क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों के साथ पौधरोपण किया।इस अवसर पर महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देश भर में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान बहुत तेजी से चल रहा है और इसमें अब नौजवान भी जुड़ रहे हैं व कर्तव्य पथ टीम का इस पुनीत कार्य के लिए बहुत बहुत आभार। उपसभापति मुकेश सारस्वत ने कहा कि समय समय पर इनका संरक्षण भी जरुरी और यह संस्था इसमें अहम भूमिका देने योग्य है । इस कार्य को कर रहे संस्थापक अध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा हमारा लक्ष्य अमृत काल खण्ड में देश के युवाओं को अपने समाज

## सीतामऊ पुलिस द्वारा दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे से हो रही अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा की तस्करी पर की गई प्रभावी कार्यवाही

### क्रेटा कार से जप्त 249 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा

**हार्दिक हड़पावत ब्यूरो जिला मंदसौर**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र**

पुलिस अधीक्षक मंदसौर अनुराग सुजानिया के द्वारा समस्त थाना प्रभारी को अवैध मादक पदार्थ का परिवहन / भंडारण एवं विक्रय पर रोकथाम करने हेतु एवं ऐसे व्यक्तियो के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे जो दिनांक 25.07.2024 को मूखबिर सूचना पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ हेमलता कुरील के नेतृत्व मे एसडीओपी सीतामऊ निकिता सिंह , थाना प्रभारी सीतामऊ निरी. मोहन मालवीय के द्वारा पुलिस चौकी साताखेड़ी पर पदस्थ उनि शुभम व्यास को पुलिस बल के साथ आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशीत किया गया तथा कार्यवाही करते हुऐ गठित टीम द्वारा आरोपी संजय कुमार पिता विरबलराम विश्नोई उम्र 24 साल निवासी हिम्मत की ढाणी रावतनगर सिरमण्डी थाना औसिया जिला जौधपुर राजस्थान के कब्जे वाली बिना नम्बर की सफेद




क्रेटा कार से प्लास्टिक के 10 काले रंग के कट्टो मे भरा कुल 249 किलोग्राम डोडाचुरा किमती 498000 रूपये की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की , आरोपी संजय विश्नोई से डोडाचुरा के स्त्रोत के संबंध मे पुछताछ करते आरोपी के द्वारा सुनिल पिता रामेश्वर भाटी निवासी ग्राम खेड़ा थाना सीतामऊ से लेकर आना बताया जिस पर से प्रकरण मे आरोपी सुनिल भाटी को भी गिरफ्तार किया गया तथा थाना वापसी पर आरोपीयो के विरूद्ध अपराध क्रमांक 427/24 धारा 8/15 एन डी पी एस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया व आरोपीयो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया । आरोपीयो से अवैध मादक पदार्थ के अन्य तस्करो के संबंध मे विस्तृत पुछताछ की जा रही है । जप्त मशरुका 249 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा किमती 498000 रूपये ।सफेद रंग की बिना नम्बर की क्रेटा कार किमती 10 लाख रुपये।

## कारी के गाँव केरवा की ओर जाने वाली सडक ध्वस्त

### आवागवन बाधित,मुसीबत में ग्रामवासी



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली/जनपद पंचायत देवसर के ग्राम पंचायत कारी में केरवा की ओर जाने वाली सड़क की हालत इन दिनों ध्वस्त हो गई है,जबकि गांव के सैकड़ों बच्चे इसी सड़क से स्कूल जाते हैं और आम जनता को कहीं आना जाना भी अब बेहद मुश्किल हो गया है। अगर किसी गंभीर बिमारियों से पीड़ति मरीजों को एंबुलेंस जैसी कोई सुविधा चाहिए होगी तो वो उन्हें कैसे मिलेगी जब सड़क ही नहीं है इस रास्ते से गुजरना पड़े तो कुछ भी अनहोनी हो सकती है.ग्राम वासियों ने बताया कि केरवा गाँव मे जाने वाली रोड आज वर्तमान समय में काफी भयावह व जर्जर हालत में है। जहां इस रोड से आम जनता के साथ साथ स्थानीय लगभग 80 से 100 परिवार रहते हैं।ग्रामवासियो को कहीं आने जाने के लिए मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं अब आवागमन भी बाधीत हो गया है।बता दें कि अगर कोई ग्रामवासी या आमजनता इस रोड से कहीं गुजरते आते-जाते भी है तो ना जाने कितनी बार गिरते है। यह केरवा गाँव आदिवासी बाहुल्य है जहां बहुतायत मात्रा में आदिवासी समाज के लोग निवासरत हैं वहीं ग्रामवासी का कहना है की पिछले कई सालो से चुनाव के समय इस क्षेत्र के कुछ जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस रोड को बनाने के लिए वादा तो किया जाता है लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद अपने किए गए सभी वादा भुल जाते है।जहां इस रोड को सही तरीके से बनवाने के लिए सैकड़ो परिवार ने अपने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों से मांग की,लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद आज भी कोई सुनवाई नही हुई ।ग्राम वासियों ने जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से मांग कि है कि इस रोड को बनवाने का कष्ट करें जिससे ग्रामीणों का जीवन सुगम हो सके

## अच्छी पैदावार के लिये कीटो से फसल की करे सुरक्षा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर । जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिवशंकर ने बताया कि किसान भाईयों, जैसा कि आप सभी अवगत है कि जनपद मे खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान है। जनपद में इसकी खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। बुवाई रोपाई के बाद फसल सुरक्षा हेतु फसल की देखभाल करना अति आवश्यक है। दीमक कीट सफेद मटमैले रंग का बहुभक्षी कीट है, जो कालोनी बनाकर मृदा के अन्दर रहते है। दीमक का प्रकोप मुख्यतः बलुई दोमट मृदा एवं सूखे की स्थिति मे अधिक होता है तथा यह पौधों की जड़ों को खाकर फसल को नुकसान पहुँचाते है, जिससे प्रभावित पौधें अनियमित आकार में कुतरे हुए दिखाई देते है।नियंत्रण-क्लोरपाइरीफॉस 20 प्रतिशत ई0सी0 2.5 लीटर अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस0एल0 350 मि0ली0 मात्रा को 500 लीटर पानी मे घोल बनाकर प्रति हेक्टयर की दर से प्रयोग करें।जड की सूंडी-इस कीट की गिडार उबले हुए चावल के समान सफेद रंग की होती है तथा सूड़ियॉ जड के मध्य में रहकर पौधों की जडों को हानि पहुंचाती हैं, जिससे पौधे पीले हो कर सूखने लगते है।नयंत्रण-क्लोरपाइरीफॉस 20 प्रतिशत ई0सी0 2.5 लीटर अथवा फिप्रोनिल 0.3 प्रतिशत जी0आर0 20 किलोग्राम मात्रा अथवा कारटाप हाइड्रोक्लोराइड 4 जी0 18 किलोग्राम मात्रा प्रति हेक्टयर की दर से 3-5 सेण्टीमीटर खेत में स्थिर पानी में बुरकाव करें। पत्ती लपेटक-इस कीट की सूडियां पीले, हरे रंग के शरीर तथा गहरे भूरे रंग के सिर वाली 2-2.5 सेमी लम्बी होती हैं। यह पत्तियों के दोनों किनारों को आपस में जोड़कर जालीनुमा रचना बनाती है एवं उसी के अन्दर रह कर पत्ती के हरे भाग को खुरच कर खाती है जिससे पौधे सूखने लगते है।नियंत्रण-कारटाप हाइडोक्लोराइड़ 4 जी0 18 किलोग्राम प्रति हे0 की दर से 3.5 सेमी0 स्थिर पानी की अवस्था में प्रयोग करें, अथवा क्लोरपाइरीफास 20 प्रतिशत ई0सी0 1.5 लीटर अथवा ट्राइजोफास 40 प्रतिशत ई0सी0 1.25 लीटर अथवा क्यूनालफॉस 25 प्रतिशत ई0सी0 1.5 लीटर मात्रा को 500 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टयर की दर से प्रयोग करें।तना बेधक-इस कीट की सूड़ियां हल्के पीले रंग की होती है तथा मादा कीट पत्तियों पर समूह में अण्डे देती है अण्डों से सूड़ियों निकलकर तनों मे घुसकर मुख्य तनो को काट देती हैं, जिससे तना सूख जाता है, जिसे डेड हर्ट कहते है। नियंत्रण - क्लोरपाइरीफॉस 20 प्रतिशत ई0सी0 1.5 ली0 अथवा क्यूनालफॉस 25 प्रतिशत ई0सी0 1.5 ली0 अथवा ट्राएजोफास 40 ई0सी0 1.25 ली0 को 500-600 ली0 पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें, अथवा कारटाप हाइड्रोक्लोराइड 4 जी 18 किग्रा 3-3.5 सेंटीमीटर स्थिर पानी मे प्रति हेक्टयर की दर से बुरकाव करें अथवा बाईफेन्थ्रिन 10 प्रतिशत ई0सी0 500 मिलीटर मात्रा को 500 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें।5-शीथ ब्लाइट-यह फफूंद जनित रोग हैं, जो कि राइजोक्टोनिया सोलेनाई के द्वारा होता है, इस रोग का संक्रमण नर्सरी से ही दिखना आरम्भ हो जाता है तथा इस रोग में पौधे नीचे से सडना शुरू हो जाते है एवं पौधे के किनारे पर गहरा भूरा व बीच का भाग हल्के रंग का हो जाता है। खेतों में यह रोग माह अगस्त एवं सितम्बर में अधिक प्रभावी हो जाता है। संक्रमित पौधों में बालियॉ कम निकलने के साथ ही साथ दाने नहीं बनते हैं।नियंत्रण-कार्बेण्डाजिम 50 प्रतिशत डब्लू0पी0 1 ग्राम प्रति लीटर अथवा प्रोपीकोनाजोल 25 प्रतिशत ई0सी0 की 1 मिली लीटर मात्रा को प्रति लीटर पानी अथवा थायोफिनेट मिथाइल 70 प्रतिशत डब्लू0पी0 की 1 किलोग्राम मात्रा प्रति हेक्टयर अथवा हेक्साकोनाजाल 5 प्रतिशत ई0सी0 की 1 लीटर मात्रा को 500 लीटर पानी में घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करें।6-खैरा रोग-धान की फसल में यह बीमारी जस्ता की कमी के कारण होती है, इस रोग के लगने पर पौधे के निचली पत्तियां पीली पड़ना शुरू हो जाती है, तथा बाद में पत्तियों पर कत्थई रंग के धब्बे उभरने लगते है, जिससे पत्तियां पीली पड़ कर सूखने लगती है एवं पौघों की बड़वार रूक जाती है।नियंत्रण-खैरा रोग से बचाव हेतु धान की फसल में 05 किलोग्राम जिंक सल्फेट व 20 किलोग्राम यूरिया अथवा 2.5 किलोग्राम बूझे हुए चूने को 1000 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टयर की दर से फसल मे छिड़काव करें।

## राजस्व अभियान को लेकर कलेक्टर ने महेश्वर में ली पटवारियों की बैठक



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए 18 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक राजस्व महा अभियान-02 चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने 24 जुलाई को महेश्वर पटवारियों की बैठक लेकर उन्हें राजस्व अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यो एवं समय-सीमा की जानकारी दी और निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी सभी प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने पटवारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस अभियान में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जो कोई भी पटवारी अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही करता पाया जाएगा उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एसडीएम श्री अनिल जैन, महेश्वर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार एवं पटवारी उपस्थित थे।

## मिट्टी पटाई के नाम पर हो रहे बहुत बड़े घोटाले

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

*रामपुर मथुरा सीतापुर। तेज तर्रार जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के द्वारा महमूदाबाद विकासखंड में भ्रष्टाचार में लिप्त कई अधिकारी , कर्मचारी व प्रधानों पर भी कार्यवाही की है उसके बावजूद भी भ्रष्टाचारी अपनी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं ला रहे हैं । ग्राम पंचायत धमौडा का मामला है जहां पर ग्राम प्रधान रमेश वर्मा के द्वारा साधन सहकारी समिति तथा पंचायत भवन जो पास ही में है । में मिट्टी पटाई का कार्य लगभग 4 महीने पूर्व किया था ग्रामीण मेवालाल ग्राम पंचायत सदस्य विद्यासागर ,रामगोपाल ,जयशंकर ,लवकुश, सुशील ने बताया की पंचायत भवन व साधन सहकारी समिति के सामने प्रधान के द्वारा लगभग चार माह पूर्व 100 ट्राली मिट्टी डलवाई गई थी। जो व्यक्ति पर्ची देकर ट्रैक्टर ट्राली की काउंटिंग कर रहा था वह व्यक्ति ग्रामीणों को बताया था जो ग्राम पंचायत चंदौली के शिवराज के ट्रैक्टर ट्राली व मिट्टी खोदने वाली मशीन से ठेके पर डलवाई गई थी जिसको सुजातपुर के प्रमोद के द्वारा ट्रेक्टर--डोलो से बराबर करवाया गया था। प्रधान व सेक्रेटरी के द्वारा फर्जी लेबर तथा फर्जी नाम दिखाकर लगभग 3,00000 रूपये ( तीन लाख रूपये) का भुगतान प्रधान अपने सगे संबंधियों के नाम निकलवा कर जमकर घोटाला किया गया है ।वही आर आर सेंटर में भी मिट्टी पटाई के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान फर्जी तरीके से कुछ लोगों के नाम निकालकर बंदर बांट किया गया है। जो जांच का विषय है...ड़ इस संबंध में खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार से बात की गई तो बताया मुझे जानकारी नहीं है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।*

## मनरेगा कार्यो में बुधनापुर मे भरी गई फर्जी हाजिरी।

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

बिसवां सीतापुर- मनरेगा.मे लगातार जिम्मेदार फर्जी हाजिरी भर रहे है ।कार्य स्थल पर कोई मजदूर काम करते हुए नही मिल रहा है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मे जमकर बंदर बाट हो रहा है। मजदूर काम की तलाश मे शहरों का रुख कर रहे है। लेकिन मनरेगा साइड पर यदि देखा जाय तो विकास खंड बिसवां मे प्रतिदिन सैकड़ो मनरेगा मजदूर काम पर उपस्थित होकर रोजगार पा रहे है गांवो का चहुमुखी विकास जिम्मेदार कर रहे है। लेकिन धरातल पर कोई काम होता हुआ नही दिख रहा है ।सोमवार ,गुरूवर को बिसवां विकास खंड की ग्राम पंचायत बुधनापुर मे पचघरा मुख्य खड़ंजा से शिव पार्वती मंदिर तक मिट्टी पटाई कार्य करते हुए 24 मनरेगा मजदूरों को. आन लाइन हाजिरी मे कार्य करते हुए दिखाया गया।लेकिन जिम्मेदारों द्वारा जिस रास्ते पर कार्य करते हुए दिखाया गया। वहाँ वर्तमान समय मे पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों ने कहा दो माह पहले सात से आठ मजदूर लगभग एक सप्ताह तक कार्य किये थे । वही बिसवां ब्लाक की ग्राम पंचायत बुधनपुर के ग्रामीणों ने कहा आज कल सब बंद है कोई काम यहाँ नही हो रहा। लेकिन महात्मा गांधी मनरेगा साइड पर दर्जनों मजदूर काम कर अपनी जीविका के लिए काम कर रहे है। जिससे सरकार और जिले के जिम्मेदार भी खुश की गावो मे लोग रोजगार पाकर अच्छे तरह से अपने परिवार का भरण पोषण कर पा रहे है। लेकिन यह सब कागज पर काम दिखाकर पंचायतो के जिम्मेदार शासकीय धन हड़प लेने का खेल लगातार खेल रहे है मजदूर बेबस अपनी बेबसी और परिवार के भरण पोषण के लिए शहर और गांव मे दूसरे के खेतो मे मजदूरी कर अपना और अपने परिवार के पेट की आग शांति करने के संघर्ष कर रहा है।अब सवाल यह है कि आखिर इस आन लाइन फर्जी हाजिरी पर कौन रोक लगाएगा और कागज के बजाय हकीकत मे मनरेगा मजदूरों को रोजगार कब और कैसे मिलेगा जिससे उन्हे भी दो जून की रोटी के लिए आसानी होगी।बोले पंचायत सचिव- अभय प्रताप सिंह ने कहा काम हो रहा है फिर कहा काम पहले ही हो चुका है। हमारी पंचायतो मे बहुत सारे काम हुए है। काम तो लगातार हो रहा था। जिन् मजदूरों ने काम किया है क्या उनको पैसा न दू। चुनाव के दौरान आचार संहिता और एम आई एस मे समस्या के करण हाजिरी नही लग पाती। इसलिए आगे पीछे कर लिया जाता है। बाकी जो करना है करिये,बहस न करिये हमसे।